kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-199 ❐ शनिवार, 23 अगस्त 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



यदि आप एक समुदाय की परम्पराओं का सम्मान नहीं कर सकते, तो आपको दूसरे से इसकी उम्मीद करने का कोई अधिकार नहीं है।
मोहसिन रज़ा

कोलकाता में मोदी ने मेट्रो की सवारी कर बच्चों और श्रमिकों से की बातचीत 11

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री खट्टर से की भेंट 12

प्रधानमंत्री ने बोधगया से 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# घुसपैठियों को बिहार के लोगों का हक छिनने नहीं देंगे: मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के गयाजी में राजनीतिक रैली को संबोधित किया। इसमें उन्होंने राज्य के सीमावर्ती इलाकों में बदल रही जनसांख्यिकी का मुद्दा उठाया और इस संबंध में कंग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वाम दलों पर वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह दल बिहार के लोगों का अधिकार घुसपैठियों को देना चाहते हैं। हम, घुसपैठियों को लोगों के अधिकारों पर डाका डालने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री ने बिहार के गयाजी से 13 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान लाल किले के अपने भाषण में घुसपैठ की समस्या के समाधान के लिए बनाए जा रहे डेमोग्राफिक मिशन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से चुन-चुनकर सभी घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाएगा। हम घुसपैठियों को लोगों के अधिकारों पर डाका डालने नहीं देंगे।

प्रधानमंत्री ने संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक का उल्लेख कर कहा कि अब भ्रष्टाचार करने वाला जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी। इससे जमानत पर बाहर घूमने वाले नेता चिंतित है और उनके दल इसका विरोध कर रहे हैं।



राहत

❐ शिलान्यास, गृह प्रवेश एवं फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

❐ पहले की सरकारों ने बिहार में कोई काम नहीं किया था। 24 नवम्बर 2005 को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार आई तो विकास का काम शुरू हुआ।

### केंद्र की ओर से बिहार को मिला पूरा सहयोग : नीतीश कुमार

गयाजी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की ओर से बिहार को 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सौगात मिलने पर खुशी जताई। गयाजी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने गयाजी में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गयाजी में अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से बिहार को पूरा सहयोग मिल रहा है।इस साल के बजट में भी बिहार को स्पेशल पकेज मिला है। बिहार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी भी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में बहुत ज्यादा काम कर दिया है। ● शेष पेज 11 पर

उन्होंने कहा, एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐसा कानून लाई है, जिसके दायरे में देश का प्रधानमंत्री भी आता है। इस कानून में मुख्यमंत्री और मंत्री भी शामिल किए गए हैं। इस कानून के बनने के बाद अगर कोई मुख्यमंत्री, मंत्री या प्रधानमंत्री गिरफ्तार होता है तो उसे 30 दिन के भीतर जमानत लेनी होगी और अगर जमानत नहीं मिली तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी पड़ेगी।ङ्क

उन्होंने कहा कि संविधान हमसे ईमानदारी और पादर्शिता की मांग करता है। हम इसे तार-तार होते नहीं देख सकते। पिछले 11 वर्षों की सरकार में एक भी भ्रष्टाचार का मामला सामने नहीं आया है। जबकि आज़ादी के बाद कंग्रेस की सरकारें जो 60ऽ65 साल तक सत्ता में रहीं, उनके भ्रष्टाचारों की एक लंबी सूची है।

विधेयक का विरोध कर रही कंग्रेस, लेफ्ट और राजद पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूछा कि इनके नेताओं के ऐसे रवैये से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई कैसे मजबूत होगी। 50 घंटे जेल में रहने पर एक अफसर सेवा से स्वतः निलंबित हो जाता है लेकिन मंत्री जेल में बैठकर फाइलें साइन करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती पर लिया गया हर संकल्प कभी खाली नहीं जाता। इसी धरती से लिया संकल्प ● शेष पेज 11 पर

# राजग शासित राज्यों में अल्पसंख्यक और उनके संस्थान पूरी तरह सुरक्षित : शाह

एजेंसी

कोच्चि। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया कि देश के सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय और उनके संस्थान पूरी तरह से सुरक्षित हैं। शुक्रवार को केरल के कोच्चि में कंदाथिल परिवार की ओर से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बिहार में कथित वोट चोरी और एसआईआर को लेकर कंग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

छत्तीसगढ़ में कथित धर्मांतरण में शामिल केरल की दो ईसाई ननों की गिरफ्तारी और बाद में मिली जमानत का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने देश के अल्पसंख्यकों को आश्वस्त किया कि वे ऐसी घटनाओं से आशंकित न हों। उन्होंने तथ्यों और आंकड़ों के साथ बताया कि एनडीए शासित देश के सभी राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग और उनके संस्थान ● शेष पेज 11 पर



### तमिलनाडु में अगली सरकार भाजपा गठबंधन की बनेगी : अमित शाह

नेल्लई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को तमिलनाडु के नेल्लई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बूथ समिति की बैठक में शामिल हुए और सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक)-भाजपा गठबंधन पर विस्तार से बात ● शेष पेज 11 पर

ममता के बयान पर शुभेंदु का पलटवार, कहा,

# मेट्रो परियोजनाओं में आपका योगदान शून्य

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मेट्रो परियोजनाओं को लेकर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का योगदान ''एक बड़ा शून्य'' है और बंगाल को झूठे दावों से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि और कार्यशैली से वास्तविक विकास मिल रहा है। भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब उन योजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रही हैं, जिन्हें उनके कार्यकाल में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। रेल मंत्री रहते ममता बनर्जी ने कुछ परियोजनाओं के ब्लूप्रिंट जरूर तैयार कराए थे, लेकिन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ● शेष पेज 11 पर



### दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हमला मामले में राजकोट में 5 लोगों से पूछताछ, एक को साथ ला रही पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले के मामले में दिल्ली पुलिस ने गुजरात के राजकोट में 5 लोगों से पूछताछ की है। इनमें से एक व्यक्ति तैसिन सैय्यद को पुलिस अपने साथ लेकर दिल्ली लौट रही है। तैसिन सैय्यद पर आरोप है कि उसने मुख्यमंत्री पर हमला करने वाले आरोपित राजेश सकरिया को कुछ रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके अलावा दिल्ली पुलिस उन दस लोगों की भी तलाश कर रही है जो कॉल और मैसेज के जरिए आरोपित के संपर्क में थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर बुधवार को हमला हुआ था। ये हमला उस समय हुआ जब मुख्यमंत्री जन सुनवाई कर रही थीं। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने की जेपी नड्डा से मुलाकात

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। इससे पहले राधाकृष्णन ने केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के आवास पर राजग के कई सांसदों के साथ बैठक की। इसमें भाजपा सांसद कंगना रनौत, रेखा शर्मा, किरण चौधरी और कमलजीत सहरावत शामिल थे। इस दौरान सभी सांसदों ने राधाकृष्णन का अभिनंदन किया। इसके साथ ही सीपी राधाकृष्णन ने आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की।

### संसद के मानसून सत्र का सत्रावसान

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को संसद के मानसून सत्र का सत्रावसान कर दिया। 21 अगस्त को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी। मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। इस सत्र में 32 दिनों में 21 बैठकें हुईं। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार इस दौरान 12 विधेयक लोकसभा और 15 विधेयक राज्यसभा में पारित किए गए। संसद के दोनों सदनों द्वारा कुल 15 विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा लोकसभा में एक विधेयक वापस लिया गया। उल्लेखनीय है कि सत्रावसान संसद के एक सत्र की औपचारिक समाप्ति है। यह संसद के कार्य को समाप्त करता है और संसद के नए सत्र की शुरुआत से पहले की अवधि को संदर्भित करता है, जो एक समारोह के साथ शुरू होता है। सत्रावसान के बाद संसद की कार्यवाही, विधेयक, प्रश्न और अधिकांश संसदीय कार्य समाप्त हो जाते हैं, जब तक कि नया सत्र शुरू नहीं होता।

### अकाली नेता बिक्रमजीत मजीठिया के विरूद्ध 40 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश

चंडीगढ़। आय से अधिक संपत्ति के मामले में जेल में बंद अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया के विरूद्ध पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मोहाली की अदालत में चार्जशीट फाइल कर दी है। बिक्रम मजीठिया को 25 जून को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वे न्यू नाभा जेल में बंद हैं।

# भारत की सीमा सुरक्षा के लिए सशक्त नीति महत्वपूर्ण: किरेन रिजिजू

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तर परिषद स्थित शंकर लाल हॉल में शुक्रवार को सीमा जागरण मंच (दिल्ली), मोतीलाल नेहरू कॉलेज सांध्य तथा सीआईपीएस के संयुक्त तत्वावधान में 'सीमा-पार से घुसपैठः सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवेश पर प्रभाव' विषय पर आयोजित हो रहे दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। समापन समारोह के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं सीमावर्ती क्षेत्र से आता हूं, देश में अधिकांश लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्याएं नहीं समझते हैं। भारत को वर्षों तक विदेशी आक्रांताओं की गुलामी सहनी पड़ी, पुरानी गलतियों पर ध्यान देकर अपनी नीतियों को मजबूती से सुधारना होगा। उन्होंने बताया कि 2014 से पूर्व सीमावर्ती क्षेत्र में जाने पर यह लगता था कि दूसरे देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुविधाएं तो थीं, लेकिन हमारे देश की ओर से नहीं थीं।

उन्होंने कहा कि देश के सीमावर्ती गांवों में लोगों ने सड़क, बिजली, नेटवर्क के बारे में सोचना छोड़ दिया था, 2018 में कई सुदूरवर्ती गांवों में बुनियादी सुविधाएं पहुंची। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुविधाओं तथा विकास की दृष्टि से सकारात्मक परिवर्तन आया है, पहले यह संभव नहीं था। हिंदुस्तान अब हिम्मत के साथ अपनी जमीन के आखिरी इंच तक पहुंच रहा है। रिजिजू ने कहा कि जो देश राष्ट्रीय हित से समझौता करते हैं, उनका भविष्य सुरक्षित नहीं रहता। सीमा जागरण मंच देश की सेवा में बढ़-चढ़कर कार्य करने वाला संगठन है। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, हेमवती नंदन बहुगुणा ● शेष पेज 11 पर



### संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश, सुरक्षाकर्मियों ने युवक को दबोचा

नई दिल्ली। संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लगाने की कोशिश हुई। सुरक्षाकर्मियों ने संसद भवन की सीमा दीवार के पास शुक्रवार सुबह करीब 5.50 बजे अंदर घुसने की कोशिश कर रहे एक युवक को पकड़ा। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान राम (20) के रूप में हुई है। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। वह अपना नाम भी सही तरह से बता नहीं पा रहा है। वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने का एक मामला सामने आया था। उस दौरान संसद की कार्यवाही के दौरान कुछ लड़के संसद भवन में घुस गए थे। सुरक्षा में इस बड़ी चूक को देखते हुए संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को दी गई थी। इससे पहले दिल्ली पुलिस इस जिम्मेदारी को संभाल रही थी।

# फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान की साझीदारी में स्वदेशी लड़ाकू जेट इंजन विकसित करेगा भारत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट इंजन को लेकर उहापोह के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को बड़ा खुलासा किया है कि भारत इंजन विकसित करने के लिए फ्रांस की कंपनी सफ्रान के साथ साझीदारी करेगा। उन्होंने कहा कि हमने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में भी कदम आगे बढ़ाने के साथ ही 97 एलसीए मार्क-1ए विमानों के ऑर्डर को मंजूरी दे दी गई है, जिसका मूल्य लगभग 66 हजार करोड़ रुपये है।

केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए लड़ाकू विमान खरीदने को मंजूरी दी है। इससे पहले 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर हुए थे। इस तरह 97 विमानों का ऑर्डर दिए जाने के बाद एचएएल में भारतीय वायु सेना के लिए कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए का सौदा होने के समय अनुबंध के मुताबिक 2023 से आपूर्ति शुरू होनी थी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायु सेना को मिलने थे। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर उत्पादन की गति दोगुनी करते हुए प्रति वर्ष 30 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। विमानों की आपूर्ति में देरी के कारण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की आलोचना का सामना करने के बावजूद इस विमान के लिए इंजन का मुद्दा बेचैन करने वाला है, क्योंकि लंबे इंतजार के बाद भारत को अमेरिका से अभी तक सिर्फ दो जीई-404 इंजन मिल पाए हैं और बाकी के लिए आपूर्ति का इंतजार है। हालांकि, अमेरिका ने इसी साल के अंत तक 12 और 2026 में 20 इंजनों की डिलीवरी करने का भरोसा दिया है, लेकिन ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद लड़ाकू जेट के निर्माण में तेजी लाने की योजना बनी। रक्षा मंत्रालय ने पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ लड़ाकू विमान का इंजन विकसित करने के लिए फ्रांस के साथ साझीदारी का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है। इस पर भारत ने फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के साथ भी इंजन निर्माण में साझेदारी के वार्ता शुरू की। साथ ही केंद्र सरकार ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से भारत में बनने वाले पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम को ● शेष पेज 11 पर



❐ भारत ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में भी कदम आगे बढ़ाए

# बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक बनेंगी जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएँ : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक-केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए।

अधिकारियों ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम व आंगनबाड़ी, थीम आधारित पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का पुनर्जीवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ग्रीन क्रेमेटोरियम और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आधारित ढाँचे भी स्थापित किए जाएंगे।



नगरीय

❐ जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं में गौरव पथ, स्मार्ट क्लासरूम, ईवी स्टेशन व डिजिटल सेवाएँ विकसित होंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है। उदाहरणस्वरूप, लखनऊ और गोरखपुर स्थित एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से समीपवर्ती जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को जोड़ा जा सकता है। इससे नगर पालिकाओं को सुरक्षा, निगरानी और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में आधुनिकता मिलेगी तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नगर पालिका में परियोजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर किया जाए और वित्तीय संसाधनों का आवंटन नगर निकायों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के अनुसार किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि नगर निकायों को 4 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जो उनकी जनसंख्या और कार्यदक्षता पर आधारित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को विकसित-स्मार्ट स्वरूप देने से न केवल आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगी, बल्कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी सेवाएँ भी मिलेंगी। बैठक में लखनऊ और कानपुर में 200 इलेक्ट्रिक बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मोड पर संचालित करने तथा अन्य नगरों में 650 बसों की प्रत्यक्ष खरीद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और इसके लिए आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी शीघ्र ● शेष पेज 11 पर

# केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कठुआ के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

कठुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कठुआ जिले के घाटी और जंगलोट के बागड़ा क्षेत्र का दौरा किया। यहां उन्होंने हाल ही में बादल फटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। वहीं प्रभावित परिवारों और स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी पीड़ा को साझा किया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया कि केंद्र और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन की ओर से पीड़ितों को हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की पुनर्वास और राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि उन्हें जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद मिल सके। घाटी में स्थापित राहत शिविर में डॉ. जितेंद्र सिंह ने जोड क्षेत्र के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, जहाँ हाल ही में आई आपदा में पाँच लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने विस्थापित परिवारों से बातचीत की, जानमाल के नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कठुआ के उपायुक्त को प्रभावित क्षेत्रों में सड़क संपर्क की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बागड़ा गांव का भी दौरा किया, जहाँ अचानक आई बाढ़ के कारण सड़क ढाँचे और बस्तियों को भारी नुकसान पहुँचा है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और पीडीडी के संबंधित अधिशासी अभियंताओं को प्रभावित परिवारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए आवश्यक सेवाओं को यथाशीघ्र बहाल करने हेतु निकट समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बाद में डॉ. जितेंद्र ● शेष पेज 11 पर



प्रभावित परिवारों से मिलकर पीड़ा साझा की

# जिलाधिकारी ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व आईजीआरएस की समीक्षा, लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी

**डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने, लापरवाही न बरतने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने, लापरवाही न बरतने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जिन विभागों की बी, सी और डी श्रेणी में रैंकिंग आई है, उनके अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा और अगले माह तक ए या ए प्लस श्रेणी में सुधार लाने का आदेश दिया। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में सुधार न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रतिदिन शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण समीक्षा करने, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना शिकायतकर्ता से बात किए आख्या अपलोड न की जाए।बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रमुख निर्देश इस प्रकार हैं:औद्योगिक विकासः जीएम डीआईसी को एमओयू मॉनिटरिंग में सुधार करने एवं औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराने को कहा।डिजिशक्ति योजनाः इस माह के भीतर डिजिटल डिवाइस वितरण पूरा करने के निर्देश।औषधि विक्रय लाइसेंसः ड्रग इंस्पेक्टर को स्टेरॉयड बेचने वाले मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर लाइसेंस रद्द करने का आदेश।खनन विभागः एम-चेक के माध्यम से बकाया वसूली तेजी से करने के निर्देश।रानी लक्ष्मीबाई एवं कन्या सुमंगला योजनाः जिला प्रोबेशन अधिकारी को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने का आदेश।जल जीवन मिशनः बी श्रेणी पर स्पष्टीकरण मांगा और सड़क रेस्टोरेशन की गुणवत्ता प्रमाणित होने तक हैंडओवर रोकने के निर्देश।राजस्व विभागः धारा-34, 67, 80, 116 और 24 से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश।गौ संरक्षणः मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को टास्क फोर्स की बैठक कर गौशालाओं में भूसा, चारा, पानी और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।इसके अलावा, पीडब्लूडी, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, नगर निगम और सिंचाई विभाग को सड़कों की मरम्मत, सीवर लाइन और नाले निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग व सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह सहित सभी अपर जिलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने साफ-सफाई, सड़कों व अतिक्रमण की स्थिति पर 23 अगस्त तक मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नगर क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति और अतिक्रमण पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अपर नगर मजिस्ट्रेटों को निरीक्षण कार्य के लिए नामित किया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि नामित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर 23 अगस्त 2025 की सायं तक अपनी रिपोर्ट नगर मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराएं।नामित क्षेत्रों का विवरण इस प्रकार है:अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम श्री अविनाश यादव खुल्दाबाद सब्जी मंडी, करेली से एयरपोर्ट, मुट्ठीगंज के गऊघाट से रामबाग क्षेत्र।अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय श्री प्रेम नारायण चौफटका, सम्पूर्ण सिविल लाइंस से तेलियरगंज, रामबाग, बालसन और दारागंज क्षेत्र।अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय श्री ज्ञानेन्द्र नाथ लेप्रोसी से सम्पूर्ण नैनी क्षेत्र, मामा भांजा तालाब, औद्योगिक थाना, ट्रांसपोर्ट नगर के चौफटका से मंदर मोड़ तक।अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ श्री तपन मिश्रा फाफामऊ सम्पूर्ण क्षेत्र, टिकरी शिवगढ़, सम्पूर्ण झूंसी क्षेत्र और सहसो हबूसा मोड़ क्षेत्र।जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को संबंधित नगर निगम जोनल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने और निरीक्षण के दौरान पाए गए हालात पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

# नगर निगम के लापरवाही के चलते रास्ते से जाना हुआ मुश्किल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम के पास रोड की बिजली व्यवस्था कायम रखने की भी अहम ज़िम्मेदारी है लेकिन वो अपनी ज़िम्मेदारी कितनी संजीदगी से समझता है इससे हम आप सभी वाक़िफ़ हैं क्योंकि जिसकी ज़रूरत दिन मे नही होती वहां दिन मे भी रोड लाइट जलती दिखाई देती है लेकिन जहाँ रात को ज़रूरी है वहां लाइट देने मे इनको खासी दिक्कत आती है ऐसा ही एक मामला लखनऊ के दौलतगंज क्षेत्र से आया है जहाँ प्रसिद्ध प्राचिन जगन्नाथ मंदिर भी है जिसके पास ही इकबाल नगर पड़ता है जिसमे पिछले कई दिनों से रोड लाइट खराब है जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग को दी अभी 19 अगस्त को भी इसी मामले को लेकर कंप्लेंट भी दर्ज करा दी थी लेकिन नगर निगम इस मामले को भी तवज्जो नही दे रहा बल्कि इस मार्ग से शाम के समय मंदिर मे जाने आने वाले भक्तो की भारी भीड़ भी दिखाई देती है वही रात होते ही चोरों का आतंक भी शुरू हो जाता है गली में अंधेरे के चलते चोरों का आना जाना लगा रहता है लोगों को रात मे डर भी लगता है लेकिन इन सरकारी विभाग के लोगों को अपनी जिम्मेदारी कब समझ में आएगी अब देखने वाली बात यह होगी कि इस खबर के दिखाने के बाद कब यह नींद से जागते हैं।

## दो दिन में 20.81 लाख की वसूली, 12 भवन सील



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर निगम लखनऊ ने कर बकायेदारों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए दो दिन के विशेष अभियान में 20 लाख 81 हजार रुपये से अधिक की वसूली की और 12 भवनों को सील कर दिया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर बुधवार और गुरुवार को हुई इस कार्रवाई ने कर न चुकाने वालों में हड़कंप मचा दिया है। दो दिन के अभियान के दौरान नगर निगम टीमों ने कई बड़े बकायेदारों को निशाने पर लिया। आईआईएम रोड स्थित एस.डी. पैलेस से डेढ़ लाख, सरफराजगंज निवासी आर.एम. मेहता से एक लाख, वहीं लखनवी जायका रेस्टोरेंट से डेढ़ लाख रुपये वसूले गए। कोटक महिन्द्र बैंक से दो लाख और आरएस इंटरप्राइजेज से करीब 1.71 लाख की वसूली हुई। मेसर्स प्रणय टावर्स से ही निगम को 6.51 लाख रुपये मिले। इसके अलावा ओम नगर, गंगा खेड़ा, भिलावा, संगम ग्रीन सिटी और जी.एस. पावर टूल्स समेत कई स्थानों पर कार्रवाई की गई। चन्द्रा श्रीवास्तव से 1.09 लाख, कन्हैया लाल यादव से 50 हजार, जबकि महेश सिंह और सुभाष प्रसाद से 50-50 हजार की वसूली हुई। वसूली के साथ-साथ निगम ने 12 भवनों को सील भी किया। इनमें जोन-1 स्थित एच.एन. कपूर का भवन, वी.डी. गेहर और बॉम्बे प्लाज़ा, जोन-6 में कई संपत्तियाँ, जोन-7 में जी.एस. पावर टूल्स, शिवम इंडस्ट्रीज व देश दीपक निगम, तथा जोन-8 में ब्राइट डिलेटिंग और नन्दलाल वर्मा की संपत्तियाँ शामिल हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि कर न जमा करने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि 31 अगस्त तक कर जमा कर छूट का लाभ उठाएं। आवासीय भवनों पर 10 प्रतिशत और व्यावसायिक भवनों पर 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके बाद किसी को कोई राहत नहीं मिलेगी।

## चरणजीत गांधी बनीं नगर निगम कार्यकारिणी की उपाध्यक्ष



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निगम लखनऊ की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही नगर निगम लखनऊ की नई उपाध्यक्ष का चुनाव। सर्वसम्मति से पार्षद चरणजीत गांधी को कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक की शुरुआत एक विशेष प्रस्ताव से हुई, जिसमें यह तय किया गया कि हाल ही में अंतरिक्ष यात्रा से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के लखनऊ आगमन पर नगर निगम भव्य स्वागत करेगा। इसके लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे और पूरे नगर में इस ऐतिहासिक क्षण का उत्सव मनाया जाएगा। बैठक में कार्यकारिणी के छह नए सदस्यों की भी घोषणा की गई, जिनमें अरुण कुमार राय, पिंकी रावत, राजेश सिंह, राम नरेश चौरसिया, संदीप शर्मा और पृथ्वी गुप्ता शामिल हैं। बैठक के दौरान शहर की समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इसमें स्ट्रीट लाइटों की खराब व्यवस्था सुधारने, पार्कों का रख रखाव, पिंक टॉयलेटों की स्थिति बेहतर बनाने, मृतक आश्रितों को समय पर नौकरी दिलाने, बरसात में खराब हुई सड़कों की मरम्मत, सीवर और स्वेज कंपनी के कार्यों की समीक्षा जैसे मुद्दे शामिल रहे। आने वाले त्यौहारों को देखते हुए स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और सड़कों पर पैचवर्क कराने पर भी जोर दिया गया। बैठक दोपहर 2 बजे तक चली और फिर इसे शनिवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नम्रता सिंह, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविंद कुमार राव, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, मुख्य अभियंता, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, अभियंता तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रिफा-ए-आम क्लब से हटेंगे अवैध कब्जेदार



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। वजीरगंज स्थित ऐतिहासिक रिफा-ए-आम क्लब अब जल्द ही नए रूप में नजर आएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने क्लब से अवैध कब्जेदारों को हटाने और व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण कराने की तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर एलडीए की टीम ने यहाँ पहुंच कर निरीक्षण किया और विकास कार्यों की रूपरेखा तय की। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि करीब 2 लाख 18 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में बना यह क्लब नजूल संपत्ति है। वर्ष 1886 में इसे 99 साल की लीज पर आवंटित किया गया था, जिसकी अवधि 1985 में खत्म हो गई और इसके बाद इसे एलडीए के सुपुर्द कर दिया गया। समय के साथ क्लब की इमारत जर्जर हो चुकी है। अब परिसर को सुरक्षित करने के लिए हेरिटेज डिज़ाइन वाली बाउंड्रीवॉल बनाई जाएगी, साथ ही सड़क, पाथ-वे, हॉर्टीकल्चर और आकर्षक लाइटिंग के काम कराए जाएंगे।उन्होंने बताया कि क्लब को पीपीपी मोड पर संचालित करने की योजना है। इसके लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी। यहां मैरिज लॉन, कैफ़ेटेरिया और स्पोर्ट्स की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। फिलहाल क्लब के कुछ हिस्सों में 22 दुकानदार और कुछ परिवार अवैध रूप से काबिज हैं। इन्हें पूर्व में ही जगह खाली करने का अल्टीमेटम दिया जा चुका है। शुक्रवार के निरीक्षण में दोबारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि 25 अगस्त तक कब्जा खाली करें, इसके बाद एलडीए अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने निर्देश दिया है कि अवैध अधिवासियों को विस्थापन नीति के तहत प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनके परिवारों को असुविधा न हो। स्थल निरीक्षण के दौरान नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता मनोज सागर, तहसीलदार (अर्जन) हेमचन्द्र तिवारी समेत अन्य अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड बहरिया, कोरांव एवं माण्डा की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित कार्यों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चयनित ब्लॉकों में आयोजित वीएचएनडी सेशन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और सभी उपकरण उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां वीएचएनडी सेशन में सभी जरूरी इक्यूपमेंट साथ लेकर जाएं तथा गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और अन्य आवश्यक परीक्षण अवश्य कराएं। साथ ही, जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया।गौरतलब है कि बहरिया और कोरांव का चयन नीति आयोग भारत सरकार द्वारा तथा माण्डा का चयन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्डों के रूप में किया गया है। 108 आकांक्षात्मक ब्लॉकों की एब्सोल्यूट रैंकिंग में बहरिया 15वें, कोरांव 63वें और माण्डा 68वें स्थान पर है, जबकि डेल्टा रैंकिंग में बहरिया 102, कोरांव 107 और माण्डा 12वें स्थान पर है।

## नाबालिग लड़के के अपहरण का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, आरोपी भी निकला नाबालिग

प्रयागराज। यमुनानगर के कौंधियारा थाना क्षेत्र की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़के का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी भी नाबालिग है।पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपनी शौक पूरी करने के लिए इस घटना को अंजाम दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए अपहरण के आरोपी को ट्रैक कर लिया और उसे पकड़ने में सफलता हासिल की।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने की तैयारी की जा रही है। वहीं, अपहरण किए गए लड़के को सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# ब्राइट वे स्कूल में लगा आधार कार्ड शिविर, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उठाया शिविर का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डालीगंज स्थित ब्राइट वे स्कूल में आधार कार्ड शिविर लगाया गया। स्कूल के बच्चों और उनके अभिभावकों ने इस शिविर का लाभ उठाया। स्कूल के तमाम विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाए गए व बहुतों में पुराने कार्ड की कमियों में सुधार भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या आरती बाजपेयी ने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए शिविर की निगरानी की। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को किसी भी तरह की सरकारी सुविधा से वंचित न रहना पड़े। आधार कार्ड आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसलिए इस शिविर को विद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया। इस आयोजन में संजय कश्यप, राशि सिंघल, तुषार कश्यप, प्रियंका शुक्ला, दीपिका रस्तोगी, नीरज जोशी, तान्या गुप्ता, शालिनी तिवारी, कुमुद जौहरी, अंजू मिश्र, प्रतिमा सिंह, दीपा बाजपेई, सारिका मिश्रा व राशि गौड़ ने सक्रिय सहयोग किया।

# जिलाधिकारी ने विकास भवन का किया औचक निरीक्षण

**अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोका, दी कड़ी चेतावनी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए उनका एक दिन का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में अनुपस्थित पाए जाने या कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकास भवन की साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था और महाकुंभ-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बाहरी दीवारों पर बनी थीम पेंटिंग की सराहना करते हुए शेष दीवारों पर भी वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विलंब से पहुंचने वाले कर्मचारियों से भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग, डीआरडीए, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय, सहकारिता विभाग और अन्य कार्यालयों के कई कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवों और ग्राम प्रधानों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की देरी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।वृद्धजनों की सुविधा के लिए वृद्धावस्था पेंशन सेक्शन का भी निरीक्षण किया गया। वहां आए वृद्धजनों से सीधे संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय पर कार्यालय पहुंचे, फाइलों का सही रखरखाव करें और विकास भवन में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौक पुलिस ने चार शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। थाना चौक के तेज तर्रार इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय की पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने ज्वेलर्स की दुकान से चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ज्वेलर्स की दुकान का कारीगर और उसके सहयोगियों ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरों के पास से 563 ग्राम सोने के आभूषण भी बरामद किए हैं। बरामद आभूषणों की कीमत करीब 50 लाख बताई जा रही है।आपको बता दें बीते 8 अगस्त को धर्मेंद्र नामक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी दुकान में आभूषणों के जोड़ने और बनाने का कार्य किया जाता है। उनकी दुकान पर काम करने वाला कारीगर अनिल चौधरी करीब 4 वर्षों से कार्य कर रहा था। बताया कि बीते 4 अगस्त को वह मेरी दुकान से 700 ग्राम सोने के जेवर चोरी कर भाग गया है। इस संबंध में पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कारीगर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस ने चारों आरोपियों को हुसैनाबाद इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बारिश से बदहाल व जर्जर हो गई प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । काकोरी से मोहान रोड लिंक मार्ग भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर व बदहाल हो गया ।सड़क में जगह जगह गड्डे बन गये है। बारिश से सड़क बने गड्ढों में जलभराव है । जिससे लोगों का चलना दूभर हो गया है । ग्रामीण सड़क के चौड़ी करण की मांग कर रहे है । बदहाल सड़क का आलम यह कि डामर से गिट्टी बाहर निकल कर बजरी में तब्दील हो गयी है जबकि यह मार्ग प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत बनी थी ।देख रेख का जिम्मा भी कार्य दायी संस्था के ऊपर करीब 5 वर्षो के लिए था ।लेकिन शिकायत के बावजूद भी कोई मरम्मत कार्य नही हुआ है । काकोरी से मोहान रोड लिंक मार्ग करीब 5 किलो मीटर लंबाई का है ।जिसका निर्माण वर्ष 2022 में हुआ था । सड़क का निर्माण प्रधान मंत्री सड़क योजना के अंतर्गत हुआ था । इसके बाद भी अब पूरी तरह से बदहाल ० जर्जर हो गयी है ।सड़क पर जगह जगह गड्ढे बन गए है जिनसे आये दिन दुर्घटना होती रहती है ।सड़क के डामर से गिट्टी अलग हो चुकी है ।बजरी पूरी सड़क पर कई जगह फैली हुई है ।


**त्यौहार विशेष रेलगाड़ी**

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ी सं. 06529/06530 एसएमवीटी बेंगलुरु–गोमती नगर–एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक) — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 06529 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 06530 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | एसएमवीटी बेंगलुरु | 08:15 | ---- |
| 01:35 | 01:40 | वाराणसी | 22:10 | 22:20 |
| 11:30 | ---- | गोमती नगर | ---- | 12:20 |

चलने के दिन: 06529 एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 25.08.2025 से 03.11.2025 तक तथा 06530 गोमती नगर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 29.08.2025 से 07.11.2025 तक।

ठहराव: तूमकूर, अरसीकेरे जं., कडूर, दावणगेरे, हावेरी, एसएसएस हुब्बल्लि जं., धारवाड, बेलगावि, घाटप्रभा, मिरज जं., सांगली, कराड, सातारा, पुणे जं., दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., रानी कमलापति भोपाल, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, पुखरायाँ, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती और गोंडा जं. स्टेशन।

स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

2561/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

ई ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ATM-LKO-LKO-Gen-36-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.09.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ATM-LKO-BSB-Gen-39-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.09.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ATM-LKO-AMG-Gen-22-24-2 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.09.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ATM-LKO-LKO-Gen-35-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.09.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ATM-LKO-LKO-Gen-42-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.09.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ATM-LKO-LKO-Gen-43-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.09.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/LKO Div/ATM-DBU/E-Tender/2024/GSS Dt:- 21.08.2025 2549/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आज भोजपुरी महोत्सव का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में भोजपुरी महोत्सव का भव्य आयोजन दिनांक 23 अगस्त 2025 को सायं 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह, लोक निर्माण विभाग, हजरतगंज, लखनऊ में किया जाएगा। इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी मुख्य अतिथि होंगे। साथ हीजयवीर सिंह, मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति, दयाशंकर सिंह, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांसद महाराजगंज-छपरा (बिहार) जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता निरज सिंह, लखनऊ की महापौर माननीया सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, विधान परिषद सदस्य श्री मुकेश शर्मा एवं श्री संतोष सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री त्रयंबक त्रिपाठी तथा भाजपा नगर अध्यक्ष लखनऊ श्री आनन्द द्विवेदी विशिष्ट



अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महान विभूतियों को भोजपुरी गौरव सम्मान एवं भोजपुरी विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इनमें विशेष रूप से पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम एवं सुरक्षा) श्री विनोद कुमार सिंह (आई.पी.एस.), अपर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी (आई.पी.एस.), प्रमुख सचिव (सचिवालय प्रशासन एवं पशुधन विभाग) अमित कुमार घोष (आई.ए.एस.), प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति) मुकेश मेश्राम (आई.ए.एस.), प्रमुख सचिव (आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) श्री रंजन कुमार (आई.ए.एस.), पुलिस महानिरीक्षक (ए.टी.एस.) श्री प्रेम कुमार गौतम (आई.पी.एस.), मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण श्री अखण्ड प्रताप सिंह (आई.ए.एस.), अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के कुलपति डॉ. संजीव मिश्रा, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. सी.एम. सिंह, इन्वेस्ट यू0पी0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं औद्योगिक विकास विभाग सचिव विजय किरन आनन्द (आई.ए.एस.), विशेष सचिव (संस्कृति विभाग) संजय कुमार सिंह (आई.ए.एस.), अपर आयुक्त (केन्द्रीय माल एवं सेवा कर) उग्रसेन धर द्विवेदी, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष (लोक निर्माण विभाग) इंजी. अशोक कुमार द्विवेदी, विशेष कार्याधिकारी (राज्य निर्वाचन आयोग) डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र (आई.ए.एस.), पर्यटन विभाग के सलाहकार श्री जे.पी. सिंह, आयकर उप-आयुक्त (दिल्ली) डॉ. मनोज चौधरी (आई.आर.एस.), भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे, बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक अनिल कुमार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक राजेश कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक शैलेन्द्र सिंह, इंडियन बैंक के उपमहाप्रबंधक श्री श्याम शंकर, कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश डॉ. पंकज त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (लोहिया संस्थान) डॉ. विक्रम सिंह, बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. कुमार गगन गुप्ता, एम्स गोरखपुर के आघात एवं आपातकालीन विभाग प्रभारी डॉ. अरुण पाण्डेय, कृषि निदेशालय की स्टेट जेंडर कोऑर्डिनेटर डॉ. अनीता सिंह, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र, नगर निगम लखनऊ के अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, कैरियर मेडिकल कॉलेज लखनऊ के चेयरमैन अजमल अली, क्षितिज मेडिकल एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर की प्रबंध निदेशक डॉ. कंचन मणि, अमरावती ग्रुप लखनऊ के श्रीकांत मिश्रा, सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती कल्पना पटवारी, सुप्रसिद्ध लोकगायक गोपाल राय, संस्कृति विभाग की सहायक निदेशक रीनू रंगभारती, भाजपा एन.जी.ओ. प्रकोष्ठ के संयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं सहसंयोजक गुंजन वर्मा, कवि डॉ. सुभाष चंद रसिया, प्रदीप तिवारी, महेश चन्द्र गुप्ता महेश कृष्णानंद राय एवं डॉ. सुधा मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार रजनीश कुमार पाण्डेय, शिव सरन सिंह, विद्या शंकर राय, दिलीप कुमार सिंह तथा विनोद कुमार मिश्रा शामिल होंगे।

भोजपुरी संस्कृति के रंगारंग कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोकगायिका कल्पना पटवारी, बलिया के गोपाल राय, अवधेश, श्री संजय यादव, सुरेश कुशवाह, रविशंकर देहाती, अंगद राम ओझा सहित 100 से अधिक लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। साथ ही 10 से अधिक सुप्रसिद्ध भोजपुरी कवि अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं का पाठ करेंगे।

अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में विगत 40 वर्षों से भोजपुरी भाषा, संस्कृति और लोककला के संरक्षण एवं संवर्धन का निरंतर कार्य किया जा रहा है। भोजपुरी समाज की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना और संरक्षित करना भोजपुरी महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है। गौरतलब है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व बिहार और पूर्वांचल से गए गिरमिटिया मजदूर मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद-टोबैगो, नीदरलैंड, सिंगापुर, थाईलैंड और फिजी जैसे देशों में आज भी भोजपुरी भाषा और संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं। इसी धरोहर को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने के लिए ऐसे महोत्सव समय-समय पर आवश्यक हैं। आज आयोजित पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह, रामयतन यादव, वेद प्रकाश राय, हनुमान यादव अम्बरीश राय जितेन्द्र सोनकर, संजय सिंह, रामविलास यादव, तीर्थराम अवधेश, अंगद राम ओझा सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उप्र0 में बारिश के आसार, आकाशीय बिजली की भी आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मानसूनी गतिविधियां एक बार फिर उत्तर भारत में सक्रिय हो गई हैं जिससे उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया। ऐसे में मौसम विभाग के अनुसार ललितपुर और झांसी व आगरा के कुछ इलाकों को छोड़कर पूरे उत्तर प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक हल्की से भारी बारिश के आसार हैं। इसके अलावा कुछ जनपदों में मेघगर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक मानसून की ट्रफ लाइन दक्षिण भारत से होकर गुजर रही थी। आज से मानसून ट्रफ़, सूरतगढ़, रोहतक, फतेहगढ़, (उत्तर प्रदेश) गया, दीघा से होकर पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा में उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है। इससे उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय होता दिखाई दे



रहा है जो आगामी पांच दिनों तक अलग–अलग जनपदों में स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश करेगा। यह बारिश वातावरण की नमी पर भी निर्भर होगी जैसे बाराबंकी, बहराइच व गोंडा में मेघगर्जन व आकाशीय बिजली के साथ भारी वर्षा की आशंका है। आज भी इन जनपदों में ठीक–ठाक बारिश हुई है। यहां पर होगी मध्यम बारिश गाजीपुर, जौनपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुरखीरी में मेघगर्जन व आकाशीय बिजली के साथ माध्यम बारिश की संभावना है।

इन जनपदों पर भी अलर्ट मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, प्रयागराज, संत रविदास नगर, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, बलिया, प्रतापगढ़, चित्रकूट, महोबा, बांदा, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, रायबरेली, कानपुर नगर, झांसी, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, मथुरा, कासगंज, आजमगढ़, कुशीनगर, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, लखनऊ, बाराबंकी, कन्नौज, हरदोई, फर्रुखाबाद, सीतापुर, बहराइच, महराजगंज, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, अलीगढ़, बदायू, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, अमरोहा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर में मेघगर्जन व हल्की से मध्यम बारिश के साथ–साथ आकाशीय बिजली की आशंका है।

## निगोहां: पहले दिन ढोल–नगाड़ों और मिठाई के साथ बच्चों का हुआ स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लालपुर प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे बच्चों व अभिभावकों के चेहरों पर खुशी**

निगोहां, लखनऊ । मोहनलालगंज विकास खण्ड के लालपुर के प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को उस समय खुशी का माहौल छा गया जब विद्यालय पुनः बच्चों के लिए खोल दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज सुशील कुमार ने पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख विनोद वर्मा की पहल और ग्रामीणों की मांग का सम्मान करते हुए विद्यालय के युग्मन का आदेश निरस्त कर 22 अगस्त 2025 से विद्यालय को दोबारा शुरू करने का आदेश जारी किया।विद्यालय खुलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। मंगलवार सुबह से ही गांव के वरिष्ठ नागरिक, युवा शक्ति, महिलाएं और अभिभावक विद्यालय परिसर में इकट्ठा हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप पर बच्चों और शिक्षकों का जोरदार स्वागत किया गया। मिठाई




वितरण के साथ गांववासियों ने अपनी खुशी जाहिर की। पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख विनोद वर्मा ने कहा कि ñबच्चे ही देश का भविष्य हैं, सरकार बच्चों की बेहतर शिक्षा और विकास को लेकर निरंतर प्रयासरत है। छोटे बच्चों को गांव से दूर भेजना कठिन था और सभी अभिभावक निजी स्कूलों का खर्च नहीं उठा सकते। अभिभावकों की समस्याओं को देखते हुए विद्यालय खोलना आवश्यक था। सरकार और शिक्षा विभाग ने जनता की भावनाओं का सम्मान किया है। प्रधानाध्यापिका वंदना श्रीवास्तव ने बच्चों की शिक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए कहा कि ñपूरी ऊर्जा और संवेदना के साथ बच्चों को पढ़ाने का वादा करती हूं।ÿ सहायक अध्यापक किरण मिश्रा, कीर्ति पाल और शिक्षामित्र सुषमा वर्मा भी मौजूद रहीं और उन्होंने भी बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद वर्मा के साथ रामचरण रावत, आलोक मिश्रा, राकेश वर्मा, अनुज, बबलू, मथुरा, महेश, रामप्रसाद, कल्लू, रामजीवन, भल्लन, मुन्ना शुकुरू, गोलू, रमन, सुरेश, पंचम, शशांक पटेल सहित सैकड़ों ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे। गांव में खुशी का माहौल देखते ही बन रहा था। निगोहां मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा समेत ग्रामीणों ने राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के इस निर्णय के लिए आभार जताया।

## निगोहां के उतरावां में आज से श्रीराम कथा का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र स्थित बाबा भगवान दास की कुटी उतरावां में आज से नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। यह भव्य धार्मिक आयोजन 23 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी ( श्री अंश जी महाराज) चित्रकूट धाम भक्तों को भगवान श्रीराम की लीलाओं का संगीतमय रसपान कराएंगे।कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा 01 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। आयोजनकर्ता और स्वागत समिति इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन शैलेंद्र सिंह चौहान




द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के स्वागत की जिम्मेदारी प्रेस क्लब निगोहां के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान निभाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि भक्तों के लिए बैठने और प्रसाद वितरण की भव्य व्यवस्था की गई है। आयोजक शैलेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि इस कथा का मुख्य उद्देश्य समाज में भक्ति, धर्म, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार करना है।

## पत्रकार पर हमले के आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पत्रकारों में रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**निगोहां प्रेस क्लब ने सौंपा एसीपी को ज्ञापन, पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल**

निगोहां, लखनऊ । पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। बीते 19 अगस्त को अधिवक्ता/पत्रकार रमाकांत मिश्रा पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अब तक मुख्य आरोपी और उसके साथियों की गिरफ्तारी न होने से पत्रकारों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को निगोहां प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। निगोहां प्रेस क्लब के सदस्यों ने ज्ञापन में बताया कि 19 अगस्त की सुबह पत्रकार रमाकांत मिश्रा अपने घर से खेत की ओर जा रहे थे। तभी रेलवे फाटक पार करते समय आरोपी रमाकांत उर्फ दीपू कृपाशंकर और उसके 4-5 अज्ञात साथियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने कुल्हाड़ी सहित



घातक हथियारों से हमला किया और फरार हो गए। गंभीर हालत में घायल पत्रकार को तत्काल अस्पताल ले जाया गया और मोहनलालगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई।निगोहा प्रेस क्लब ने आरोप लगाया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई बेहद सुस्त है। मुख्य आरोपी अब तक फरार है और खुलेआम घूम रहा है, जिससे पीड़ित और उसके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। संगठन ने स्पष्ट कहा कि यदि तय समयसीमा में पुलिस ने ठोस कार्रवाई कर गिरफ्तारी नहीं की तो पत्रकार धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

**पत्रकारों ने जताई चिंता, मांगा सुरक्षा कानून...**

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर इस तरह के हमले न केवल निंदनीय हैं बल्कि पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ''पत्रकार सुरक्षा कानून'' लागू किया जाए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और पत्रकार भयमुक्त होकर अपना दायित्व निभा सकें।ज्ञापन देने पहुंचे पत्रकारों में प्रेस क्लब निगोहां के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा, प्रशांत त्रिवेदी, अशोक मिश्रा, चांद खान, मोइन खान, सुनील त्रिवेदी, आरिफ मंसूरी, अवनीश पाण्डेय, रोहित दीक्षित, अनुराग तिवारी, आशीष तिवारी और पीड़ित पत्रकार रमाकांत मिश्रा, नसीर, सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि यदि पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

## टोपी का खेल खत्म करे विपक्ष : मोहसिन रज़ा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री मोहसिन रज़ा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक विशेष प्रकार की टोपी पहनने पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मोहसिन रज़ा ने इस घटना को प्रतीकात्मक राजनीति का हिस्सा बताते हुए कई गम्भीर प्रश्न उठाए हैं। भाजपा नेता मोहसिन रज़ा ने सीधे तौर पर उन लोगों से सवाल किया जो मुख्यमंत्री को टोपी पहनाने गए थे, ''क्या आप हिंदुओं द्वारा दिए गए प्रसाद को ग्रहण करते हैं ? उन्होंने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि यदि आप एक समुदाय की परम्पराओं का सम्मान नहीं कर सकते, तो आपको दूसरे से इसकी उम्मीद करने का कोई अधिकार नहीं है। ''टोपी की राजनीति'' की आलोचना करते हुए उन्होंने इस तरह के कृत्यों को ''टोपी पहनाने का खेल'' बताया और इसे तत्काल बंद करने की मांग की। उनके अनुसार, यह केवल तुष्टीकरण की राजनीति का एक हिस्सा है। मोहसिन रज़ा ने सुझाव दिया कि यदि टोपी पहननी ही है तो देश की शान कर्नल सोफिया कुरैशी या भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिनकी टोपियां देश की ''आन, बान और शान'' का प्रतीक हैं। विपक्षी दलों पर हमला करते हुए मोहसिन रज़ा ने तेजस्वी यादव, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा।

## शिक्षक और स्नातक विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**वित्त विहीन शिक्षकों के मुद्दे पर कांग्रेस करेगी संघर्ष : अजय राय**

लखनऊ। कांग्रेस पार्टी आगामी शिक्षक और स्नातक विधान परिषद की 11 सीटों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। इसके लिए पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। अजय राय ने कहा कि आज पूरे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। विभिन्न समस्याओं को लेकर कहीं माध्यमिक शिक्षक धरना दे रहे हैं, तो कहीं डिग्री कॉलेज के शिक्षक। प्राथमिक शिक्षा विभाग में तो भ्रष्टाचार की अति हो गई है। वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को न तो सम्मानजनक वेतन मिल पा रहा है और न ही उनकी सेवा सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं एवं सम्बंधित मुद्दों के समाधान हेतु संघर्ष करने के लिए एवं कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करने के लिए डॉ. अमित कुमार राय को



शिक्षक प्रकोष्ठ का कोऑर्डिनेटर तथा प्रोफ़ेसर श्रवण कुमार गुप्ता को को-कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

अजय राय ने बताया कि वित्तविहीन स्कूलों एवं कॉलेजों के शिक्षकों के भविष्य के प्रति कोई योजना वर्तमान योगी सरकार के पास नहीं है। माध्यमिक विद्यालय, डिग्री कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय, मदरसा, संस्कृत पाठशालाओं के शिक्षकों की तमाम समस्याओं के निदान के लिए शिक्षक प्रकोष्ठ आंदोलन करेगा। डॉ राय ने कहा कि मदरसा में आलिम और फाजिल की डिग्रियाँ समाप्त कर दी गई हैं, जिससे वहां के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। आलिम और फाजिल डिग्रियों को ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय से मान्यता देने की मांग की जा रही है लेकिन सरकार इसमें लेट लतीफी कर रही है। प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के को-कोऑर्डिनेटर प्रो0 श्रवण कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार अनेक प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर रही है जो शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन है। वर्तमान सरकार पूरी तरीके से शिक्षा को निजी हाथों में सौंप देना चाहती है। उन्होंने कहा कि 2018 के बाद प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है। पंचायत चुनाव के लिए 6-6 महीनों के लिए शिक्षकों को बीएलओ बनाया जा रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि शिक्षकों से केवल पठन-पाठन कराया जाए। 69 हजार शिक्षक भर्ती में जो भ्रष्टाचार ओबीसी समाज के साथ किया गया वह अभी तक नहीं सुधारा गया। रोज अभ्यर्थी मंत्री आवास का घेराव कर रहे हैं।

## पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में चमकेगा फुटवियर–लेदर उद्योग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025 का सबसे बड़ा फोकस प्रदेश के अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्रों–मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड पर है। योगी सरकार ने इन इलाकों में उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए भूमि लागत अनुदान और पूंजीगत सब्सिडी में विशेष रियायतें दी है। इसका सीधा असर यहां के औद्योगिक विकास, रोजगार और निवेश पर पड़ेगा।

भूमि लागत अनुदान में पूर्वी यूपी को बड़ी रियायतनीति के तहत, स्टैंड अलोन फुटवियर, लेदर उत्पाद और मशीनरी इकाइयों को मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 35% तक भूमि लागत अनुदान मिलेगा, जबकि पश्चिमांचल क्षेत्र में यह 25 प्रतिशत होगा। वहीं, मेगा एंकर यूनिट और क्लस्टर को इन क्षेत्रों में 80% तक भूमि लागत अनुदान का लाभ मिलेगा, पश्चिमांचल के



लिए यह 75% होगा । यह लाभ विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इन इलाकों में उद्योगों की स्थापना की लागत अपेक्षाकृत अधिक मानी जाती है। भूमि सब्सिडी का फायदा सिर्फ उसी जमीन पर मिलेगा जो औद्योगिक प्राधिकरण, राज्य सरकार के संस्थान या इस नीति के तहत बने क्लस्टर से ली गई हो। सब्सिडी की रकम जमीन के वास्तविक आवंटन मूल्य पर तय होगी, लेकिन इसमें स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस नहीं जोड़ी जाएगी। अगर कोई इकाई भूमि सब्सिडी लेती है, तो आगे मिलने वाली पूंजीगत सब्सिडी की गणना करते समय जमीन की कीमत नहीं गिनी जाएगी। पूंजीगत सब्सिडी बनेगी उद्योगपतियों के लिए सुनहरा अवसरलेदर और फुटवियर बनाने वाली कम्पनियों को ज्यादा फायदा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार की मदद के अलावा अतिरिक्त पूंजी निवेश सब्सिडी भी देगी। इसके तहत, स्टैंड अलोन इकाइयों को मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 30% पूंजीगत सब्सिडी, अधिकतम 45 करोड़ (5 वर्षों में) मिलेगी। पश्चिमांचल के लिए यह 20% और अधिकतम 30 करोड़ रुपए (5 वर्षों) तक का लाभ मिलेगा। इसी तरह, एलाइड लेदर यूनिट को पूरे प्रदेश में 25% पूंजीगत सब्सिडी मिलेगी, लेकिन इन क्षेत्रों में इसे और ज्यादा प्राथमिकता दी जाएगी। मेगा एंकर यूनिट और क्लस्टर को यहां 35% पूंजीगत सब्सिडी, अधिकतम 700 करोड़ रुपए (5 वर्षों में) तक मिलेगी। एक इकाई को सालाना 140 करोड़ रुपए से अधिक लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, पश्चिमांचल के लिए यह लाभ 120 करोड़ रुपए सालाना होगा। रोजगार और निवेश का नया केंद्र बनेगा पूर्वी यूपीप्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि सरकार का लक्ष्य इन क्षेत्रों को नए निवेश और उद्योगों का गढ़ बनाना है। राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, चित्रकूट, आजमगढ़ और बांदा जैसे जिलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस नीति से जहां एक ओर स्थानीय स्तर पर लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की वैश्विक पहचान फुटवियर और लेदर उत्पादों के प्रमुख निर्यातक के रूप में बनेगी।

# डीएम ने नवजात की मौत के मामले का लिया संज्ञान लापरवाह गोलदार अस्पताल को किया सील

**जांच टीम की रिपोर्ट पर गोलदार अस्पताल को किया सील, अधिकारियों को गहनता से मामले की जांच के दिये निर्देश**

**डीएम बोलीं, इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा पूरा जिला प्रशासन**

**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रसूता के इलाज का उठाया खर्च, डॉक्टर्स को दिये निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। कहते हैं एक मां का दर्द दूसरी मां ही समझ सकती है। जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को महेवागंज स्थित गोलदार अस्पताल की लापरवाही से नवजात की मौत के मामले की जानकारी जैसे ही मिली, उन्होंने बिना देर किये ताबड़तोड़ एक्शन लिये। डीएम ने अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिये कि दलबल के साथ गोलदार अस्पताल पहुंचे और सख्त से सख्त कार्रवाई करें। डीएम के निर्देश पर अस्पताल को सील कर दिया गया और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। वहीं डीएम ने प्रसूता का इलाज अच्छे से अच्छे इलाज कराने के निर्देश दिये और अधिकारियों को मौके पर भेजकर प्रसूता के साथ पीड़ित परिवार का कुशलक्षेम जाना। डीएम ने कहा कि इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इतना ही नहीं डीएम ने प्रसूता के इलाज के खर्च की जिम्मेदारी भी खुद ली। बता दें कि पीड़ित परिजन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई थी।*डीएम के निर्देश पर लापरवाह अस्पताल को किया गया सील, जांच जारी*सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह को दलबल के साथ लापरवाह गोलदार अस्पताल पहुंचे, टीम ने जांच शुरू की और डीएम को मामले से अवगत कराया। इस पर डीएम ने अस्पताल को तत्काल सील करने के निर्देश दिये। साथ ही मामले की गहनता से जांच के निर्देश दिये। डीएम के निर्देश पर अस्पताल को सील कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों को जिला महिला अस्पताल शिफ्ट किया गया। प्रशासन का कहना है कि इस दुख की घड़ी में पूरा जिला प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।*डीएम के निर्देश पर एडीएम पहुंचे अस्पताल, डीएम उठाएंगी प्रसूता के इलाज का पूरा खर्च* डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को सृजन अस्पताल में भर्ती प्रसूता का हाल जानने के लिए अधिकारियों को मौके पर जाने के निर्देश दिये। डीएम के निर्देश पर एडीएम जे अनिल कुमार रस्तोगी अपनी टीम के साथ सृजन अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने डॉक्टर्स से प्रसूता के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी हासिल की।

## खैराबाद के मोहल्ला कुल्हन सराय में चला बुलडोजर 150 करोड़ की भूमि मुक्त कराई गई

खैराबाद । आज नगर क्षेत्र के मोहल्ला कुल्हन सराय में यहां के निवासी रईस के यहां राजस्व विभाग की टीम के द्वारा बुलडोजर चलाया गया तथा 150 करोड रुपए लागत की भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी तथा राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार पांडे ने बताया कि यहां के निवासी रईस के द्वारा इस स्थान पर दोबारा कब्जा किया जा रहा था इससे पहले यहां पर नगर पालिका का बोर्ड लगा दिया गया था तथा चेतावनी दी गई थी कि इस भूमि को कतई कब्जा ना किया जाए लेकिन कब्जेदार द्वारा नियम कानून को ताख पर रखकर वहां पर बाउंड्री बनाई जा रही थी सूचना मिलने पर सीतापुर से आई राजस्व की टीम तथा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त कस्बा प्रभारी अवधेश कुमार यादव की टीम ने अवैध कब्जे को बुलडोजर से हटकर 150 करोड़ की भूमि को कब्जेदार से मुक्त कराया। तथा राजस्व की टीम के द्वारा कब्जेदार को पुनः चेतावनी दी गई है कि अगर भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति की गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मानकों की अनदेखी से कराया जा रहा खड़ंजे का निर्माण

**ग्रामीणों में रोष, सडिला में खड़ंजा निर्माण पर सवाल, ठेकेदार की मनमानी से हो रहा कार्यसरकारी धन की बर्बादी का खुला खेल, जिम्मेदार मौन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, (सीतापुर)। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सडिला में ब्लॉक प्रमुख निधि से खड़ंजे का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, लेकिन इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानक ईंटों के स्थान पर घटिया ईंटें और टूटे-फूटे खंडों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका कहना है कि तय मानक की अनदेखी कर किए जा रहे इस कार्य से साफ है कि गुणवत्ता की बलि चढ़ाकर सरकारी धन की बर्बादी की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह कार्य होता रहा तो खड़ंजा जल्द ही टूट-फूटकर बेकार हो जाएगा और गांववासियों को फिर से दिक़्क़तों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और मानक के अनुसार ही कार्य सुनिश्चित कराया जाए। अब देखना यह है कि क्या कोई जांच कर कार्यवाही होती है ऐसे ही चलता रहेगा।

# उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में बिंदू वार की गई चर्चा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद उन्नाव की शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं संयुक्त बैठक अध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में प्रकाश गेस्ट हाउस में संपन्न हुई । बैठक में सर्वप्रथम विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन एवं बच्चों की विद्यालय में अधिकतम उपस्थिति पर जोर देने को कहा गया । इसके पश्चात समस्याओं पर विचार किया गया जो प्रमुख है जिसमे प्रथम चरण में जो विद्यालय मर्ज हुए हैं और उनमें से जो विद्यालय शासनके वर्तमान मानक के विपरीत है उनका मर्जर निरस्त कर आदेश जारी किया जाए तथा नया कोई भी मर्जर ना किया जाए । जनपद के तमाम शिक्षकों को कई माह से चयन वेतनमान नहीं प्राप्त हुआ है । ऑनलाइन पोर्टल चालू हो गया है अब तक लंबित सभी शिक्षक / शिक्षिकाओं का चयन वेतनमान अभियान चलाकर तत्काल स्वीकृत कर आदेश जारी किया जाए । वित्तीय वर्ष 2024 -25 समाप्त हो चुका है ,किंतु लेखा पर्चियां अभी तक प्राप्त नहीं हुई है ।शीघ्र लेखा पर्ची वितरित कराई जाए । मार्च 25 में सेवानिवृत हुए तमाम शिक्षक /शिक्षिकाओं को पांच माह होने को हैं किंतु अभी तक पीपीओ नहीं प्राप्त हुआ है अतः पेंशन भी नही मिली है। जनपद के सभी शिक्षकों का 52-55% डीए एरियर का भी भुगतान शीघ्र कराया जाए । गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अभियान चलाकर तुरन्त बंद कराया जाए तथा अमान्य कक्षाएं भी बंद कराई जाए । निर्धारित मानकों के विपरीत जाकर परिषदीय विद्यालयों के पास मान्यता प्रदान की गई है तो ऐसे विद्यालयों की जांच कर दोषियों को दंडित किया जाए तथा वह मान्यताएं निरस्त की जाएं । वरिष्ठता सूची शीघ्र बनाई जाए तथा प्रोन्नति वेतनमान वर्षवार शीघ्र स्वीकृत किए जाएं । शासन / विभाग द्वारा भविष्य निधि ऑनलाइन करने के आदेश हैं किन्तु जनपद में ऑनलाइन नहीं है । कृपया शीघ्र ऑनलाइन कर पासबुक जारी की जाए । निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन तब तक न काटा जाए जब तक उसके अवकाश शेष हैं तथा जिन शिक्षकों का काटा गया है तत्काल बहाल किया जाए । तमाम शिक्षकों के कटे वेतन बहाली हेतु आवेदन संस्तुति सहित महीनों से कार्यालय में पड़े हैं किंतु अभी तक बहाली नहीं हुई है ।शीघ्र बहाल कर आदेश जारी किए जाएं । 2016 तक सेवा निवृत्त सभी शिक्षकों को शासन के आदेश के बावजूद एक नोशनल वेतन वृद्धि अभी तक स्वीकृत नहीं हुई है । जो फाइले अपर निदेशक पेंशन लखनऊ जानी है ,शीघ्र भेजी जायें।

## राजकीय सम्मान के साथ पूर्व सैनिक का हुआ अंतिम संस्कार



मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी तहसील के ग्राम राजापुर बैनी निवासी ग्रेनेडियर सैनिक श्री शम्भू दयाल मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर दयाल मिश्रा का निधन हो गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोक की गहरी लहर दौड़ गई है। उनका जन्म 05 जनवरी 1950 को हुआ था तथा वर्ष 1967 में वे सेना में भर्ती हुए। देश सेवा के लंबे सफर के बाद वे 30 नवम्बर 1991 को सेवा निवृत्त हुए। मिश्रा ने अपने सैन्य जीवन में अनेक महत्वपूर्ण लड़ाइयों में हिस्सा लिया और अपनी वीरता से कई पदक व सम्मान अर्जित किए। विशेष रूप से सन 1971 के भारतऽपाक युद्ध में उन्होंने साहसिक भूमिका निभाई और देश की रक्षा में अद्वितीय योगदान दिया।उनका अंतिम संस्कार आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। सेना की टुकड़ी ने सलामी देकर अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नियम न कानून स्थानांतरण होने के बाद भी सीएचसी नहीं छोड़ रहे डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता

**सरकार व स्वास्थ्य विभाग के नियमों को नहीं मानते डा, गोविंद कुमार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में कई वर्षों से तैनात डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता का बीते 25 जुलाई को लहरपुर से महोली स्थानांतरण सीएमओ ने किया गया । परंतु 27 दिन स्थानांतरण के हो गए हैं फिर भी डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता लहरपुर से महोली सीएचसी अभी तक नहीं पहुंचे हैं। नई तैनाती महोली को छोड़कर लहरपुर सीएचसी में ही मलाई काट कर ड्यूटी कर रहे हैं । सीएचसी लहरपुर में तैनात डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता का सीएमओ डॉक्टर सुरेश कुमार ने 25 जुलाई को सीएचसी से मुक्त निर्देश दिए थे साथ ही सीएचसी महोली में तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के पत्र जारी कर आदेश दिए थे आदेशों को दरकिनार कर अपनी मनमानी से सीएचसी लहरपुर में ही ड्यूटी कर रहे हैं । नियमों का उल्लंघन कर सीएचसी लहरपुर में ही जमे हुए हैं ।जिससे साफ जाहिर होता है की डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता शासन के आदेशों को नहीं मानते है । उन्होंने उच्च अधिकारियों से साथ सांठगांठ कर ली है इसी वजह से डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता लहरपुर से महोली जाना नहीं चाहते है विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार सीएचसी लहरपुर में महिला प्रसूति के नाम पर चल रही अवैध वसूली और प्राइवेट जांच पैथोलॉजी केंद्र से मिलने वाले मोटे कमीशन के चलते डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता अपना स्थान बदलने को तैयार नहीं हैं सूत्र बताते हैं कि डॉ गोविंद कुमार गुप्ता की पहुंच ऊंचे तक है। वर्तमान समय में भाजपा सरकार की चिकित्सा शैली को डॉक्टर गोविंद कुमार गुप्ता जैसे डॉक्टर सरकार को चुनौती दें रहें हैं इस मामले में कई प्रतिष्ठित समाचार पत्र लगातार इस मामले को उठा रहे लेकिन स्वास्थ्य विभाग आंख बंद किए बैठा है इस संबंध ने जब सीतापुर सीएमओ डॉक्टर सुरेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया मामले की जांच की जा रही है आवश्यक कार्यवाही की जाएगी

# डीएम ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अभियान चलाकर दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रति किया निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय और दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की और प्राथमिकता से के साथ सभी निर्देशों के अनुपालन के प्रति सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 स्थित बंथर कट व आजाद मार्ग कट के सम्बंध में गंभीरता से विस्तार से चर्चा कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने कहा हाइवे पर अनावश्यक अवैध कट को बंद कराया जाए । कहा उचित जगह पर ही कट की सुविधा दी जाय। ट्रैफिक की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए सुरक्षित व सुगम यातायात सुनिश्चित हो इसके लिए आवश्यक कार्यवाही अधिशासी अभियंता पी डब्लू डी व सम्बंधित विभाग द्वारा कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटनाओं में कमी लाना प्राथमिकता समझी जाए। आये दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही हैं । कहा यह सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक जगह पर साइन बोर्ड लग जाएं । जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना ओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाया जाए इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ , ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट सौर जी, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज उपजिलाधिकारी सदर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रशासन सहित अन्य संबंधित अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।


# एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया।परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासित बनाए रखने के लिए दौड़ लगवायी गयी व विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। तत्पश्चात महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों एवं अभिलेखों अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## चोरियों से थर्राया मछरेहटा थानाक्षेत्र, एक ही रात में दो घरों में लाखों की चोरी



मछरेहटा, सीतापुर। मछरेहटा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़पुर मजरा बबुरी खेड़ा में बीती रात चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात उठाकर चले गए चोर घरों में लोग रहे सोते सूचना पाकर मौके पर सूरज पुर चौकी प्रभारी गजेन्द्र खरवार के साथ फोरेंसिक टीम पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के बबुरी खेड़ा गाँव निवासी दिनेश कुमार, सुनील कुमार के घर हुई चोरी में दिनेश के घर में बने कमरे में ताला तोड़ कर बक्सा घर की छत पर खोल कर सोने के जेवरात मांग वेदी, गले का हार, बच्चे की हाय, कान की झुमकी, नाक की नथुनी चांदी की पायल, छह जोड़ी बिछिया, पायजेब कमर बिछुआ शादी की साड़ी वहीं दूसरे घर सुनील कुमार के घर से बक्सा उठा कर खेत में डाला चोरों ने उनका लाखों के सोने चांदी के जेवरात गले के दो चैन, मांग वेदी, मंगल सूत्र, कान की झुमकी, चांदी का कमर बिछुआ, पायजेब नकद चार हजार रुपए आदि चोरों ने पार किया। थाना प्रभारी अमित कुमार पाण्डे ने बताया तहरीर मिली है मौके पर सूरज पुर चौकी प्रभारी गजेन्द्र कुमार खरवार व फोरेंसिक टीम गई थी मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के पदाधिकारी ने विभिन्न मांगों को लेकर परिवहन मंत्री को सौंपा मांग पत्र

खैराबाद। सीतापुर नगर स्थित गेस्ट हाउस में निजी कार्यक्रम में मा, दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिभाग करने आए थे । उसी दौरान आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के पदाधिकारी ने मा मंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। और फाउंडेशन द्वारा मंत्री जी को एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें जनपद में रोडवेज बस अड्डा पर दिव्यांगों को कैंटीन दी जाए, अन्य मांगे सम्मिलित हैं । मा, मंत्री ने आश्वासन दिया है कि मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को अवगत कराकर विचार विमर्श कर अतिशीघ्र समाधान किया जाएगा ।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या, कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू,रामकिशोर, प्रीति, विमलेश, रिजवाना, इरशाद सुशील कुमार , कौशल किशोर, भागीरथ मौजूद रहे।

## खीरी पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में आज दिनांक-22.08.2025 को थाना खीरी पुलिस द्वारा, मु0सं0 668/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में 01 नफर वारंटी अभियुक्त श्रीकेशन पुत्र भूरे निवासी ग्राम चाऊपुर पड़री थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया ।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, मऊ का बदमाश घायल



गोरखपुर। बड़हलगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसकी पहचान मऊ के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के जीयनपुर निवासी नूर आलम के रूप में हुई। बदमाश चोरी और लूट की घटना को अंजाम देता है। बड़हलगंज थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया-पुलिस को काफी दिनों से इसकी तलाश थी।बदमाश पर विभिन्न थानों में 12 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। वह कई बार जेल भी जा चुका है। छूटने के बाद वह फिर से अपराध करने लगता है। पुलिस को बदमाश के पास से एक तमंचा भी मिला है। जिसके बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है।बड़हलगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि शुक्रवार भोर में करीब 4 बजे एक शातिर चोर, चोरी की नियति से फोरलेन के रास्ते बड़हलगंज कस्बे में आ रहा है। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी किया। थोड़ी ही देर में कोडारी गांव के हरजन टोला के पास एक युवक बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। उसे रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस पर फायरिंग करने लगा। बाइक छोड़कर टोला के पास स्थित बाग की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे दौड़ाया और जवाबी फायरिंग की, जिसमे बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई। वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर बड़हलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने दी चेतावनी, उन्नाव में साथी पर हमले के विरोध में किया कार्य बहिष्कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन, खीरी। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ की ब्लॉक इकाई निघासन ने उन्नाव जिले में रोजगार सेवक पर हुए जानलेवा हमले को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को संघ के अध्यक्ष अमर प्रकाश शुक्ल व महामंत्री तिलकराम यादव के नेतृत्व में रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी निघासन जयेश कुमार सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत पीखी, विकासखंड सफीपुर, जनपद उन्नाव के ग्राम रोजगार सेवक के साथ 20 अगस्त को ग्राम प्रधान और उसके समर्थकों ने रास्ते में रोककर मारपीट की। इस हमले में रोजगार सेवक गंभीर रूप से घायल हो गया और जिला अस्पताल में भर्ती है।ग्राम रोजगार सेवकों ने इस घटना की निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध स्वरूप 23 और 24 अगस्त को मनरेगा के सभी कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा।इस मौके पर संजय कुमार, श्रीराम, नीरज, अवधेश समेत अन्य ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# ऐसे ब्रॉड गेज से तो मीटर गेज ही भला था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कब होगा जनाकांक्षाओं के अनुरूप ट्रेनों का संचालन**

लखीमपुर खीरी। लगभग 8 साल लगाकर मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन किए गए लखनऊ सीतापुर लखीमपुर मैलानी बरेली रेल पथ के कार्य को सम्पन्न हुए लगभग 2 वर्ष हो रहे हैं परंतु जितनी उम्मीद क्षेत्र की जनता जनार्दन को थी उस पर रेलवे विभाग ने पानी ही फ़ेर दिया है और मात्र कुछ ट्रेनों का संचालन कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली है। लोगों को यह उम्मीद थी की ब्रॉड गेज की लाइन बढ़ाने के बाद यह क्षेत्र देश से ब्रॉड गेज के जरिए पूर्णतया जुड़ जाएगा और विकास के रास्ते इस क्षेत्र के लिए भी खुल जाएंगे परंतु अभी तक रेलवे द्वारा की गई कार्यवाही से ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया जिससे क्षेत्र की जनता इससे लाभान्वित हो। तमाम टुकड़ों में किए जा रहे रेल संचालन से लोगों की जाने आने में मुसीबतें और बढ़ गई हैं और वही कहावत चरितार्थ हो गई की चौबे जी गए थे छब्बे बनने और दुबे बनकर लौट आए। अब तो लोग यह मानने लगे हैं कि इससे अच्छा तो मीटर गेज ही लाइन थी थोड़ा घंटा डेढ़ घंटा का समय अधिक लग जाता था और लखनऊ या बरेली पहुंचकर लोग अपने गंतव्य के लिए ट्रेनें पकड़ लेते थे। लोगों का मानना है कि पहले रेलगाड़िया का संचालन एक समय बद्ध तरीके से चल रहा था जो जनता के हिसाब से था परंतु बड़ी लाइन बनने के बाद रेल संचालन का पुराना हिसाब किताब बिल्कुल ध्वस्त हो गया है। अभी तक रेलवे इस लाइन पर उतनी भी ट्रेनों का संचालन नहीं कर पाया है जो इस पर चल रही थी।मालूम हो की अमान परिवर्तन के समय भी करीब दो दर्जन अप डाउन ट्रेनों का संचालन लखीमपुर होकर था। उससे पहले तो इस लाइन पर आगरा जयपुर कानपुर तक के लिए जनता को सीधी रेल सेवा मिल जाया करती थी परंतु कालांतर में इस लाइन पर ज्यों ज्यों गेज बदलता गया त्यों त्यों लंबी दूरी वाली ट्रेनों के संचालन के स्टेशन कम होते रहे जनता जनार्दन को यह उम्मीद थी कि बड़ी लाइन बनने के बाद इस लाइन पर लोकल रेल गाड़ियों के अलावा लंबी दूरी की भी रेलगाड़ियां आसानी से मिल जाया करेंगी परंतु पूरी लाइन कंप्लीट होने के बाद ऐसा कुछ नहीं हुआ जनता को मात्र कुछ ट्रेनों का बेतरतीब ढंग से संचालन कर झुनझुना पकड़ा दिया गया। मैलानी जंक्शन से गोंडा जाने वाली लाइन पर भी स्थिति और भी खराब हो गई है उसे लाइन पर भी वन विभाग की आपत्ति बता कर ट्रेनों के संचालक को पूर्णतया बाधित करने का प्रयास जारी है। इस लाइन में विभाग के झूठ का खुलासा उसे समय हुआ जब विभाग ने इस लाइन पर संचालन बिल्कुल बंद कर दिया क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने जब मामले को हाई कोर्ट पहुंचाया तो विभाग द्वारा बोले जा रहे हैं झूठ का खुलासा हुआ कि एक मनगढ़ंत फर्जी आदेश बताकर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया बताते हैं जब हाई कोर्ट ने उस आदेश को दिखाने को कहा तब उसे झूठ का खुलासा हुआ तब भी ट्रेनों के संचालन बंद करने के अन्य कारण बताए गए जिससे न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ और अधिकारियों को फटकार लगाते हुए ट्रेन संचालन जारी रखने के आदेश दिए। इस लाइन के मामले में अधिकारियों के लापरवाही व बहाने बाजी के चलते यह लाइन अमान परिवर्तन के दायरे में नहीं आ सकी। वर्तमान में भी इस लाइन को बंद करने हेतु तरह-तरह के तर्क दिए जा रहे हैं जबकि उन तर्कों पर न्यायालय में चर्चा भी हो चुकी है परंतु हमारे देश की अफसरशाही शायद न्यायालय से भी ऊपर हो चुकी है।

# क्राइम मीटिंग में अपराध पर नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन का आदेश

## अपराध का ग्राफ बड़ा तो थाना प्रभारी पर कार्यवाई तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। शुक्रवार को तेजतर्रार एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने जिले के सभी थानों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थानों के थानाध्यक्ष से उनके क्षेत्र में होने वाले कांडों के बारे में चर्चा किया तथा अहम निर्देश दिए। बैठक में अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अपराध में कमी लाने का कड़ा निर्देश दिया। चेतावनी दी कि अपराध का ग्राफ बढ़ा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसएसपी ने कई थानेदारों की जमकर क्लास लगाई। एसएसपी ने रात्रि गश्ती तेज करने और कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। एसएसपी ने सख्त लहजे में कहा कि अच्छा काम करने वालों से ही थाना चलवाया जायेगा। सभी अधिकारी व पुलिसकर्मी अभी से चेत जायें। शिकायत मिलने पर कार्रवाई तय है। थानों पर पहुंचने वाले हर मामलों को निष्पादित किया करें। थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली भी तैयार कर लें। किसी थाना क्षेत्र में शराब बिकने पर कार्रवाई होगी। लंबित सहित अन-?य मामलों की समीक्षा वहीं क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने थानेवार लंबित मामले, शिकायतें, लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट, नोटिसों का तामिला आदि की समीक्षा की। बैठक में एसएसपी सहित एसपी सिटी, एसपी देहात एवं सभी पुलिस निरीक्षक व थानाध्यक्ष शामिल थे। क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थानाध्यक्षों को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि थाना पहुंचने वाले लोगों के साथ शिष्ट व्यवहार करें। एसएसपी ने कहा कि किसी भी थाना क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन व शराब बिक्री की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष नपेंगे। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को हर हाल में पोस्तो की खेती, बालू उत्खनन व शराब तस्करी पर रोक लगाने को कहा। फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें। एसएसपी ने कहा सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्वयं रात्रि-गश्ती करेंगे। एसएसपी ने शराब की मामले पर कहा कि हर हाल में शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

## डीएम ने नीलामी के लिये गठित की कमेटी

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह के आदेश दिनांक 18.08.2025 के अन्तर्गत निष्प्रोज्य सामग्री की नीलामी हेतु अपर जिलाधिकारी (नगर) मुरादाबाद, मुख्य कोषाधिकारी सहायक अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक खण्ड) लोक निर्माण विभाग की कमेटी गठित की गई है। जिसके अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी नगर भूमि सीमारोपण ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि आगामी दिनांक 28.08.2025 को अपरान्ह् 4:00 बजे अपर जिलाधिकारी नगर के कार्यालय में निष्प्रोज्य एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रखी वस्तुओं/सम्पत्ति की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति आई0डी0 के साथ समय से पूर्व आकर जमानत धनराशि रुपये 5,000/- नगर भूमि सीमारोपण कार्यालय मुरादाबाद में जमा करके नीलामी में भाग लेकर बोली लगा सकते हैं।

इच्छुक व्यक्ति निष्प्रोज्य सामग्री को किसी भी कार्य दिवस में नगर भूमि सीमारोपण कार्यालय में देख सकते है। जिस व्यक्ति द्वारा सबसे अधिक बोली लगाई जाएगी उसके पक्ष में नीलामी छोड़ दी जाएगी। नीलामी की धनराशि संबंधित व्यक्ति को उसी दिन एकमुश्त जमा करनी होगी। यदि धनराशि जमा नहीं की जाती है तो जमानत धनराशि जब्त कर ली जाएगी।

## क्षत्रिय महासभा द्वारा एसएसपी सम्मानित

बदायूँ। क्षत्रिय महासभा बदायूं एवं महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं डॉ बृजेश कुमार सिंह को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पदक प्राप्त होने तथा कांवर यात्रा सकुशल संपन्न कराने पर अंग वस्त्र तथा महाराणा प्रताप का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट, क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिंह, क्षत्रिय सैनिक सभा के संरक्षक विजय रतन सिंह, क्षत्रिय महासभा बदायूं के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह, सैनिक सभा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व संगठन के सहयोगी सुदीप चौहान आदि उपस्थित रहे।

## शारीरिक व मानसिक रूप से रहे फिट: एसएसपी



बदायूँ। एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन ''डॉ0 देवेन्द्र कुमार'' द्वारा किया गया। टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी तथा सभी पुलिस कर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, समयबद्धता, और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व पर बल देते हुए प्रेरित किया गया एवं पुलिस सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ स्थित क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आर0टी0सी बैरक, स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय, शौचालय आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी दातागंज के0के0 तिवारी, क्षेत्राधिकारी बिसौली सुनील कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, आरटीसी प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुण्डीर व प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी व विसर्जन हेतु दिशा-निर्देश जारी, मजिस्ट्रेट नामित

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने आगामी गणेश चतुर्थी पर्व 27 अगस्त से 06 सितम्बर 2025 एवं गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन 31 अगस्त से 01 सितम्बर 2025 को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेशानुसार नगर क्षेत्र बदायूँ में शोभायात्रा व प्रतिमा विसर्जन हेतु तीन मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। मोहित कुमार, उप जिलाधिकारी सदर शोभायात्रा के आगे, राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तहसील सदर शोभायात्रा के मध्य तथा अशोक कुमार, तहसीलदार सदर शोभायात्रा के पीछे तैनात रहेंगे।गंगा घाटों पर प्रतिमा विसर्जन हेतु नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग तथा पुलिस प्रशासन को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति तथा सुरक्षा बलों की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोवंश की निगरानी हेतु टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।बिजली विभाग को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पुलिस बल को पूरी सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। शोभायात्रा एवं विसर्जन के दौरान परम्परागत मार्ग से ही आयोजन होगा तथा किसी भी प्रकार की नई परम्परा नहीं अपनाई जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि आयोजन पूर्णतः शांति, सौहार्द्र एवं कानून-व्यवस्था के बीच सम्पन्न होगा और किसी भी अराजक तत्व पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गन्ना मूल्य भुगतान और खाद आपूर्ति सहित विभिन्न मुद्दों पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**जिलाधिकारी ने संबंधित चीनी मिल प्रबंधकों को गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए साथ ही जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए कि चीनी मिलों द्वारा यथाशीघ्र भुगतान किया जाए**

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर मौजूद विभिन्न किसान संगठनों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान, जर्जर विद्युत लाइन, आवारा पशु सहित कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दे जिलाधिकारी के समक्ष रखे गए।

बिलारी चीनी मिल और बेलवाड़ा चीनी मिल द्वारा किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान अब तक न किए जाने पर किसान संगठनों ने इन चीनी मिलों के विरुद्ध कार्रवाई करने और यथाशीघ्र भुगतान कराने का मुद्दा उठाया। जिलाधिकारी ने संबंधित चीनी मिल प्रबंधकों को गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए साथ ही जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए कि चीनी मिलों द्वारा यथाशीघ्र भुगतान किया जाए अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही कराएं। किसानों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह पर विद्युत तार काफी जर्जर हैं तथा कई स्थानों पर विद्युत तार ढीले हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है, इस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को स्थलीय निरीक्षण कराकर जर्जर और ढीले विद्युत तारों और टेढ़े विद्युत पोलों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं के कारण हो रही समस्या के बारे में भी किसानों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा कहा कि इन आवारा पशुओं को निकटतम गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए। जिलाधिकारी ने खाद आपूर्ति को लेकर भी किसानों से बातचीत की जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है तथा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, सचिव एमडीए श्रीमती अंजू लता, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह और उपनिदेशक कृषि श्री संतोष द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

# जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों किसान : रमाकान्त उपाध्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उ0प्र0 गोसेवा आयोग के मा0 सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने गौ-संरक्षण व संवर्धन की जिला स्तरीय अनुसंधान मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को गोवंशों की चिंता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क पर कोई निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोबर व गोमूत्र बहुमूल्य हैं। गाय के मूत्र में बर्बरीन नामक तत्व पाया जाता है जिससे कैंसर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना के गौ पालकों को सब्सिडी पर वायोगैस संयंत्र दिया जाए, जिससे वह जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि कुपोषित गोवंशों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा गांवंश को दिए जा रहे हैं चारे की गुणवत्ता तथा पीने के पानी की शुद्धता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गोवंशों के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सड़क पर कोई निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनपद के किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अपने कार्यालय में नमामि गंगे, यूपी डास्प, कृषि व उद्यान आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद में गो-संरक्षण की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि जनपद में 294 ग्रामीण क्षेत्र, 03काजीं हाऊस, 05 वृहद गो-संरक्षण, 03 कान्हा गोवंश आश्रय स्थल, 12 अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल संचालित है।

## धान के स्थान पर दलहनी व अन्य फसलों को बढ़ावा देगा यूपी डास्प

बदायूँ। यूपी डास्प के जिला परियोजना समन्वयक ने जानकारी दी है कि कृषि विविधीकरण परियोजना यूपी डास्प जनपद बदायूँ अन्तर्गत जनपद में धान का प्रतिस्थापन कर कम पानी की खपत वाली दलहनी एवं अन्य फसलों को बढावा दिया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जनपद में कुल 1564 हे0 क्षेत्रफल का प्रतिस्थापन यूपी डास्प बदायूँ द्वारा किया जायेगा। यह योजना क्लस्टर आधारित होगी, जिसमें प्रत्येक क्लस्टर 10 हे0 का होगा, जिसके अन्तर्गत 156.4 क्लस्टर का गठन किया जायेगा। कृषकों द्वारा धान के स्थान पर उर्द, बाजरा, मक्का, मूँगफली एवं खरीफ सब्जियाँ आदि कम पानी खपत करने वाली फसलों की खेती करने को प्रेरित किया जायेगा एवं कृषकों को नयी तकनीकों के साथ उन्नत बीजों की बोआई करने हेतु जागरूक किया जायेगा। इच्छुक कृषक फसल प्रदर्शन के साथ-साथ कृषि यंत्रो पर अनुदान हेतु फार्म मशीनरी एवं स्थल विशिष्ट गतिविधि में यूपी डास्प की वेबसाइट बबब.फ्धदथपध.दध.द्वद्ध पर ऑनलाइन आवेदन व पंजीकरण कर सकतें हैं। वेबसाइट को पुनः 22 अगस्त 2025 दोपहर 12:00 बजे से 31 अगस्त 2025 रात्रि 12:00 तक खोला जा रहा है। आवेदन हेतु आवश्यक अभिलेख जैसे कृषक पंजीकरण नं0, फैमिली आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी एवं खसरा जिसमें गत वर्ष का धान का रकवा प्रदर्शित हो आवश्यक होंगे। सभी लाभार्थियों का चयन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृषक यूपी डास्प कार्यालय कमरा नं0 330, विकास भवन बदायूँ में संपर्क कर सकते हैं।

## स्वरोजार के लिये बेरोजगारों को दिये जायेगें 10 हजार का लोन

मुरादाबाद। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण/संचालन योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन को स्वः रोजगार हेतु गुमटी, खोखा आदि की दुकान खोलने के लिए 10 हजार रुपए प्रदान किए जाते है, जिसमें 7500 रुपए ऋण एवं 2500 रुपए अनुदान के रुप में दिया जाता है। योजना का लाभ लेने हेतु दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम् फोटो, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि का अंकन हों, आय प्रमाण पत्र (आयकर दाता न हो), राष्ट्रीय बैंक में खुले बैंक खाता की छायाप्रति, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत या उससे अधिक) की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, सामान्य निवास प्रमाण, गारेन्टर के आधार कार्ड की छायाप्रति तथा रुपये 330 का ई-स्टाम्प उपलब्ध कराना होगा। दुकान निर्माण/संचालन योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांगजन दुकान निर्माण/संचालन का ऑनलाइन फार्म http//divyanjandukan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक द्वारा दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम् फोटो, आय व जाति प्रमाण पत्र, आयु का प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित बैंक खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन ऑनलाइन बेवसाइट पर करना अनिवार्य है

# ब्रिक्सटन मोटरसाइकलें और वीएलएफ टेनिस इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । केएडब्ल्यू वेलोस मोटर्स प्रा. लिमिटेड (केवीएमपीएल) के उद्यम मोटोहॉस ने लखनऊ में राजश्री मोटर्स के साथ मिलकर अपनी नई डीलरशिप शुरू की है। यह कदम विश्वस्तरीय मोटरसाइकलें और मोबिलिटी समाधान प्रदान करने के मोटोहॉस के मिशन का हिस्सा है। ब्रिक्सटन की मोटरसाइकल रेंज - क्रॉसफायर 500 एक्स, क्रॉसफायर 500 एक्ससी, क्रोमवैल 1200 और क्रोमवैल 1200 एक्स - स्टाइल, परफोर्मेंस और आधुनिक तकनीक का शानदार मिश्रण है। वहीं, वीएलएफ टेनिस इलेक्ट्रिक स्कूटर सस्टेनेबल और शहरी परिवहन के लिए डिज़ाइन किया गया है। तुषार शेळके, मैनेजिग डायरेक्टर, केवीएमपीएल-मोटोहॉस ने कहा, हम भारत में राइडिग अनुभव को नया आयाम दे रहे हैं। हमारा लक्ष्य विरासत और इनोवेशन के साथ प्रीमियम दोपहिया वाहन उपलब्ध कराना है। लखनऊ का नया शोरूम 1200 वर्गफीट में फैला है, जिसमें 800 वर्गफीट की अलग वर्कशॉप है, जो उत्कृष्ट अनुभव और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सर्विस प्रदान करता है। वारंटी विवरण:ब्रिक्सटन मोटरसाइकलें: 2 साल की वारंटी + 2 साल की एक्सटेंडेड वारंटी, वीएलएफ टेनिस इलेक्ट्रिक स्कूटरः 3 साल की वाहन वारंटी + 3 साल की बैटरी वारंटी वीएलएफ टेनिस इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 1,29,999, ब्रिक्सटन क्रॉसफायर 500 एक्स और 500 एक्ससी 4,74,100 से शुरू, ब्रिक्सटन क्रोमवैल 1200 7,83,999, ब्रिक्सटन क्रोमवैल 1200 एक्स (लिमिटेड एडिशन - 100 यूनिट्स) 9,10,600 रुपए है।

# जिलाधिकारी ने ग्राम मधुनगला में स्थित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज जनपद बरेली की तहसील नवाबगंज के ग्राम मधुनगला में स्थित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा विगत दिनों गौशालाओं में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कठोर निर्देश दिये गए थे जिसका प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा था। गौशाला की साफ सफाई, गौवंशो को भूसा, हरा चारा आदि पर्याप्त मात्रा में दिया जा रहा था। गोवंश स्वस्थ थे। गोवंश हेतु पीने के पानी की समुचित व्यवस्था पायो गयी और गोवंशों के चारे पानी आदि के बर्तन भी साफ सुथरे पाए गए।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हरा चारा/भूसा पर्याप्त मात्रा में संरक्षित है एवं बीमार गाय तथा नंदियों के लिए अलग-अलग रखने की व्यवस्था की गयी है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूछा कि गौशाला में कितनी गाय आश्रित हैं, जिस पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में 350 गाय रखने की क्षमता है, जिसके सापेक्ष 417 गाय रह रही हैं, जिनमें से 219 गाय एवं 198 नंदी हैं। जिलाधिकारी ने गौशाला में रह रही गायों को समय-समय पर हरा चारा, भूसा, पीने के पानी के बर्तन को हमेशा साफ रखने आदि के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित गोपालक को भी निर्देश दिये कि गायों को भोजन सही समय पर व उच्चतम क्वालिटी का दिया जाए। उपजिलाधिकारी नवाबगंज को निर्देश दिए कि सप्ताह में एक बार गौशाला का निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गए कि यदि किसी गौवंश की स्वाभाविक मृत्यु हो जाती है तो उसे निर्धारित व्यवस्था के अनुसार गहरा गड्ढा खोद के नमक आदि डाल कर उसे दफनाया जाये कम गहरे गड्ढे में ना दफनाया जाये वरना जंगली पशु या कुत्ते आदि खोद कर मृत गौवंश के शरीर को बाहर निकाल सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन के द्वारा समस्त गौशालाओं में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जा रहे हैं, जिससे गौशालाओं में गायों, हरे चारे/भूसे, साफ-सफाई आदि की स्थिति का पता लग सके। जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में रह रही गायों को गुड़ व चने का भी सेवन कराया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी वार्ता भी की। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी नवाबगंज उदित पवार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल (बहजोई)। विकासखंड असमोली के प्राथमिक विद्यालय बिलालपत में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में द्वितीय सत्र में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। आईसीडीएस विभाग से सीडीपीओ रचना यादव द्वारा विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं आयुष्मान गोल्डन कार्ड, टीकाकरण, एएनसी जांच आदि के विषय में ग्रामीणों को बताया गया। कृषि विभाग द्वारा कृषि से संबंधित योजनाओं के विषय में जानकारी दी तथा सरसों के बीज की निशुल्क मिनी किट तथा श्रीअन्न के बीज की मिनी किट के विषय में भी बताया। कृषि यंत्रीकरण, सोलर पम्प, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, तथा एफपीओ के गठन तथा उसके लाभ के विषय में भी बताया गया। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत नीति आयोग के आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की तथा आशा डायरी को चेक किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती माताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।कोई भी प्रसव गाँव में एवं दाई के माध्यम से न हो।डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन की जांच के विषय में भी जानकारी प्राप्त की तथा सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच शत प्रतिशत हो। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड शत प्रतिशत बने।अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड के विषय में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीण आवासों के विषय में भी जाना। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि सभी लोगों अपने बच्चों को विद्यालय में भेजें तथा मदरसों आदि में किसी अन्य समय भेजें। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गाँव को फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी से शतप्रतिशत संतृप्त किया जाए। एबीपी कार्यक्रम अर्थात आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया।गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच पंजीकरण के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं की 4 जांच आवश्य की जाएं।समय से टीकाकरण किया जाए। कक्षा 3 एवं कक्षा 5 तथा कक्षा 8 के बच्चे गणित एवं भाषा में दक्ष होने चाहिए ।

## डीपीबीएस कालेज में दीक्षोत्सव का आयोजन

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में दीक्षोत्सव का आयोजन कर भाषण, लोक नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। शुक्रवार को डीपीबीएस कालेज मेंआयोजित लोक नृत्य कार्यक्रम में चंचल प्रथम, मोनिका द्वितीय, प्रिंसी तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक के रूप में प्रो. चंद्रावती व डा. सुनीता गौड़ रही।देश भक्ति गीत कार्यक्रम में कौशेंद्र प्रथम, ज्योति द्वितीय, आस्था शर्मा तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में प्रो. चंद्रावती व डा. सुनीता गौड़ रही। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें भूमिका प्रथम, अजिता मिश्रा द्वितीय, मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। और निर्णायक के रूप में डा. सुनीता गौड़ व संयोजक डा.आलोक कुमार तिवारी रहे। श्रीमती कामिनी अग्रवाल संयोजक द्वारा अंग्रेजी में काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रिया, प्रियांशी, कल्पना, खुशबू, प्रीति, दुर्गेश, महक सैफी, भूमि यादव, गौरी कुमारी आदि ने प्रतिभाग किया। जिसमें गोल्डी व तमन्ना चौधरी ने प्रथम स्थान, कौशेंद्र व कविता चौधरी द्वितीय कौशिकी शर्मा तृतीय स्थान पर रही।

# नोएडा कमिश्नरेट पुलिस एवं उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस ने आयोजित की कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौतमबुद्ध नगर। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में नोएडा कमिश्नरेट पुलिस एवं उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अपराध की रोकथाम एवं उपचार विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पुलिस आयुक्त कार्यालय, सेक्टर-108 में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के संस्थापक/निदेशक- एडीजी डॉ. जी. के. गोस्वामी द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया तथा ल्लसाइबर अपराध की रोकथाम एवं उपचारङ्क संबंधित विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया, जिसमें बताया गया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध समाज, अर्थव्यवस्था व राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। इंटरनेट ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी, डाटा चोरी तथा महिलाओं-बच्चों से जुड़े ऑनलाइन अपराधों की रोकथाम हेतु नागरिकों को साइबर सुरक्षा की जानकारी, तकनीकी प्रशिक्षण व व्यवहारिक जागरूकता आवश्यक है।**इसी क्रम में नोएडा कमिश्नरेट पुलिस एवं उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में ल्लसाइबर अपराध की रोकथाम एवं उपचारङ्क संबंधित विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्थानीय नागरिकों, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों एवं साइबर अपराध के पीड़ितों द्वारा विशेष रूप से प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला के दौरान साइबर अपराध की चुनौतियों, समस्याओं एवं उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया एवं साइबर अपराध से संबंधित विवेचना अधिकारी एवं अभियोजन अधिकारी द्वारा भी इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया।**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा समय-समय पर नागरिकों को इंटरनेट ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी, डाटा चोरी तथा महिलाओं-बच्चों से जुड़े ऑनलाइन अपराधों की रोकथाम हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने हेतु निरंतर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

# बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही क्लिनिकों पर नहीं लग रही रोक

**मरीजों की जान आफत में सब जानकर भी अधिकारी नहीं करते कार्रवाई , शहरों की तर्ज पर हाई–फाई बनाते हैं क्लिनिक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में झोला छाप डॉक्टरों की भरमार है यहां ऐसे कई क्लिनिक चल रहे हैं जिनकी स्वास्थ्य विभाग लगातार अनदेखी कर रहा है। इस तरह के क्लिनिकों के न तो लाइसेंस हैं और न ही कथित डॉक्टर कहलानेवालों के पास कोई डिग्री।बावजूद गांव के मरीजों को बेकूफ़बनाकर खुद आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। मरीजों की जान की परवाह किए बगैर इलाज के नाम पर ग्रामीणों से रुपए ऐंठ लेते हैं।बाजा रों व चौक चौराहों पर झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं।उनकी दुकानों पर लगे बोर्ड में बड़े-बड़े डॉक्टर और डि ग्री इस तरह लिखा जाता है जैसे ये लोग तमाम तरह की बीमारियों को पलभर में ठीक कर दें।लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए तमाम त रह की डिग्रियों का जिक्र भी होता है। लेकिन सोचने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग सब कुछ जानते हुए भी कुछ नहीं करते। इनके क्लिनिकों के नाम भी बड़े शहरों की क्लि निकों की तर्ज पर रहते हैं।इससे लोग आसानी से प्रभावित हो जाते हैं। मरीज अच्छा डॉक्टर समझकर इलाज करवाते हैं,लेकिन उन्हें इस बा त का पता नहीं रहता है कि उनका इलाज भग वान भरोसे किया जा रहा है।कार्रवाई नहीं होने के चलते बढ़ती जा रही है।फर्जी क्लिनिकों लो गों के जीवन से हो खिलवाड़ क्र रहे है।सीरिय स होने पर मरीजों को कर देते हैं रेफर मरीजों को वही दवा लिखी जाती है जिससे उन्हें कमी शन मिलते है।अक्सर ऐसे मामले देखने को मि लते हैं कि फर्जी डॉक्टरों के इलाज से मरीज की जान पर आफत आ जाती है।फर्जी डॉक्टर अपने बचाव के लिए प्राइवेट अस्पताल रेफर कर देते है।स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन को इ सकी भनक तक नहीं है कि क्षेत्र में फर्जी डॉक्ट रों द्वारा कितने बिना पंजीकरण के क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं, मरीजों को लुभाने के लिए बड़े डॉक्टरों की तर्ज पर कई तरह के जां च भी करवाते हैं और जांच के आधार पर मरी ज का इलाज करते हैं।ताकि, मरीजों को लगे कि डॉक्टर सही है एवं उनका इलाज सही तरी के से किया जा रहा है। लगभग हर बाजार में एक-दो फर्जी क्लिनिक चल रहे हैं।फर्जी डाक्ट रों ने इस धंधे को और लाभदायक बनाने के लि ए जिले के कुछ बड़े और निजी अस्पतालों से भी सांठगांठ कर रखी है।मरीज की हालत ज्या दा गंभीर होने पर जिले में भेज देते हैं।वहां से उन्हें कमीशन के तौर पर फायदा होता है।

### फर्जी डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग का नहीं है खौफ

गांवों व बाजारों में सैकड़ों की संख्या में झोला छाप डॉक्टर क्लीनिक चला रहे हैं।उन्हें पता है कि विभाग के लोग कभी छापेमारी करने नहीं आते।कभी-कभार विभागीय पदाधिकारी आते भी हैं तो इस बात का पता पहले ही चल जाता है और वे लोग क्लीनिक बंद कर फरार हो जाते हैं।अवैध क्लीनिकों के अलावा अवैध मेडिकल स्टोर भी बड़ी संख्या में चल रहे हैं।यही नहीं इन मेडिकल स्टोर पर उन दवाइयों को भी आसानी से लिया जा सकता है जिन पर बैन है।

### सर्जन बनकर करते हैं आपरेशन

कई ऐसे झोलाछाप डॉक्टर हैं जो सर्जन बनकर मरीजों के जान से खिलवाड़ करते हैं।कई फर्जी क्लिनिकों में हाइड्रोसील,बवासीर, अपेंडिक्स आदि संवेदनशील ऑपरेशन किए जाते हैं।ये लोग मरीजों को कम खर्च में इलाज का लालच देकर उन्हें फंसा लेते हैं।जानकारी नहीं होने के चलते मरीज भी झांसे में आ जाते हैं।वही स्था नीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो इनकी संख्या बढ़ती ही जाएगी।मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता रहेगा।लोग स्वा स्थ्य विभाग एवं प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।जिससे आम जनमानस को फ र्जी डॉक्टर के चंगुल में फंसने से बचाया जा स के,हाल यह है कि छोटी बीमारी में भी मरीजों की अच्छी-खासी खर्च हो जाती है।

# गोंडा में किशोरी की हत्या,खेत में मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरे ललक गांव में एक 17 वर्षीय किशोरी की हत्या का मामला सामने आया है। युवती का शव धान के खेत से बरामद हुआ है।परिजनों के अनुसार, किशोरी दोपहर तीन बजे से ला पता थी।काफी खोजबीन के बाद शाम पांच बजे गांव के पास धान के खेत में उसका शव मिला।शव पर चोट के निशान मिले हैं।हत्यारों ने युव ती को उसी के दुपट्टे से गला घोंटकर मार डाला है,घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अ धीक्षक विनीत जायसवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।उन्होंने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वा यड को जांच के लिए बुलाया।किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि मामले का जल्द खुलासा करना उनकी प्रा थमिकता है।हत्यारों का पता लगाने के लिए पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि किशोरी का किसी के साथ कोई विवाद था या नहीं पुलिस ने जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# गाँव की पीड़ा:31 वर्षो बाद भी गांव वालों को सड़क निर्माण के इंतजार में पथरा गईं आँखे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। विकासखंड कटरा बाजार की ग्राम पंचायत कोटिया मदारा के ग्रामीणों ने वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण की मांग उठाई है। इसी क्रम में गांव के निवासी दीप नारायण शुक्ला पुत्र चुनमुन लाल शुक्ल ने मंडलायुक्त देवीपाटन को एक शिकायती पत्र सौंपकर गांव में पक्की सड़क बनवाने की मांग की है।दीप नारायण शुक्ला ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत के मजरा अशोकवापुर व मदारा की सड़क पर वर्ष 1995 में केवल खड़ंजा का कार्य कराया गया था।इसके बाद से न तो मरम्मत हुई और न ही पक्की सड़क का निर्माण,गाँव में स्थिति यह है कि वह सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है और जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है।ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दिनों में सड़क दलदल और कीचड़ में बदल हो जाती है, जिससे राहगीरों को गुजरना मुश्किल हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है जिन्हें रोजाना इसी रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है।वहीं, बीमार मरीजों को अस्पताल तक ले जाना किसी चुनौती से कम नहीं रह जाता।शिकायत कर्ता दीप नारायण शुक्ला ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के प्रधान विशेष समुदाय से आते हैं और मजरे में उनके समुदाय की संख्या कम है।

इसी कारण इस क्षेत्र में कोई भी विका स कार्य नहीं कराया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि भेदभाव की वजह से यहां की सड़क दशकों से उपेक्षित है, जबकि अन्य जगहों पर विकास कार्य कराए जा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।अब मंडला युक्त को पत्र लिखकर उन्होंने गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस जर्जर सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि गांव के लोगों को राहत मि ल सके।

## छठी उत्सव पर कृष्ण भक्ति की छटा, विश्वनाथ मंदिर में गूंजे भजन–कीर्तन

नानपारा, बहराइच। जन्माष्टमी के उपरांत भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व नानपारा क्षेत्र में अपार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। घर-घर डोल सजाकर बालकृष्ण का श्रृंगार किया गया, भोग अर्पित किए गए और भक्तों ने उन्हें झूला झुलाया। जगह-जगह आकर्षक झांकियां सजीं और भक्ति संगीत की ध्वनि से वातावरण मंत्रमुग्ध हो उठा। पुरानी तहसील स्थित विश्वनाथ मंदिर में छठी उत्सव की विशेष रौनक रही। मंदिर प्रांगण को फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया। दिनभर भजन-कीर्तन के आयोजन हुए, जिनमें कृष्ण भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का गुणगान किया। बच्चों द्वारा भगवान के बाल स्वरूप का मनोहारी श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर उल्लास व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर धर्मेन्द्र गुप्ता (अध्यक्ष), राम कुमार गुप्ता, राहुल कश्यप, पूरनमल मिश्र, दिलीप जायसवाल, अविनाश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने सरयू घाट का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। आगामी कजरी तीज पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व धार्मिक अनुष्ठानों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल ने सरयू घाट का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी नेसरयू घाट क्षेत्र में की गई बैरिकेटिंग,बैरियर, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, गोताखोरों की उपलब्धता तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया है।उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं कजरी तीज पर्व पर परम्परागत रूप से श्रद्धालु ओं की बड़ी संख्या सरयू घाट पर जल भरने के लिए पहुँचती है तथा जल लेकर विभिन्न थाना क्षेत्र कर्नलगंज के बरखण्डी नाथ मंदिर, थाना खरगूपुर क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीनाथ मंदिर तथा कोत वाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित दु:खहरण नाथ मंदिर पर जलाभिषेक करती है।इस दौरान कां वड़ यात्रा,शोभा यात्राओं का भी आयोजन होता है,जिसमें जनपद सहित पड़ोसी जनपदों से ला खों की संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता होती है।भीड़-भाड़ और संवेदनशीलता को दे खते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा एवं यातायात प्रबन्ध किए गए हैं।सरयू घाट एवं मंदिर परिसरों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती,महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी, गोताखोर दल, एंटी रॉयट ड्रोन टीम,आरएएफ पीएसी बल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बना ए रखने हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं तथा प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त बैरिकेटिंग व पार्किंग व्यवस्था की गई है।पुलिस अधीक्षक महोदय ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने, श्रद्धालुओं को मार्गद र्शन देने, भीड़ नियंत्रण हेतु माइक,पीए सिस्टम का प्रयोग करने और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु तत्पर रहने के निर्देश दिए। महोदय ने यह भी कहा कि कजरी तीज पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है,अतः सभी सम्बन्धित अधिकारीगण समय-समय पर मौके पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें।

# जमीन के विवाद में जमकर चले लाठी–डंडे और ईंट–पत्थर

**विवाद में 2 पक्षों ने की मारपीट, जान बचाने के लिए भागते रहे लोग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। हांसूपुर हाबर्ट बंधे पर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी, डंडे और बीच सड़क पर ईंट-पत्थर चले। जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। सड़क पर राहगीर भी जान बचाने के लिए तेज स्पीड में गाड़ी भगाते दिखे। इस दौरान 10 से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहावीडियो में एक जगह दिख रहा है कि घर के अंदर छिपा एक युवक मोबाइल से बात करते हुए अपने पिता से कह रहा है- पापा घर मत आना, वरना जान से मार देंगे। जल्दी से थाना जाइए। इसके बाद वह घर के अंदर से ही बवाल का वीडियो बनाने लग रहा है। राजघाट थाना क्षेत्र में हाबर्ट बंधे के पास गुरुवार को जमीन के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष शुरू हो गया। अपराह्न करीब 3 बजे पन्नेलाल यादव अपने परिवार के राम बचन यादव, प्रिंस यादव, गुल्लू यादव के साथ मिलकर अपने जमीन पर निर्माण करा रहे थे।तभी भज्जू यादव अपने परिचित राकेश यादव, सजानंद यादव, सचिन यादव, भोला भोला, शिवम यादव समेत 50 अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां निर्माण करने का विरोध करते हुए गाली गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई।पहले लाठी डंडे चले फिर विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते दोनों पक्षों में सड़क पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को अस्पताल भेजवाया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में किया।हाबर्ट बंधे के पास करीब 15 मिनट तक मारपीट का सिलसिला चलता रहा। एक पक्ष की बढ़ती भीड़ देख, दूसरा पक्ष घर के अंदर भाग गया।सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने बताया कि राजघाट थाने में दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसेंट खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने बाँटी बाढ़ पीड़ितो को राशन खाद्य सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव । जनपद में आई बाढ़ से प्रभावित पीड़ितों को पैक्ड खाने पीने का सामान बांटने खालसा एवं एसेंट कॉलेज के विद्यार्थी और शिक्षक गण एकत्रित हो कर शुक्लागंज पहुंचे । बाढ़ राहत के लिए बिस्किट , चिप्स , ग्लूकोस , पानी की बोतलें , लैया -चना आदि खाने का सामान विद्यार्थियों द्वारा बांटीं । इस समाज सेवा के मौके पर रोट्रेक्ट क्लब ऑफ़ एसेंट कॉलेज का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा।खाने पीने का सामान पा कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राहत और ख़ुशी महसूस हुई ।

# अखिलेश का पीडीए यानी ‘पार्टी ही दलित अत्याचारी: हरिनाथ भाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । सपा प्रमुख श्री अखिलेश यादव जी नें, पीडीए नामक एक नया आविष्कार किया है। उनका कहना है कि इसका मतलब ‘ पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक‘ है। यह नाम और काम, दोनों परस्पर विरोधाभाषी हैं कि नहीं, यह तो बाद की बात है। हॉ, इतना जरूर है कि अखिलेश जी का जो 5 वर्ष का कार्यकाल रहा और उन्होंने दलित समाज के साथ जो अत्याचार किया,उससे पीडिए का फुल फार्म ‘पार्टी ही दलित अत्याचारी‘ होता है। ''यह विचार भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सदस्य उ0प्र0एससी एसटी आयोग, हरिनाथ भाई के हैं।

एक मुलाकात में उन्होंने आगे बताया कि सन 2012 में मुख्यमंत्री बनते ही, अखिलेश यादव जी नें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण में प्रोमोशन के कोटा को निरस्त कर, लगभग ढ़ाई लाख अधिकारियों/कर्मचारियों का डिमोशन कर, लाखों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था। कई अधिकारी तो आत्महत्या के कगार पर पहुंच गए थे। ये वही अखिलेश यादव हैं जो सदन में आरक्षण का विरोध करते हुए,उसकी प्रतियों को फ़ाड़ कर, हवा में उछाल कर बाबा साहेब के बनाए संवैधानिक व्यवस्था का मज़ाक़ उड़ाया था। इसके अलावा अखिलेश यादव जी नें, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के छात्रों की छात्रवृत्ति बन्द कर, घृणित कृत्य किया था। अखिलेश जी ने ठेकेदारी व्यवस्था में,दलितों के आरक्षण को भी खत्म कर दिया था। सपा के पालतू गुण्डे, दलितों की जमीनों को आसानी से कब्जा कर सकें अथवा जबरन अपनें नाम, बैनामा करा सकें, इसके लिए, दलित समाज के जमीन के बैनामा में सरकारी अनुमति की व्यवस्था को ही निरस्त कर दिया था।

कन्नौज में बाबा साहेब के नाम के मेडिकल कॉलेज , लखनऊ में सन्त ज्योतिबा फूले के नाम के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया और लखनऊ में ही बाबा साहेब के नाम के पार्क का नाम बदल कर लोहिया पार्क कर दिया। अखिलेश ने उ0प्र0के करीब एक दर्जन जिले,जो दलित समाज के महापुरुषों के नाम पर रखे गये थे, का नाम बदल कर यह संदेश दिया कि मैं दलित समाज के नागरिकों का ही नहीं बल्कि दलित समाज के महापुरुषों का भी विरोधी हूं। अखिलेश यादव जी के कार्यकाल में दलित समाज के अधिकारियों को, महत्वपूर्ण पदों से हटा दिया गया था, तथा अधिकांश के खिलाफ, दुर्भावना से ग्रसित हो,जांच बैठा दी गयी थी। ज्ञात हो कि बेटा ही नहीं बल्कि बाप भी निराले थे। श्री मुलायम सिंह यादव जी जब उप्र 0 के मुख्यमंत्री बनें तो महात्मा बुद्ध के प्रतीक कुशीनगर जिले के गठन के साथ ही, उसका नाम बदल कर, पडरौना जिला रख दिया था।

दलित समाज की लड़कियों के साथ, सपा के गुर्गों द्वारा हो रहे अत्याचार और बलात्कार पर, मुलायम सिंह जी नें कहा था कि ''लड़कों से गलती हो जाती है'' ।भाई जी नें आगे कहा कि पुज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने मुझे उ0प्र0एससी,एसटी आयोग का सदस्य बनाया था। मैंने देखा कि पूरे प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की जितानें शिकायतें आयीं थी, उसमें लगभग 600/0 एक जाति विशेष के ही मुल्जिम थे। सपा द्वारा दलित समाज के साथ अत्याचार करना ही उनका भूत, भविष्य और वर्तमान है। अतःबेहतर होगा कि अखिलेश यादव सन 2027 में होंने वाले विधानसभा चुनाव के सन्दर्भ में, ‘मुंगेरीलाल के हसीन सपनें‘ देखना बन्द कर दें । हरिनाथ भाई ने कहा कि अखिलेश जी नें पीडीए का मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक बताया है। इनका विकास करना है या विनाश, यह स्पष्ट नहीं किया है। हॉ , कुछ उदाहरण है जिससे पीडीए के हकीकत को समझा जा सकता है।

सपा के पालतू गुन्डे जो मुस्लिम समाज से थे, ने पिछड़े समाज के राजू पाल की सरेआम हत्या कर दी। राजू पाल, इलाहाबाद पश्चिम से विधायक थे। मुलायम सिंह और अखिलेश जी का, हत्यारों को पूरा संरक्षण मिला था। स्व0राजू पाल की विधायक पत्नी, पूजा पाल, जब सदन में पार्टी को आईना दिखायी तो, अखिलेश जी ने उसे, सपा से ही निकाल दिया। दलितों के साथ, सपा की स्थापना काल से जो अत्याचार होता रहा, वह किसी से छिपा नहीं है।उत्तर प्रदेश का दलित समाज, अब समाजवादी पार्टी को समझ गया है उसके अध्यक्ष रहे, बाप-बेटे से मिले जख्मों को अभी भूला नहीं है। लोकसभा चुनाव में, जनता में अफवाह फैला कर और झूठ बोल कर कुछ सीटें प्राप्त कर, अपना पीठ थपथपाने न वाले, अखिलेश जी, ‘27 के विधानसभा चुनाव में सर पीटनें की स्थिति आनें वाली है क्योंकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज गया है किपीडीए की वास्तविक परिभाषा है - ''पार्टी ही दलित अत्याचारी ''

## सीएमओ की औचक जांच, व्यवस्थाओं पर लिया फीडबैक, सुधार के निर्देश



नानपारा, बहराइच। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नानपारा का औचक निरीक्षण कर मरीजों और स्टाफ से सीधे फीडबैक लिया। उन्होंने वार्डों का भ्रमण कर उपचार व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, सफाई और स्टाफ के व्यवहार को लेकर जानकारी एकत्रित की। निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों को दूर करने के लिए सीएमओ ने अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर इलाज और बेहतर सुविधाएं मिलें। स्वच्छता व्यवस्था और बिजली की समस्या पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। मीडिया से बातचीत में सीएमओ ने कहा कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई तेज होगी। किसी भी शिकायत पर तत्काल जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीएचसी की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार होगा और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है कि कोई भी मरीज इलाज के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर न हो। सभी को समय पर दवा, उपचार और आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# राणी सती मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**महिला श्रद्धालुओं की रही बड़ी भागीदारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। श्री श्याम प्रभु एवं दादी राणी सती मंदिर में आयोजित भादो मेले का शुक्रवार को प्रथम दिवस श्रद्धा और उत्साह के बीच शुरू हुआ। प्रातः 9 बजे परंपरागत कलश यात्रा दादी राणी सती मंदिर प्रांगण से धूमधाम के साथ निकली। शोभायात्रा निर्धारित मार्ग–स्टेशन रोड स्थित मंदिर से होते हुए डालमिया धर्मशाला, विश्वनाथ मंदिर से पुनः श्री श्याम प्रभुऽदादी राणी सती मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भजन-संकीर्तन के साथ पूरे मार्ग में भक्ति का माहौल बना रहा। व्यवस्थाओं को लेकर नगर पालिका द्वारा सफाई व चूना छिड़काव के विशेष इंतजाम किए गए। कलश यात्रा में कानून-व्यवस्था और समुचित व्यवस्था के लिए प्रशासन व पुलिस सक्रिय रही। मौके पर एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी, सीओ प्रद्युमन कुमार सिंह, कोतवाल रामाज्ञा सिंह, महिला चौकी प्रभारी कल्पना सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे। शुक्रवार रात्रि 9 बजे से भजन-कीर्तन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। दो दिवसीय यह आयोजन 23 अगस्त शनिवार तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और सेवाएं रखी गई हैं।

# खाद वितरण केंद्रों का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

**पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र के विभिन्न यूरिया खाद वितरण केंद्रों का शुक्रवार को एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी व सीओ प्रद्युमन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर का मिलान कर वितरण प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने केंद्र संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक किसान को पारदर्शी तरीके से समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। किसी भी किसान को असुविधा न होने पाए, इसके लिए प्रशासन ने विशेष निगरानी व्यवस्था की है।एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर लेखपालों और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि वितरण शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से हो सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कतारबद्ध होकर खाद प्राप्त करें और किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

# ग्रामीणों की जिंदगी नरक बना रही है सूदखोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में सूदखोरों की बल्ले-बल्ले हो गई है। सरकारी बैंक होने के बावजूद गांवों में ये अवैध साहूकार गरीब और जरूरतमंदों को अपनी क्रूर शर्तों पर कर्ज देकर उन्हें बर्बादी के दलदल में धकेल रहे हैं। ये लोग जरूरतमंदों से 5% से 10% तक मासिक ब्याज वसूल रहे हैं, जो कि पूरी तरह अवैध है और 'मनी लेंडर्स एक्ट' के तहत स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध है। सूदखोरों के मक्कारी और ठगी के शिकार गरीब, समय पर किश्त न चुका पाने पर जमीन और जेवर भी गंवा देते हैं। सूदखोर मानसिक प्रताड़ना की हदें पार कर देते हैं। कई मामलों में तो गरीबों ने आत्महत्या तक कर ली, लेकिन दोषियों के खिलाफ न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही प्रशासन ने सुध ली। यह एक ऐसा जटिल समस्या है जिसमें किसान/गरीब व्यक्ति जब सूदखोर महाजन के मकड़जाल में फंस जाता है तो ब्याज पर ब्याज का कर्ज उतारते वह बर्बाद हो जाता है। जबकि अनैतिक ब्याज कानूनन अपराध है। जिसे शासन व प्रशासन में बैठे जिम्मेदार भी इससे अनभिज्ञ नहीं है। अवैध ब्याजखोरों के प्रति प्रशासन और शासन की चुप्पी इस गैरकानूनी धंधे को बढ़ावा दे रही है। बल्दीराय तहसील ही नहीं पूरे जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में ,सूदखोरों का मकड़जाल मजबूती से फैला हुआ है। ब्याजखोरों के राजनैतिक और व्यक्तिगत प्रभाव के चलते प्रशासन की चुप्पी ,इस धंधे को और बढ़ावा दे रहे हैं। यदि अब भी शासन जाग जाता है और अवैध सूदखोरों की पहचान करके, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे तो गरीब लोगों को न्याय मिलेगा तो वहीं सरकार की ऐसे अपराधियों और अपराध पर शिकंजा कसने से पीड़ित लोग अनुचित प्रताड़ना से बच जाएंगे।




## कर्ज के जाल में फंसे गरीब, सूदखोरों के मानसिक और आर्थिक शोषण के शिकार हैं गरीब

# मणि महेश कैलाश यात्रा से वापसी पर श्रद्धालुओं का हुआ स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ स्थानों में शामिल व कठिन यात्राओं में से एक हिमाचल प्रदेश के बुद्धिल घाटी में भरमौर से 21 किलोमीटर दूर समुद्र तल से 13385 फीट ऊंचाई पर स्थित मणिमहेश कैलाश यात्रा श्रद्धालुओं के लिए हमेशा से एक बड़ी आस्था की यात्रा रही है, मान्यता है कि भगवान शिव मणिमहेश के कैलाश शिखर पर निवास करते हैं जो मणिमहेश झील से दिखाई देता है। यह यात्रा नवीं शताब्दी में स्थानीय राजा राजा साहिल बर्मन द्वारा भगवान शिव का दर्शन प्राप्त होने के बाद शुरू हुई थी और उन्होंने ही मणिमहेश झील पर मंदिर स्थापित करवाया था। इस यात्रा के लिए फिटनेस टेस्ट भी अनिवार्य रूप से कराना पड़ता है,सेनजीत कसौधन दाऊ कैलाशी ने बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट को भी बहुत कड़ाई से लागू किया था। रजनीश बरनवाल का कहना था कि यात्रा कठिन जरूर है लेकिन हर बढ़ता कदम उत्साहित करता है। सुल्तानपुर पहुँचने पर दल में शामिल श्रद्धालुओं पवन कुमार साव, सेनजीत कसौधन दाऊ, रवि कसौधन, रजनीश बरनवाल, सिंपल बरनवाल, अजय रावत, अंकित अग्रहरि, शैलेंद्र अग्रहरी, सत्यम बरनवाल, दुर्गेश मोदनवाल, शारदा मोदनवाल का शंकर लाल कैलाशी, आलोक सागर, अमित दीपू आदि ने पुष्पवर्षा के साथ अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

# हिन्दू महासभा ने गौसेवा आयोग के सदस्य को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश शासन के गौसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय के जनपद आगमन पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में शहर की गौशालाओं की स्थिति और गौवंश की सुरक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याओं को विस्तारपूर्वक उठाते हुए ठोस कदम उठाने की मांग की गई।हिन्दू महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि लंबे समय से संगठन गौवंश की रक्षा और उनके कल्याण के लिए कार्यरत है।किंतु देवीपुरा गौशाला सहित अन्य गौशालाओं की हालिया घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि व्यवस्थाओं में गंभीर कमियां हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गौवंशों की देखभाल, भोजन, पानी और सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं न हो सकें।ज्ञापन में यह मांग की गई कि सभी गौशालाओं में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि नियमित निगरानी हो सके और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। साथ ही, हरे चारे और भूसे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर भी जोर दिया गया, क्योंकि कई गौशालाओं में पशुओं के भोजन की कमी की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं।हिन्दू महासभा ने यह भी कहा कि प्रत्येक गौशाला की निगरानी के लिए एक स्वतंत्र कमेटी गठित की जाए, जिसमें स्थानीय पत्रकारों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। इसके साथ ही सचिव और पशु चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति और निरीक्षण अनिवार्य किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोका जा सके। संगठन ने मृत गौवंशों को खुले में पड़े रहने की घटनाओं पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह अत्यंत अमानवीय स्थिति है। इसलिए सभी गौशालाओं में मृत गौवंशों को सम्मानपूर्वक दफनाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा, शहर की सड़कों पर विचरते गौवंशों की सुरक्षा के लिए भी विशेष कदम उठाने की मांग की गई। संगठन ने सुझाव दिया कि इन गौवंशों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाई जाएं और उनके सींग व शरीर के कुछ हिस्सों पर पेंट किया जाए, जिससे वाहन चालकों को दूर से ही स्पष्ट दिखाई दे और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।ज्ञापन में यह अपेक्षा जताई गई कि यदि इन बिंदुओं पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाती है तो निश्चित रूप से गौवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और समाज में पशुपालन विभाग की छवि भी और अधिक दायित्वपूर्ण बनेगी। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना एवं नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप शामिल रहे।

## राहुल नगर मजदूर बस्ती शारदा नदी का तेज कटान किसानों की जमीन समाई

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा, राहुल नगर मजदूर बस्ती सहित आसपास के इलाकों में शारदा नदी तेज कटान कर रही है। कटान की चपेट में आकर अब तक दर्जनभर से अधिक किसानों की उपजाऊ भूमि और खड़ी फसल नदी में समा चुकी है। किसानों का कहना है कि उनकी सालभर की मेहनत बर्बाद हो रही है और रोज़ नदी के किनारे जमीन कम होती जा रही है।स्थानीय ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह 11 बजे जानकारी दी कि शारदा नदी का बहाव लगातार तेज हो रहा है और कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा। सबसे अधिक खतरा राहुल नगर मजदूर बस्ती के सामने है, जहां नदी अब गांव से मात्र 200 मीटर की दूरी पर पहुंच गई है। इस स्थिति से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। एक दिन पूर्व प्रधान ने भी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कटान रोकने के लिए बचाव कार्य शुरू करने और पीड़ित किसानों को मुआवजा देने की मांग की थी। बाद भी अभी तक प्रशासन की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते बचाव कार्य शुरू नहीं हुआ तो नदी की धारा सीधे गांव में घुस सकती है, जिससे बड़ी आपदा खड़ी हो

# महिला कल्याण विभाग द्वारा एकल कन्या अभिभावक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पिपरिया अगरू में एकल अभिभावकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विभाग की ओर से सुवर्णा पांडे द्वारा बच्चों व अभिभावकों को बालिकाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया जैसे कन्या सुमंगला योजना,प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना,महिला साइबर सेल व महिला हेल्पडेसक की जानकारी दी। जय श्री द्वारा बच्चों के लिए जरूरी टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई।बालक बालिकाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महिला कल्याण विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सैयदा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया है।



## थौरी में फंासी के फंदे पर झूलता मिला विवाहिता का शव

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक क्षेत्र के गांव थौरी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहित का शव घर के अंदर फंासी के फंदे से झूलता मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने दहेज के लिये बेटी को मार डालने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव थौरी निवासी राजकुमार निषाद की शादी छह साल पूर्व निशा के साथ हुई थी। मृतका के पिता की मानें तो दहेज के लिये उसके ससुराल वाले लगातार निशा को प्रताड़ित करते थे। इक्कीस अगस्त 2024 को उसके दामाद ने मां बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिस पर भाले सुल्तान थाने में आवेदन दिया था जिसके बाद थाना प्रभारी के हस्तक्षेप पर दोनों पक्षों में समझौता हुआ और ससुराल भेज दिया गया था।इसके बाद वह लगातार चार पहिया वाहन तथा फ्रिज की मांग कर रहे थे जबकि उन्हें शादी में बाइक दिया गया था। जिससे ससुराल के लोग संतुष्ट नही थे। बुधवार को पिता को सूचना प्राप्त हुई कि उसकी बेटी फंासी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी है जिस पर बेटी के ससुराल पहुंचे पिता ने बताया कि दहेज के लिये मेरी बेटी को फंासी से बांधकर लटका दिया गया है।मृतका के पिता ने मां बेटे पर गम्भीर आरोप लगाया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृतका के पिता द्वारा सौंपी गई तहरीर के आधार पर पुलिस जांच करते हुये कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस ने पचहत्तर वाहनों का चालान कर सवा लाख रुपया लगाया जुर्माना

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात पुलिस एवं थाना अमेठी पुलिस ने संयुक्त रुप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसमें पचहत्तर वाहनों का चालान कर एक लाख पच्चीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर शुक्रवार को यातायात पुलिस अमेठी व थाना अमेठी की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा अमेठी में सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। यातायत नियमों का उल्लंघन करने वाले पचहत्तर वाहनों का चालान करते हुये एक लाख पच्चीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया साथ ही साथ यातायात पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करते हुये नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमों के पालन करने की अपील गई।

## फुरसतगंज में ई रिक्शा की टक्कर से दरोगा गम्भीर रुप से घायल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज के रेलवे स्टेशन मार्ग पर पैदल गश्त के लिये निकले एक उप निरीक्षक को ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये जिन्हें गम्भीर हालत में सीएचसी से ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिये रेफर कर दिया है जहां पर उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है।पुलिस ने उप निरीक्षक के सुपुत्र की तहरीर पर ई रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना फुरसतगंज में तैनात उप निरीक्षक शेषधर शुक्ला के सुपुत्र कृतार्थ शुक्ला निवासी ग्राम खखैचा थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मेरे पिता शेषधर शुक्ला थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत है। वह बीती बीस अगस्त को सांय के समय पैदल गश्त हेतु कस्बा फुरसतगंज गये थे।कस्बा फुरसतगंज स्टेशन रोड तिराहे पर खड़े थे तभी एक ई रिक्शा जिसका नम्बर यूपी 33 टी 8993 का चालक लापरवाही व तेजी से उक्त रिक्शा चलाकर मेरे पिता को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सिर के बल रोड पर गिर गये नाक व कान से खून निकलने लगा जिससे वह बेहोश हो गये तिराहे पर अन्य मौजूद पुलिसकर्मी व जनता के लोग उन्हे उठाकर सीएचसी फुरसतगंज ले गये जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालात को देखते हुये जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया वहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना मिलते ही उप निरीक्षक के परिजन ट्रामा सेंटर पहुंचकर बेहतर इलाज हेतु प्राइवेट नर्सिंग होम धनवंतरी के आईसीयू मे भर्ती किया जिन्हें अभी उन्हे होश नही आया है और उनकी हालत गम्भीर बनी हुयी है तथा इलाज चल रहा है। पुलिस ने उप निरीक्षक के सुपुत्र कृतार्थ शुक्ला की तहरीर पर ई रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

## ठगी का हथियार बना शादी का ई–कार्ड

सुलतानपुर । जिले में साइबर हैकरों का गिरोह लोगों को फंसाने के लिए नया तरीका अपना चुका हैं अब ये हैकर्स शादी का ई-कार्ड भेजकर मोबाइल हैक कर रहे हैं। ताजा मामला किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य व परऊपुर निवासी दिनेश श्रीवास्तव का हैं जिनका मोबाइल हैक कर हैकर्स ने उनके सुरक्षित नंबरों पर शादी का ई-कार्ड भेज दिया। दिनेश श्रीवास्तव ने लोगों से अपील की है कि मेरे नाम से भेजे गए किसी भी ई-कार्ड को टच न करें वरना ठगी का शिकार हो जाएंगे। हालांकि राहत की बात यह है कि उनका अकाउंट वर्तमान में खाली हैं जिससे फिलहाल उनके पैसे नहीं कटे हैं पहले भी कई बने शिकार बीते एक महीने में जिले के दर्जनों सपा नेता प्रधान और सरकारी कर्मचारी शादी का कार्ड खोलने के बाद लाखों रुपये गंवा चुके हैं। दर्जनों लोगों ने साइबर थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया मगर अब तक सक्रिय हैकर गैंग पर पुलिस अंकुश नहीं लगा सकी हैं सतर्कता ही सुरक्षा अनजान लिंक ई-कार्ड पर क्लिक न करें किसी भी संदिग्ध मैसेज को तुरंत डिलीट करें बैंकिंग जानकारी किसी को न दें ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या पुलिस से संपर्क करें। साइबर थाना प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि तत्काल शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराएं। त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीपीओ ने पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण कर शैक्षिक गतिविधियों का किया अवलोकन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता चौधरी ने विकास खंड मरौरी की ग्राम पंचायत देशनगर में स्थित पीएम श्री विद्यालय गणेशपुर गोटियां का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की स्वच्छता,व्यवस्था और शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की सुंदरता को देखा और परखा सीडीपीओ अनीता चौधरी ने विद्यालय की सुंदरता और स्वच्छता की प्रशंसा भी की है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा था। सीडीपीओ ने पीएम श्री विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी की प्रशंसा की, जिन्होंने विद्यालय को सुंदर और आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## रोजगार महाकुम्भ में पचास हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

अमेठी । जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में तीन दिवसीय छब्बीस अगस्त से अठाइस अगस्त तक रोजगार महाकुम्भ,कंेपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुम्भ में पचास हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें देश विदेश की कंपनियां प्रतिभागी अभ्यार्थियों को चयनित करने हेतु आएंगी। इन विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक बीटेक, पैरामेडिकल कोर्सेस आदि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा व साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। साथ ही इसमें श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार, अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। इस रोजगार महाकुम्भ में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में रोजगार के पंद्रह हजार से अधिक अवसर मिलेंगे। वहीं आइटी, विनिर्माण, सेवा और उभरते उद्योगों में पैंतीस हजार से अधिक घरेलू नौकरियां दी जाएंगी।

## पूरनपुर देहात में आयोजित हुआ स्वास्थ्य कैंप

पूरनपुर।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के अन्तर्गत आयोजित हुये स्वास्थ्य कैम्प में कुल 122 मरीज देखे गये,जिसमें 122 मरीजों की एनसीडी स्क्रीनिंग सीएचओ के माध्यम से की गई। स्वास्थ्य कैम्प में हाईपरटेंशन के 18 मरीज आये,जिनका उपचार कर दवायें वितरित की गई। कुल 39 मरीजों की पैथोलॉजी की जॉच की गई। आयुष्मान भारत योजना के 17 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर उन्हें वितरित किये गये। 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाये गये।

# बेसिक स्कूल में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क दवा की गई वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला में राजकीय होमियो पैथी चिकित्सालय सेहरामऊ उत्तरी की तरफ से बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इसमे डॉ नीरज चौधरी वा उनके सहायक योग शिक्षक आशीष कुमार पूरी टीम के साथ विधालय में आगमन करके सभी बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें बच्चों का बजन तोला गया और उनको खाने की दवा निःशुल्क भी दी गयी बाद मे क्षेत्र की जनता का निशुल्क परीक्षण किया वा निशुल्क दवा भी दी इस मौके पर प्रभारी इंचार्ज एवं नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह शिक्षा मित्र ममता देवी आंगनबाड़ी कर्मी सुनीता देवी उपस्थित रहे इसमे शिक्षक हुकुम सिंह ने स्वास्थ्य टीम का पूरा सहयोग किया है।




# नशीली दवाओं की शिकायत पर औषधि निरीक्षक की छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर मे चल रहे एक अवैध क्लिनिक पर औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा औचक छापेमारी की गई। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया छापेमारी के दौरान डॉक्टर बलजीत सिंह का निरीक्षण किया गया जहा से कुछ औषधियां बरामद हुईं जो बिना वैध खरीद बिल के पाई गईं।मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके चलते 2 दिन के अन्दर जवाब मांगा गया 2 दिन के दस्तावेज प्रस्तुत न पेश करने पर अग्रिम करवाई अमल मे लाई जायेगी और पाई गई कमियों को विधिवत अंकित कर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की गई है।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित फर्मों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा।ड्रग्स इंस्पेक्टर ने निर्देश दिए हैं। कि सभी संबंधित फर्म स्वामी व चिकित्सक निर्धारित तिथि पर डीआई कार्यालय में रजिस्ट्रेशन,केस मेमो व अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों। ऐसा न करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी छापेमारी की भनक लगते ही क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कई मेडिकल स्टोर व झोलाछाप चिकित्सकों ने अपनी दुकानें व क्लीनिक बंद कर दिए और मौके से फरार हो गए। यह स्थिति क्षेत्र में अवैध चिकित्सा कारोबार की व्यापकता को दर्शाती है। सूत्रों की माने तो जिलाधिकारी से लगातार शिकायत पर डीएम के आदेश पर ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा छापेमारी की गई है। एमओआईसी डॉक्टर मनीष ने बताया कि डीएम के आदेश पर ड्रग्स इंस्पेक्टर की मौजूदगी में क्लिनिक पर छापेमारी की गई जहां एक मरीज को दावा देते पाया गया 2 दिन के अन्दर जवाब प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया है।

# लोकतंत्र खत्म करने का नया पैंतरा

संविधान को खत्म करने और लोकतंत्र को पुलिस स्टेट बनाने की दिशा में मोदी सरकार ने एक कदम और बढ़ा लिया है। बुधवार को विपक्ष के भारी विरोध के बीच केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश किया। हालांकि विपक्ष ने विधेयक की प्रति फाड़कर अपना विरोध दर्ज कराया। बता दें कि ये विधेयक अगर पारित होकर कानून बनता है तो फिर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को 30 दिनों तक हिरासत में रहने की स्थिति में उनके पद से हटाए जाने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसे आसान भाषा में इस तरह समझ सकते हैं कि मान लें जांच एजेंसियों ने प्रधानमंत्री, किसी भी मुख्यमंत्री या मंत्रियों पर भ्रष्टाचार या इसी तरह के किसी गंभीर आरोप पर जांच की, फिर गिरफ्तारी की और अगर आरोपी को पांच साल या उससे अधिक की जेल की सजा वाले अपराध के लिए लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रखा जाता है तो फिर वह अपने पद से हटा हुआ माना जाएगा। यहां अदालत की पूरी तरह से अवहेलना होगी, क्योंकि किसी मामले में दोष अदालत में ही साबित हो सकता है, मगर नया कानून बनाकर मोदी सरकार इसमें भी शार्टकट लेकर सजा देने की तैयारी कर चुकी है। विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का फैसला सरकार ने लिया है। ये विधेयक एक पूरी तरह से नए कानूनी ढांचे का प्रस्ताव करता है जो जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों, तथा केंद्र में केंद्रीय मंत्रियों और प्रधानमंत्री पर लागू होगा। हालांकि इस में यह भी सुझाव दिया गया है कि बर्खास्त मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री को हिरासत से रिहा होने के बाद फिर से नियुक्त किया जा सकता है। लेकिन मौजूदा दौर की राजनीति बताती है कि इस तरह के कानूनों का असल मकसद किसी को पद पर लाना नहीं, बल्कि पद छीनना ही है। इन लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष ने संविधान बदलने के जिस खतरे से जनता को आगाह किया था, वह दरअसल अब दहलीज तक आ गया है। अगर ये नया कानून बन जाता है तो फिर इसमें कोई शक नहीं कि इसका वहां भरपूर इस्तेमाल होगा, जहां गैर भाजपाई सरकारें हैं। दरअसल भ्रष्टाचार मिटाने और स्वच्छ प्रशासन की लुभावनी बातों की आड़ में मोदी-शाह द्वय ने लोकतंत्र के लिए घातक कदम उठा लिया है, जिसमें जनादेश और अदालतों की भूमिका नगण्य रह जाएगी। मान लें कि लोकतंत्र के लिए दिखावे के लिए चुनाव हों, तब भी कोई गारंटी नहीं रहेगी कि जिसे जनता ने चुना है वही शासन करेगा। बल्कि अब शासन चलाने वाले ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के रहमोकरम पर होंगे और असल में इनकी बागडोर केंद्र सरकार के हाथों में होगी। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कम से कम तीन ऐसे बड़े प्रकरण आए हैं, जिनमें विपक्ष के नेता कार्रवाई की जद में आए। राहुल गांधी को मानहानि मामले में सजा के नाम पर संसद सदस्यता से बर्खास्त किया गया, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वे फिर से सांसद बने। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भूमि घोटाले की जांच में गिरफ्तार किया गया, हालांकि गिरफ्तारी से पहले उन्होंने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उनकी फरारी तक की खबरें चलाई गईं। बाद में उन पर कोई दोष साबित नहीं हुआ। दिल्ली आबकारी घोटाले में दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद उन पर इस्तीफ़े का दबाव भी खूब बनाया गया। लेकिन श्री केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया। आबकारी घोटाले में तो आप सरकार के कई मंत्रियों और नेताओं को जेल भेजा गया, हालांकि चुनावों के बाद से भाजपा की तरफ से इस मुद्दे पर शांति है। इन तीन बड़े मामलों के अलावा तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, केरल, प.बंगाल, आंध्रप्रदेश ऐसे तमाम गैर भाजपा शासित राज्यों में कई मंत्रियों और नेताओं पर ईडी या सीबीआई की जांच चल रही है।

# विकराल होते आनलाइन गेम पर नियंत्रण का कानून सराहनीय

**भारत सरकार का यह कदम इसलिए भी जरूरी एवं प्रासंगिक है कि इस उद्योग का टर्नओवर कई आर्थिक, राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों के साथ कई हजार करोड़ तक पहुंच गया है। विदेशी कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय होकर भारतीय युवाओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के विज्ञापन और प्रलोभन दे रही हैं। इन मंचों पर जीतने की लालच में फंसकर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत जीवन नहीं बिगाड़ती, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है, क्योंकि जिन युवाओं को शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए, वे अपना समय और ऊर्ज़ा इन आभासी खेलों में गवां रहे हैं। आज जरूरत है कि ऑनलाइन गेमिंग की इस समस्या को केवल कानूनी दायरे में ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी गंभीरता से लिया जाए। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को समय पर समझाएं, उनका मार्गदर्शन करें और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। समाज को भी मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि मनोरंजन के नाम पर फैल रहे इस जुए की घातक एवं विध्वंसक संस्कृति को बढ़ावा न दिया जाए। यह ठीक है कि सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने का प्रस्ताव पारित कर एक सही दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है, लेकिन कानून से भी अधिक जरूरी है जागरूकता।**

इंटरनेट के विस्तार ने आधुनिक दौर में जीवन को अनेक सुविधाएं दी हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ नए गंभीर संकट भी पैदा किए हैं। इनमें सबसे गंभीर संकटों में से एक है ऑनलाइन गेमिंग या कहें तो मनी गेमिंग की बढ़ती लत। यह सच है कि गेमिंग मनोरंजन का साधन हो सकती है, पर जब इसमें धन का जुड़ाव होता है, तब यह सीधा-सीधा जुए एवं सट्टे के रूप में बदल जाती है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति एवं परिवार को भी कंगाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में एक साल में 45 करोड़ लोगों ने बीस हजार करोड़ गवां दिये हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते रहे हैं। सवाल इन लालच बेचने एवं जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं एवं त्रासद विडम्बनाओं के बाद ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण का एक विधेयक भारत सरकार इसी मानसून सत्र में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। यह स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि गेमिंग के नाम पर अरबों रुपए का लेन-देन और करोड़ों युवाओं की मानसिक शांति को नष्ट करने वाली प्रवृत्ति दिनोंदिन विकराल रूप ले रही है। आज स्थिति यह है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत केवल समय और धन की बर्बादी ही नहीं कर रही, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों में भी तनाव और विघटन का कारण बन रही है। स्कूल और कॉलेज के छात्र अपनी पढ़ाई की उपेक्षा कर इस आभासी दुनिया में डूबते जा रहे हैं। युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा रात-दिन गेमिंग में डूबा रहता है, जिससे उनके व्यक्तित्व और भविष्य पर गहरा नकारात्मक असर पड़ रहा है। यह संकट केवल आर्थिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। दिन-रात स्क्रीन से चिपके रहने वाले युवक चिड़चिड़ापन, अवसाद और एकाकीपन का शिकार हो रहे हैं। उनमें हिंसक प्रवृत्तियां भी उभर रही हैं। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी है, जिनमें लगातार आनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी लत रिश्तों को तोड़ रही है, दोस्ती और पारिवारिक बंधनों को कमजोर कर रही है। एक पूरी पीढ़ी, जिसे राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए था, अपनी ऊर्ज़ा और रचनात्मकता इस आभासी जुए में गँवा रही है। सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये अवश्य उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने राजस्व की परवाह न करते हुए ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या केवल कानून से इस प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकेगा? इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। यह नितांत अपेक्षित है कि वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवतः छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं। भारत सरकार का यह कदम इसलिए भी जरूरी एवं प्रासंगिक है कि इस उद्योग का टर्नओवर कई आर्थिक, राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों के साथ कई हजार करोड़ तक पहुंच गया है। विदेशी कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय होकर भारतीय युवाओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के विज्ञापन और प्रलोभन दे रही हैं। इन मंचों पर जीतने की लालच में फंसकर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत जीवन नहीं बिगाड़ती, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है, क्योंकि जिन युवाओं को शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए, वे अपना समय और ऊर्ज़ा इन आभासी खेलों में गवां रहे हैं। आज जरूरत है कि ऑनलाइन गेमिंग की इस समस्या को केवल कानूनी दायरे में ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी गंभीरता से लिया जाए। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को समय पर समझाएं, उनका मार्गदर्शन करें और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। समाज को भी मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि मनोरंजन के नाम पर फैल रहे इस जुए की घातक एवं विध्वंसक संस्कृति को बढ़ावा न दिया जाए। यह ठीक है कि सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने का प्रस्ताव पारित कर एक सही दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है, लेकिन कानून से भी अधिक जरूरी है जागरूकता। जब तक लोग स्वयं यह नहीं समझेंगे कि गेमिंग का यह जुआ उनके भविष्य को तबाह कर रहा है, तब तक समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम मनोरंजन के नाम पर छल रही इस प्रवृत्ति का पर्दाफाश करें और अपने युवाओं को सुरक्षित, रचनात्मक और सकारात्मक भविष्य की राह पर अग्रसर करें। असंख्य परिवारों को आज अपने बच्चों की इस आदत के कारण कर्ज और बर्बादी में अंधेरों में जाने से बचाये। खेल के नाम पर ऑनलाइन मंचों पर पैसा लगाना दरअसल सट्टेबाजी ही है, जिसमें जीत की संभावना क्षणिक होती है और हार की संभावना लगभग निश्चित। लाखों युवक अपने खून-पसीने की कमाई या माता-पिता की मेहनत की कमाई को इन कंपनियों की तिजोरियों में डाल रहे हैं। यह समस्या अब जुए की लत से भी अधिक खतरनाक हो चुकी है, क्योंकि इसमें तकनीक की चकाचौंध और आसानी से उपलब्धता ने युवाओं को पहले से ज्यादा असुरक्षित बना दिया है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग का बाजार बीते कुछ वर्षों में तेजी से फैला है। विज्ञापनों, प्रलोभनों और चमकदार ऑफरों ने युवाओं को अपने शिकंजे में इस तरह जकड़ लिया है कि लाखों लोग इसमें डूबकर अपनी शिक्षा, करियर और परिवार तक को दांव पर लगा बैठे हैं। जब खेल केवल मनोरंजन तक सीमित रहता है तब तक उसकी उपयोगिता है, पर जैसे ही इसमें धन और लालच का तत्त्व जुड़ता है, यह जुए में बदल जाता है। और यही वह बिंदु है जहां से विनाश की शुरुआत होती है। सच्चाई यह है कि ऑनलाइन गेमिंग का जाल इतना व्यापक हो चुका है कि इसे रोकने के लिए कानून की सख्ती के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और पारिवारिक हस्तक्षेप भी उतने ही जरूरी हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान होगा। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की भी जरूरत है। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाना एवं बड़े-बड़े दावे करने वाली मशहूर हस्तियों पर कार्रवाई भी होते हुए दिखनी चाहिए, तभी यह कानून कारगर एवं प्रभावी बन पायेगा। **–ललित गर्ग**

# पाकिस्तान के मदरसों में बच्चों को आतंकवादी बनाने का षड्यंत्र

**सुभाष आनंद**

क्या पाकिस्तान मदरसों में शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को युद्ध में धकेल सकता है? इस प्रश्न का उत्तर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वयं ही दे दिया है कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे पाकिस्तानी फौज की दूसरी सुरक्षा पंक्ति में खड़े हैं। इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान में सरकारें मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को जहां इस्लामी शिक्षा दे रही है वहीं आतंकी बनाने के लिए आधुनिक शस्त्रों की ट्रेनिंग भी देती रही हैं लेकिन साथ-साथ पाकिस्तान में बढ़ रहे मदरसे स्वयं पाकिस्तान की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनकर उभर रहे हैं। पिछले 30 वर्षों से भारत के साथ-साथ पूरा विश्व यह आरोप लगा रहा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों के लिए जन्नत बन कर उभर रहा है। आखिर पाकिस्तान में ऐसा क्या है कि पाकिस्तान में रोज आतंकवादियों की नई खेप पैदा हो रही है। सूत्रों के अनुसार इस समय पाकिस्तान में कुल 48280 मदरसे हैं जहां पर 1 करोड़ 14 लाख 480 बच्चे इस्लामिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं केवल 20 हजार मदरसों को सरकार द्वारा पंजीकृत किया गया जबकि 28 हजार से ज्यादा मदरसे गैर कानूनी ढंग से काम कर रहे हैं। पाकिस्तान में सरकारी स्कूलों का तो बुरा हाल है वह सभी को देखने को मिलता है। मिशनरी संस्थाओं ने जो स्कूल खोले हैं वहां फीस इतनी अधिक है कि आम आदमी वहां अपने बच्चों को पढ़ा ही नहीं सकता। पाकिस्तानी सेना के द्वारा भी कुछ सैनिक स्कूल खोले गए हैं जहां पढ़ाई का स्तर बहुत ऊंचा है। पाकिस्तान में भी इस्लाम के नाम पर मदरसों में बड़ी मात्रा में गरीब बच्चों को शिक्षा देने के नाम पर आतंकवादी बनाने की मशीनें लग गईं। पाकिस्तान के ग्रामीण क्षेत्रों में मदरसों की संख्या बढ़ती गई। मौलवियों और मुल्लाओं के मौजें लग गईं। पाकिस्तान की सरकारों ने केवल यह ही सूचना दी है कि मदरसों में बच्चों को इस्लामिक शिक्षा दी जा रही है जबकि कटु सच्चाई यह है जबसे पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आईएसआई ने मदरसों में अपना प्रवेश किया तभी से मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को छोटे-मोटे शस्त्र चलाने की शिक्षा भी दी जाने लगी। अफगानिस्तान में रुसी फौजों ने अपने पैर जमाने की कोशिश की तब रुस की बढ़ती शक्ति को कम करने के लिए अमेरिका ने अफगानिस्तान में रुसी फौजों को खदेड़ने के लिए तालिबान की फौज के साथ-साथ पाकिस्तान में पढ़ने वाले मदरसों के बच्चों को तैयार किया। पाकिस्तान के प्रमुख जियाउल-हक ने मदरसों से ऐसी जेहादियों की फौज तैयार की जो इस्लाम के नाम पर मर-मिटने को तैयार थी। यह काम मदरसों के इंचार्ज मौलवियों को सौंपा गया। अमेरिका से प्राप्त होने वाली राशि को मदरसों में खूब बांटा गया। इसी कारण पाक-अफगानिस्तान से सटे क्षेत्रों में मदरसों की बाढ़ आने लगी। पाकिस्तान मानवाधिकार की रिपोर्ट 2022 में कहा गया है कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को सैनिक ट्रेनिंग भी दी जाती है और जेहादियों को इस्लाम के लिए लड़ने के लिए अन्य देशों में भी भेजा जाता है। बच्चों के माता-पिता को यह भी पता नहीं होता कि उनके बच्चे कहां हैं? पाकिस्तान के समाचार पत्र 'जंग' का कहना है कि पाकिस्तान के अलग-अलग इस्लामी देशों में भी मदरसों का चलन बढ़ रहा है। जब रुसी सैनिकों ने अफगानिस्तान छोड़ दिया तो जेहादियों के हौसले पहले से ज्यादा बुलंद होने लगे इसके पश्चात जेहादियों ने कश्मीर और चेचेन्या की तरफ कूच किया। पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आईएसआई ने अपने कश्मीर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मदरसों का भरपूर उपयोग किया। पाकिस्तान में कोई भी सरकार इनके विरुद्ध आवाज उठाने की कोशिश करती है तो उसका तख्ता पलट दिया जाता है। अब यह मदरसे पाकिस्तान के लिए नासूर बन गए हैं। पाकिस्तान में रोजाना हो रहे बम धमाकों से लोग त्राहि-त्राहि कर चुके हैं। आज ब्लूचिस्तान में पाकिस्तानी मदरसों का अस्तित्व समाप्त होता नजर आ रहा है। पाकिस्तानी पंजाब प्रांत में मदरसों की संख्या बढ़ती जा रही है जो अति चिंता का विषय है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब लश्करे तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर हमले किए गए तब उसमें 145 से ज्यादा ट्रेनिंग ले रहे बच्चे मदरसों में मारे जा चुके हैं, 37 बच्चे जो जख्मी हुए हैं वह विभिन्न-विभिन्न अस्पताल में जेर इलाज है। जब बीबीसी पत्रकार जुनैद हसन ने जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया तो रोक दिया गया। पाकिस्तान में मदरसों में बच्चों का सरेआम शोषण किया जाता है। कई बार मौलवियों के द्वारा सैक्स करने के प्रयास की खबरें आ चुकी हैं। मौलवियों के द्वारा बच्चों के चेहरों पर तेजाब फेंकने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। पाकिस्तान की समाचार एजेंसी 'खबरें' में कहा गया है कि शीघ्र ही मदरसे पाकिस्तान को गंभीर संकट में डाल सकते हैं। विश्व की बड़ी एटमी शक्तियां मदरसों के विरुद्ध खड़ी हो रही है। इतिहास साक्षी है कि पाकिस्तान के बड़े-बड़े आतंकवादी पाकिस्तानी मदरसों की उपज है।

## सेहत मंत्र

# वजन घटाने और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं तरल आहार


लोग अपना वजन कम करने, पेट की चर्बी घटाने और अपनी मसल्स को बेहतर बनाने के लिए कई तरह के आहार योजनाओं का पालन करते हैं। कई बार लोग वजन कम करने के लिए डायटिंग भी करने लगते हैं, लेकिन ऐसा करना एक सीमित समय तक ही ठीक होता है क्योंकि अधिक डायटिंग करने से आपके शरीर में विटामिन्स, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। अगर आप सही तरीके से डायट प्लान का पालन करते हैं, तो ये वास्तव में काफी प्रभावी हो सकता है। लिक्विड डायट प्लान वजन कम करने और फिट रहने के लिए एक अच्छा विकल्प है। इस डाइट प्लान में ज्यादातर तरल पदार्थ जैसे जूस, स्मूदी आदि होते हैं और ठोस आहारों को हटा दिया जाता है। आइए जानते हैं लिक्विड डाइट प्लान के स्वास्थ्य लाभों के बारे में। तरल आहार का पालन करने से आपको वजन कम करने में मदद मिलती है, क्योंकि इसमें कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट की मात्रा काफी कम पायी जाती है। लिक्विड डायट के सेवन करने से कैलोरी अधिक जलती है इसलिए ये वजन कम करने में मददगार होता है। कम कैलोरी की सेवन शरीर के मेटाबॉलिज्म को कम करता है, लेकिन इससे आपको कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। जैसे ही आप इनका सेवन करते हैं, ये आपके चयापचय को बढ़ा देता है और तेजी से कैलोरी जलाने में मदद करता है और इससे आपके शरीर को सही शेप भी मिलती है। लिक्विड डायट लेने से आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। तरल आहार शरीर के सभी अंगों खासतौर पर किडनी, लीवर और ब्लैडर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करता है। इससे आपका पाचन भी दुरूस्त रहता है। लिक्विड डायट जैसे जूस, स्मूदी आदि का सेवन करने से आपके शरीर को ठोस आहार जैसे कि फलों और सब्जियों की तुलना में अधिक पोषण मिलते हैं।

## धर्म मंत्र

# गलत है भगवान को अर्पित प्रसाद खरीदना या बेचना

हमारे सनातन धर्म में प्रभु प्रसाद की बड़ी महिमा बताई गई है। शास्त्रानुसार प्रत्येक मनुष्य को परमात्मा का प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत ही भोजन करना चाहिए इसीलिए संतजन, वैष्णवजन भोज्य पदार्थ ग्रहण करने से पूर्व भगवान को अर्पित कर भोग लगाते हैं, तदुपरांत ही उसे प्रसाद रूप में ही ग्रहण करते हैं। स्कंद पुराण आदि शास्त्रों में हमें प्रसाद की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है। शास्त्रानुसार प्रभु का प्रसाद परम पवित्र होता है। इसे ग्रहण कर खाने वाले वाला भी पवित्र हो जाता है। भगवान के प्रसाद को ग्रहण करने अथवा वितरण करने में जाति का कोई बंधन नहीं होता अर्थात प्रसाद को सभी व्यक्ति समान रूप से ग्रहण कर सकते हैं। प्रभु प्रसाद कभी भी अशुद्ध या बासी नहीं होता और न ही यह किसी के द्वारा छूने से अपवित्र होता है। भगवान का प्रसाद हर स्थिति-परिस्थिति में गंगा जल के समान शुद्ध माना गया है। वर्तमान समय में शनैः-शनैः हमारे आराध्य स्थल भी व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बनते जा रहे हैं। आज अधिकतर कई तीर्थस्थानों व आराध्य स्थलों पर शास्त्रविरुद्ध क्रिया-कलाप होने लगे हैं, चाहे वह शीघ्र दर्शन के लिए उत्कोच (अधार्मिक रीति से दिया गया धन) का लिया-दिया जाना हो, चाहे प्रभु को अर्पित प्रसाद का क्रय-विक्रय हो। आजकल अधिकांश धार्मिक स्थानों पर यत्र-तत्र सूचना पट दिखाई देते हैं जिनमें भगवान को अर्पित भोग (प्रसाद) का विक्रय किया जाता है। श्रद्धालुगण भी भगवान के प्रसाद को खरीदकर स्वयं को धन्यभागी समझते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना शास्त्र विरुद्ध कर्म है। शास्त्रों में भगवान के प्रसाद का क्रय-विक्रय करना निषिद्ध बताया गया है।

## पर्यटन



# प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ स्वाद के लिए भी जाना जाता है श्रीलंका

श्रीलंका एक ऐसा देश है जिसे प्राकृतिक सुंदरता का आशीर्वाद प्राप्त है। श्रीलंका में देश दुनिया से लोग घूमने के लिए आते हैं। घने जंगलों और नीले समुद्री बीचों से लबरेज श्रीलंका किसी खूबसूरत सपनों की दुनिया से कम नहीं है। श्रीलंका की खूबसूरती से दुनिया परिचित है इस लिए शांति की तलाश में आये पर्यटकों की यहां संख्या ज्यादा हैं। सुंदरता के साथ-साथ यहां का स्वाद भी निराला हैं। सी फूडों के देसी स्वाद के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। श्रीलंका जाने के लिए भारत से सीधी फ्लाइट है जो आपको तीन घंटे में कोलंबो पहुंचा देगी। एयरपोर्ट पर आपको तमाम टैक्सी मिल जाएंगी अपने चुनिंदा होटल के लिए। यहां पर सरकारी गाड़ियां भी होती हैं। श्रीलंका का सफर आपको ज्यादा खर्चीला भी नहीं पड़ेगा। क्योंकि आपको बता दे कि भारत का रुपया श्रीलंका की मुद्रा से ढाई गुना ज्यादा है। इसी लिए अगर आप अपनी गणित लगाएंगे तो भारत के 420 रुपए श्रीलंका में 1000 रु के मूल्य के बराबर है। इस लिहाज से आपकी पॉकिट पर श्रीलंका की यात्रा ज्यादा भार नहीं डालने वाली। श्रीलंका भारतीय महासागर से घिरा एशियाई आइलैंड है। इस लिए श्रीलंका में बरसात के दो मौसम आते हैं। मई से अगस्त के बीच और दूसरा अक्टूबर से जनवरी तक। वैसे मार्च से जून सबसे गर्म और नवंबर से जनवरी एकदम ठंडे होते हैं। अगर आपको चाय पीने के शौकीन है तो चाय का जनक श्रीलंका को माना जाता हैं। 'दिलमाह' चाय जो पूरे विश्व में मशहूर है उसका उत्पादन श्रीलंका में ही होता है। इसके अलावा अगर आप श्रीलंका की एल्कोहल ट्राई करना चाहते हैं तो यहां पर एक विशेष तरह की बीयर बनाई जाती हैं। जैसे गोवा में फैनी मशहूर है उस तरह श्रीलंका में लॉयन बीयर मशहूर है। पहाड़ों और जंगल के बीच से गुजरती ट्रेन और बाहर का खूबसूरत नजारा देखने का मजा आपको श्रीलंका के एला में ही मिलेगा। यहां का एक्सपीरियंस आप कभी नहीं भूलेंगे।

# कृष्णमय हुआ रामनगर, गगनभेदी जयकारों के बीच निकली डोल शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हाथी-घोड़ा पालकी के उद्घोषों संग गलियों में गूँजी भक्तिरस की धुन, पालकी में कंधा देने की लगी होड़**



रामनगर बाराबंकी। छठी महोत्सव के पावन अवसर पर कस्बा रामनगर का वातावरण शुक्रवार को पूरी तरह कृष्णमय हो उठा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद और भक्तिमय जयकारों के बीच श्रीकृष्ण डोल शोभायात्रा का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं परंपरागत गरिमा के साथ किया गया।सुबह रामजानकी मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। इस शुभ क्षण पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी ने परंपरा निभाते हुए पालकी में कंधा लगाया और यात्रा को आगे बढ़ाया। जैसे ही पालकी निकली, गगनभेदी उद्घोष– ''जय कन्हैया लाल की३ हाथी घोड़ा पालकी'' से संपूर्ण कस्बा गुंजायमान हो उठा।शोभायात्रा नगर की प्रमुख गलियों एवं मोहल्लों से होकर निकली। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी, पुष्प वर्षा की और भक्ति भाव से प्रसाद अर्पित किया। हर घर-आँगन में यात्रा के स्वागत की अनूठी छटा देखने लायक थी।जब शोभायात्रा नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक के आवास पर पहुँची तो उन्होंने अपने परिवार एवं सहयोगियों के साथ भव्य स्वागत कर यात्रियों को जलपान की व्यवस्था कराई। इसी तरह पूरे मार्ग में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर मेहमाननवाज़ी करते दिखे।यात्रा का आकर्षण रही भजन-कीर्तन मंडलियाँ, जिनकी मधुर धुनों पर श्रद्धालु भावविभोर होते रहे। वहीं, कृष्ण डोल में कंधा देने की होड़ श्रद्धालुओं के उत्साह का प्रमाण थी–हर कोई इस दिव्य क्षण का हिस्सा बनने के लिए आतुर नज़र आ रहा था।दोपहर से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा देर शाम तक नगर भ्रमण करती हुई अमर सदन पहुँची, जहाँ राजमाता मृणालिनी सिंह ने परंपरा अनुसार पूजन-अर्चन कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। अंततः शोभायात्रा अपने मूल स्थान रामजानकी मंदिर लौटकर विधिवत संपन्न हुई।पूरे आयोजन में कस्बे के प्रतिष्ठित लोग और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडेय, रविन्द्र कुमार (बिन्ना दुबे), अनूप पांडेय, सभासद अवनीश, मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, इन्द्रमणि, अशोक उपाध्याय, शुभम जायसवाल, विमल शर्मा, पुनीत श्रीवास्तव, विकास मिश्रा, प्रमोद संगम शुक्ला, सुभाष, संजय जायसवाल, रंजीत यादव, सूरज वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह चाक-चौबंद रही। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर राजबहादुर सरोज, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष यादव, प्रमोद कुमार, उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह, दीनानाथ सहित भारी संख्या में पुलिस बल लगातार तैनात रहा, जिससे शोभायात्रा सकुशल और शांति-पूर्वक सम्पन्न हो सकी।

# किसानों की उपज का बेहतर मूल्य दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : शशांक त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**किसानों के हित में हर संभव कदम उठाए जाएंगे : अन्ना सुदन**

**शीतगृहों से आलू निकासी पर समीक्षा बैठक, मंडी व खाद आपूर्ति पर हुई गहन चर्चा**

बाराबंकी । कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शीतगृहों से आलू निकासी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, उप निदेशक उद्यान, मंडी सचिव, शीतगृह स्वामी एवं किसान यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में वर्ष 2025 की आलू भंडारण स्थिति, वर्तमान निकासी दर, मंडी भाव तथा किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि जनपद के 77 निजी शीतगृहों में इस वर्ष कुल 7,69,226 मीट्रिक टन आलू भंडारित हुआ। जिले के 90 प्रतिशत से अधिक किसान आलू की खेती करते हैं और अधिकांश उत्पादन बिहार, पश्चिम बंगाल एवं असम जैसे राज्यों को भेजा जाता है।गत वर्ष अगस्त में आलू निकासी दर 33 प्रतिशत रही थी, जबकि इस वर्ष अगस्त 2025 में यह घटकर लगभग 25.40 प्रतिशत पर आ गई है। इस पर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी ने कहा ल्लकिसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडी सचिव व जिला उद्यान अधिकारी किसानों को अधिकतम मार्केट उपलब्ध कराएं, वहीं शीतगृह स्वामी भी किसानों के हित में सहयोग करें।ङ्कबैठक में खाद आपूर्ति पर भी चर्चा हुई। किसानों ने बताया कि अब समितियों के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक पारदर्शी व सुगम हुई है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन ने आश्वस्त किया ऽ ल्लकिसानों की हर आवश्यकता पर प्रशासन गंभीर है। खाद की उपलब्धता और विपणन दोनों क्षेत्रों में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी।ङ्क बैठक में उप निदेशक उद्यान श्रीमती गीता त्रिवेदी, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# उर्वरक वितरण में धांधली, किसानों का फूटा गुस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सिद्धौर ब्लाक मुख्यालय पर हुआ जोरदार प्रदर्शन, पुलिस मौजूदगी में शुरू हुआ वितरण**

बाराबंकी। क्षेत्र में चल रही यूरिया खाद की किल्लत और वितरण में की जा रही धांधली से किसानों का सब्र आखिरकार टूट गया। शुक्रवार को भारी संख्या में किसान सिद्धौर ब्लाक मुख्यालय पहुंच गए और एडीओ कोऑपरेटिव कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी करने लगे। किसानों का आरोप था कि छूलापाही साधन सहकारी समिति के सचिव प्रदीप कुमार द्वारा खाद वितरण में मनमानी और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। समिति पर पहुंचे किसानों ने साफ कहा कि उन्हें समय से खाद न मिल पाने के कारण धान और अन्य खरीफ फसलें सूखने की कगार पर हैं। इससे किसानों की मेहनत और लागत पूरी तरह बर्बाद होती दिखाई दे रही है।

किसानों का बढ़ता आक्रोश देखते हुए एडीओ कोऑपरेटिव चंद्रिका प्रसाद मौके पर पहुंचे और पुलिस बल की मौजूदगी में छूलापाही साधन सहकारी समिति पर 100 किसानों को टोकन देकर खाद वितरण शुरू कराया। इसके बाद कुछ देर में हालात काबू में आए और प्रदर्शनकारी शांत हुए।

हालांकि, प्रदर्शन समाप्त होने के बाद भी किसानों की पीड़ा कम नहीं हुई। कई किसानों ने आरोप लगाया कि टोकन पाने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बाकी किसानों की फसल बर्बाद होने का खतरा अब भी बना हुआ है।

ग्रामीण किसानों ने प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई हो और सभी किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए।

# अम्बेडकर नगर में लगेगा भर्ती शिविर ,सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर और ऑफिसर की होगी भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारित पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत की जा रही है। इन शिविरों में जिले के किसी भी ब्लॉक के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। भर्ती अधिकारी राजवीर सिंह चौहान एवं डिप्टी कमांडेंट रजनीश कुमार राय ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि. भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जो सुरक्षा सेवाओं के साथ-साथ प्रशिक्षुओं को एनडीआरएफ के अंतर्गत सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग भी प्रदान करती है।

**चार ब्लॉकों में तिथिवार भर्ती शिविर**
उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिले के चार विकास खण्ड मुख्यालयों पर तिथिवार दो-दो दिन का शिविर आयोजित होगा।
23 व 24 अगस्त–भियांव ब्लॉक
25 व 26 अगस्त – कटेहरी ब्लॉक
27 व 28 अगस्त – भीटी ब्लॉक
29 व 30 अगस्त – जलालपुर ब्लॉक

सुरक्षा सैनिक : हाईस्कूल पास, आयु 19ऽ40 वर्ष, लंबाई 167.5 सेमी, सीना 80-85 सेमी, वजन 56 से 90 किग्रा।

सुपरवाइजर : इंटर पास, लंबाई 170 सेमी, आयु 19ऽ40 वर्ष, व्यक्तित्व आकर्षक व होनहार। इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के उपरांत चयनित होने पर 350 रुपए ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। चयनित युवाओं को जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर पर एक माह की अनिवार्य ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद उन्हें स्थायी तैनाती दी जाएगी। कंपनी की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को बनारस, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर, रेलवे, मेट्रो, प्रमुख होटल, अस्पताल एवं विभिन्न सरकारीऽगैर सरकारी प्रतिष्ठानों में सुरक्षा सेवाओं हेतु तैनात किया जाएगा। नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआई व ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने कई मेडिकल स्टोरो का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत।औषधि निरीक्षक नेहा वैश द्वारा शेरपुर कलां थाना पूरनपुर व कोतवाली स्थित अलग अलग कई मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण किया,गहन जाँच के दौरान मौके पर कमियों के बारे में मेडिकल स्वामियों से पूछताछ की व सुधार हेतु चेतावनी दी। औषधि निरीक्षक द्वारा चार संदिग्ध औषधियो के नमूनें प्रपत्र पर संग्रहित कर नियामानुसार जाँच एवं विश्लेषण हेतु राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ प्रेषित किये गये है।विगत माह नशीली दवा की अवैध विक्री पर रोकथाम के लिये प्रत्येक सप्ताह में कम से कम तीन से चार बार अलग अलग क्षेत्रों में औचक कार्यवाही की गई है। जाँच मे कमी पाये जानें पर सम्बंधित के विरुद्ध न्याय़ालाय में वाद दायर किया जाता है। अभी तक 30 से अधिक वाद अलग अलग मामलों मे निर्माता कंपनी व मेडिकल स्वामियों के विरुद्ध न्यायाललय में वाद संस्थित किये जा चुके है व कई मामलों में दोषियों को न्यायालाय द्वारा दंडित भी कराया जा चुका है।

## विपिन बने अखिल भारतीय कर्मचारी संघ प्रमुख

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल कोट में तैनात वरिष्ठ लिपिक विपिन कुमार सिंह को अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का राज्य प्रमुख (प्रदेश अध्यक्ष) नियुक्त किया गया।यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव संजय सूरोटिया के प्रस्ताव पर गवर्निंग काउंसिल के अनुमोदन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया गया है। इसके साथ ही विपिन कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश के उपाध्याय महासचिव के साथ-साथ सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों को नियुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## मारपीट छिनैती, कोर्ट ने कहा दर्ज करें एफआईआर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुधा सिंह ने मार पीट कर नगदी व चेन छीनने संबंधी घटना की एफआईआर दर्ज करने संबंधी घटना की सुनवाई के बाद कोतवाली प्रभारी नगर को आदेश दिया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करें तथा एफआईआर की प्रति न्यायालय भेजें। विवरण के अनुसार गत नौ अगस्त की रात करीब दस बजे अरुण कुमार रावत,रवि सिंह ,सर्वेश अवस्थी ने याची के साथ मारपीट कर गले में पहनी चेन ,नगदी रूपये छीन लिए थे और धमकी दी थी।

पीड़ित पुलकित त्रिवेदी पुत्र जय शंकर त्रिवेदी निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना कोतवाली नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।हमलावर भी कोतवाली नगर क्षेत्र के बताए जाते है।

## निजी कार्मिकों की मनमानी, विद्युत उपभोक्ता त्रस्त

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पावर हाउस टिकैत नगर अंतर्गत उप केंद्र कोटवाधाम में तैनात निजी कर्मचारी की भ्रष्ट्र कार्यशाली का खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भोगना पड़ रहा है। 24 घंटे में लगातार 8 घंटे की भी सप्लाई ना दे पाने वाले यहां के कर्मचारी मेला क्षेत्र में कटिया लगवाकर धन उगाही में मस्त रहते हैं।

बताते चलें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी 16 से 18 घंटे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। किंतु विद्युत सप्लाई उप केंद्र कोटवाधाम में तैनात कर्मचारी खुद को मुख्यमंत्री से भी ऊपर समझ रहे हैं। यही नहीं बड़े विद्युत कनेक्शन धारी बकायेदारों को संरक्षण देना और छोटे बकायेदारों को परेशान करना उनकी नियत बन गई है।

श्री कोटवाधाम मेला क्षेत्र में करीब आधा सैकड़ा दुकानें नियमित रूप से त्रिपलों में लगी रहती हैं। यहां तैनाद निजी कर्मचारियों की मेहरबानी से शायद ही कोई ऐसी दुकान हो जहां बगैर विद्युत कनेक्शन दो-चार बल्ब ना जल रहे हो। घरेलू कनेक्शन का व्यवसायिक उपयोग, व्यावसायिक कनेक्शन पर क्षमता से अधिक विद्युत का उपयोग सहित अनेक अनियमितताएं इन कर्मचारियों की सांठ-गांठ से चल रही हैं। बारीकी से पड़ताल की जाए तो बड़े पैमाने पर इन कर्मचारियों का भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है। इस संबंध में राष्ट्रीय जनमानस पार्टी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की ओर से प्रमुख सचिव ऊर्ज़ा विभाग उत्तर प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित करके आकस्मिक गोपनीय जांच करवाकर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

## चौपाल में दी सरकारी योजना की जानकारी

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत शाहपुर चक बहेरवा व तेलियानी में प्रभारी खंड विकास अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ।चौपाल में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना निशुल्क बोरिंग योजना पीएम कुसुम योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।ग्रामीणों को जन्म प्रमाण पत्र आवास योजनाओं और फैमिली आईडी से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की गई।डॉ. सिंह ने बताया कि अब प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिनी सचिवालय की स्थापना की गई है जिससे ग्रामीण सीधे पंचायत सहायक से संपर्क कर सकते हैं। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।कार्यक्रम में अधिकारी ग्राम प्रधान रोजगार सेवक व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## करेंट से मासूम की मौत

बेलहरा-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। करंट लगने से एक मासूम की मौत हुई ।परिजनों नेपुलिस को सूचना दी बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की छेदा चौकी के बाजार पुरवा निवासी नसीर आलम की बेटी अमायरा (6) शुक्रवार करीब 11 बजे घर में खेल रही थी। खेलते खेलते बच्ची ने ज़मीन पर रखे बिजली के बोर्ड को कपड़ लिया जिससे वह करंट की चपेट में आ गई। घर वाले जब तक बच्ची को इलाज के लिए कहीं ले जाते तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची की मौत से घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष मिश्र ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी भी घटना की जानकारी नहीं है।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र-छात्राओं को प्रमुख ने दिया टैबलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता द्वारा छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। ब्लॉक प्रमुख श्री गुप्ता ने ने टैबलेट सौंपकर छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजित

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा प्राप्ति में कोई व्यवधान हो सरकार की ऐसी सोच है। इसी सोच से सभी विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं टैबलेट्स की मदद से डिजिटल तरीके से शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक कुर्सी के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह, प्रवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा, अश्वनी भास्कर, धनंजय राय सहित अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री कृष्ण का छठी उत्सव

एजेंसी

मसौली बाराबंकी। बृहस्पतिवार को भगवान श्री कृष्ण की छठी कस्बा बड़ागांव मे धूमधाम से मनाई गयी कार्यक्रम मे भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन करके मटकी फोड़ी गई। स्थानीय कलाकारों ने श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी लीलाओं की झांकियां प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. इसमें अलग अलग समूहों के लोगों को मटकी फोड़ने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. लगातार कई प्रयासों के बाद जब मटकी फोड़ी गई, तो लोगों की तालियों की गड़गड़ागट से समां गूंज उठा. इस मौके पर जितेंद्र यादव ने कहा कि यह श्रीकृष्ण की लीला है, उनका नाम जहां भी लिया जाता है, वहां नजारा ही कुछ और हो जाता है. साथ ही उन्होंने मटकी फोड़ने वाले ग्रुप की सराहना भी की। कार्यक्रम मे कृष्ण सुदामा की झांकी मे श्री कृष्ण की भूमिका निभाने वाले अवनीश कुमार सुदामा की भूमिका निभाने वाले नितिन यादव की लोगो ने जमकर प्रशंसा की। राधा के रूप मे अमन यादव, आशुतोष यादव अर्जुन यादव वयम यादव दिलीप यादव ( नन्द बाबा) वानर सेना के साथ अयांश यादव,अंश सैनी,आदी यादव हिमांशु यादव, हर्षित यादव छोटू आदर्श यादव ऋषभ मौरिया, अंशु यादव, शिव नन्दन विकाश कुमार,शिवम उर्फ डागा युगांत सिंह के किरदारों को लोगो ने जमकर सराहा। इस मोके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, कल्लू यादव, राम खेलावन यादव, मास्टर सुरजन सिंह, राहुल यादव, ननकऊ यादव फुरकान खान, गुलाम हुसैन, आदि लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम मे कस्बा मसौली मे भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी के छठी पर झांकी के साथ भजन के आयोजन के साथ भव्य भण्डारे देर शाम तक चला। जिसके महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने पुड़ी सब्जी और खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

# गांवों से बढ़ेगा पर्यटन, खेतों से बढ़ेगी खुशहाली ,पद्मश्री रामशरण वर्मा का 'ग्रो फॉर्म' बना प्रगति की पाठशाला

**पद्मश्री राम शरण की प्रेरणा यात्रा ,खेत बने सीखने और कमाने का केंद्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी । ग्रामीण जीवन और कृषि को नई पहचान देने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण कांक्लेव 2025 का आगाज़ 21 अगस्त को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में माननीय पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने किया।कांक्लेव के दूसरे दिन 22 अगस्त को बाराबंकी स्थित प्रगतिशील किसान एवं पद्मश्री सम्मानित श्री रामशरण वर्मा के 'ग्रो फॉर्म' का भ्रमण कराया गया। खेतों की हरी-भरी क्यारियों और उन्नत तकनीकों से सजे इस फॉर्म ने किसानों और फार्म-स्टे संचालकों को एक नई दिशा दिखाई। लगभग 50 प्रतिभागियों ने कृषि पर्यटन की संभावनाओं को नजदीक से समझा और अनुभव किया कि किस प्रकार पर्यटन को खेती से जोड़कर गांवों में रोजगार के नए अवसर और किसानों की आय के नए साधन विकसित किए जा सकते हैं। इस अवसर पर श्री रामशरण वर्मा ने अपनी सफलता की प्रेरणादायी यात्रा साझा करते हुए कहा कि ल्लअगर किसान आगे बढ़ेगा, तो गांव तरक्की करेगा और जब गांव तरक्की करेगा, तभी असली भारत प्रगति करेगा।ङ्क उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग से आए श्री सुमित श्रीवास्तव एवं सुश्री ऐश्वर्या ने पर्यटन नीति 2022 की विशेषताओं की जानकारी दी, जिससे किसानों और पर्यटन क्षेत्र को एक साथ जोड़ने के नए अवसर खुलेंगे। कार्यक्रम के आयोजक आधारशिला संस्थान की ओर से मंडलीय संयोजक श्री शशिभूषण सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि अयोध्या मंडल के विभिन्न जनपदों में ग्रामीण एवं कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास लगातार हो रहे हैं।गांवों की मिट्टी से जुड़ा यह आयोजन किसानों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला रहा और इसने साबित किया कि खेत केवल अन्न ही नहीं, बल्कि पर्यटन और खुशहाली का भी स्रोत बन सकते हैं।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद के महामंत्री बने मनोज मिश्रा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

पूरनपुर।विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने मनोज मिश्रा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। मनोज मिश्रा को यह जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।प्रदेश महामंत्री मनोज मिश्रा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।कार्यकर्ताओं ने मनोज मिश्रा का जोरदार स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर सुमित सचदेवा,फ़रत शेरी, हितेश सचदेवा, अभिषेक अवस्थी, पवन , कौशल पांडे, नवीन शुक्ला, अमित शर्मा, राकेश पासवान, राजीव सक्सेना, रवि पांडे, शाहिद खान, रियाजुद्दीन, आबिद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।मनोज मिश्रा की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी और वे अपने क्षेत्र में संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए काम करेंगे।


**श्यामा देवी कालेज ऑफ एजूकेशन, बड़ेल, फैजाबाद रोड, बाराबंकी-225001**

Email: shyamadevi.education@gmail.com
Web: www.shyamadevi.org
Mob. No. 9451364738, 7905143234

**आवश्यकता है**

स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित महाविद्यालय में कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) हिन्दी-प्रवक्ता 01 पद। (2) अंग्रेजी-प्रवक्ता 01 पद। (3) समाज शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (4) शिक्षा शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (5) राजनीति शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (6) गृहविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद। (7) भूगोल-प्रवक्ता 01 पद। एवंविज्ञानसंकाय के अंतर्गत बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) गणित-प्रवक्ता 01 पद। (2) जीवविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।(3) रसायन विज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।

**हेतु निम्न लिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है:-**

**नोट**:-शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान डॉ0 रा.म.लो.अ.वि.वि. अयोध्या/यू.जी.सी./उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार होगी। योग्य अभ्यर्थी अपना बायो डाटा समस्त शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाणपत्र, पैनकार्ड, आधारकार्ड,02 कलर फोटोग्राफ के साथ 02 प्रतियों में विज्ञापन प्रकाशन के 15 कार्य दिवसों में स्पीड पोस्ट अथवा महाविद्यालय में आकर आवेदन जमा करें।

इं0 अभिनव गुप्ता
(प्रबन्धक)

# एशियाई चैंपियनशिप में एलावेनिल वलारिवन ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता स्वर्ण

एजेंसी



शिमकेंट (कज़ाकिस्तान)। भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवान ने शुक्रवार को 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में शामिल एक अन्य भारतीय मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल करने के बाद चौथे स्थान पर रहीं।

तमिलनाडु की 26 वर्षीया खिलाड़ी ने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान पर रही हैं। उन्होंने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। चीन की शिनलू पेंग ने 253 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। यह वलारिवन का मौजूदा प्रतियोगिता में पहला व्यक्तिगत पोडियम स्थान था, इससे पहले उन्होंने टीम स्पर्धाओं में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था। वालारिवन ने 630.7 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। घोष पहले 630.3 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रही थीं, लेकिन दो अन्य उच्च रैंकिंग वाली भारतीय - आर्या बोरसे (633.2) और सोनम मस्कर (630.5) के केवल रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के कारण प्रतियोगिता से बाहर होने के कारण फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। वालारिवन का पदक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा सीनियर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था, जहाँ देश अपने जूनियर निशानेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष पर है। अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत का पहला सीनियर स्वर्ण पदक जीता था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था।

# महिला विश्व कप : बेंगलुरु में नहीं होंगे मैच, बीसीसीआई ने छीनी मेजबानी

एजेंसी






मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला वनडे विश्व कप के लिए बेंगलुरु को आयोजन स्थल से हटाने का फैसला किया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच मुंबई में स्थानांतरित किए जाएंगे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) द्वारा मैचों की मेजबानी के लिए पुलिस की मंजूरी प्राप्त करने के लिए बीसीसीआई की बार-बार दी गई समय-सीमा को पूरा न कर पाने के कारण बेंगलुरु में होने वाले महिला विश्व कप मैचों को मुंबई में स्थानांतरित कर दिया गया है। पता चला है कि बीसीसीआई ने शुक्रवार को सभी प्रतिभागी देशों को अपडेट भी भेज दिया है। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट की तारीखें वही रहेंगी (30 सितंबर से 2 नवंबर) जबकि नए कार्यक्रम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक, इंदौर, वाइजैग और गुवाहाटी के अलावा मुंबई को चौथा भारतीय स्थल बनाया जाएगा। पाकिस्तान से जुड़े सभी मैचों और पहले सेमीफाइनल की मेजबानी श्रीलंका की राजधानी कोलंबो को मिली है। जून में आईसीसी ने टूर्नामेंट की तारीखों की घोषणा करते हुए बेंगलुरु को पांच आयोजन स्थलों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया था। मेजबान भारत के साथ टूर्नामेंट के पहले मैच के अलावा बेंगलुरु को 30 अक्टूबर को एक सेमीफाइनल और संभवतः 2 नवंबर को फाइनल की मेजबानी भी करनी थी। (अगर पाकिस्तान फाइनलिस्टों में से एक नहीं होता)। बीसीसीआई को यह फैसला इसी साल 4 जून को घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) द्वारा पहली बार आईपीएल जीतने के बाद स्टेडियम के आसपास मची भगदड़ के कारण इस स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए 'असुरक्षित' करार दिए जाने के बाद लेना पड़ा है। कर्नाटक सरकार द्वारा नियुक्त एक सदस्यीय समिति ने स्टेडियम को बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों के लिए ''असुरक्षित'' माना है। जिसके बाद कर्नाटक पुलिस ने केएससीए को वहां कोई भी मैच आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके

## संक्षिप्त समाचार

### यूएस ओपन 2025 : निक किर्गियोस ने पुरुष एकल से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार निक किर्गियोस लगातार तीसरे साल यूएस ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे। टूर्नामेंट आयोजकों ने गुरुवार को उनके नाम वापसी की पुष्टि की। 30 वर्षीय किर्गियोस पिछले कुछ सालों से पैर, घुटने और कलाई की चोटों से जूझ रहे हैं। इस सीजन में उन्होंने केवल पांच एकल मुकाबले खेले हैं, जिनमें से चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। किर्गियोस का करियर का सबसे सफल वर्ष 2022 रहा था, जब वे विंबलडन फाइनल तक पहुंचे थे और न्यूयॉर्क में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि चोटों के कारण उनका करियर लगातार प्रभावित होता रहा। उन्होंने 2023 में सिर्फ एक मैच खेला, जबकि 2024 पूरा साल मिस किया। इस साल भी मार्च में मियामी ओपन की दूसरी राउंड हार के बाद से उन्होंने कोई एकल मैच नहीं खेला है। किर्गियोस की जगह मुख्य ड्रॉ में एक 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा। यूएस ओपन के इस साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम के एकल मुकाबले रविवार से शुरू होंगे।

### आशीष कुमार ने कोल इंडिया के निदेशक (व्यवसाय विकास) पद का कार्यभार संभाला

**कोलकाता।** आशीष कुमार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (व्यवसाय विकास) पद का कार्यभार संभाल लिया है। सीआईएल ने बयान में कहा कि वह देबाशीष नंदा के बाद इस पद पर आसीन होने वाले दूसरे कार्यकारी हैं। नंदा जून में सेवानिवृत्त हो गए थे। निदेशक (व्यवसाय विकास) का पद जुलाई 2022 में सृजित किया गया था। नंदा इस पद पर पहली नियुक्ति थे। कुमार सीआईएल नवकर्णीय ऊर्ज़ा लिमिटेड के निदेशक भी रहे जो अप्रैल 2021 में स्थापित एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, जिसका उद्देश्य कंपनी को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा के क्षेत्र में प्रवेश दिलाना है। कंपनी ने कहा कि सीआईएल में कुमार ने घरेलू एवं विदेशी दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण खनिज कारोबार में कंपनी का नेतृत्व किया है।

### जेआईसीए ने आविष्कार कैपिटल फंड में चार करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की घोषणा की

**मुंबई।** जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) ने एशिया और अफ्रीका के उद्यमों को समर्थन देने के लिए आविष्कार कैपिटल के 'ग्लोबल सप्लाई चेन सपोर्ट फंड' में चार करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश की शुक्रवार को घोषणा की। आविष्कार कैपिटल ने बयान में कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला सहायता कोष में निवेश करके, जेआईसीए आविष्कार कैपिटल को भारत के बाद अफ्रीका एवं एशिया के उभरते बाजारों में विस्तार करने में मदद करेगा। इससे व्यापक हिंद महासागर क्षेत्र और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विकास में योगदान मिलेगा। जेआईसीए के निवेश निर्णय की घोषणा जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने इस सप्ताह जापान के योकोहामा में टीआईसीएडी 9 (अफ्रीकी विकास पर टोक्यो अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन) के साथ आयोजित 'हिंद महासागर में आर्थिक भागीदारी ऽ अफ्रीका फोरम' में की। जेआईसीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिकियो हताएदा ने कहा,'' इस फंड में निवेश करके एवं आविष्कार समूह के साथ सहयोग के एक नए अध्याय में प्रवेश करके, हम अच्छी तरह से स्थापित भारत-जापान साझेदारी को बढ़ाने के साथ ही अफ्रीका एवं एशिया में निवेश को प्रभावित करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं।

### ई-स्कूटर चेतक की आपूर्ति फिर से शुरू, दुर्लभ खनिज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चितः बजाज ऑटो

**नयी दिल्ली।** मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिज की उपलब्धता के कारण उत्पन्न बाधाओं को दूर करने के बाद सभी डीलरशिप पर अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक की आपूर्ति फिर से शुरू करने की शुक्रवार को जानकारी दी। बजाज ऑटो ने बयान में कहा कि हाल के सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय कलपुर्जों की उपलब्धता से जुड़ी अस्थायी आपूर्ति बाधाओं के कारण आपूर्ति में कमी आई थी। चेतक की निरंतर एवं बढ़ती मांग ने आपूर्ति पर और दबाव बढ़ा दिया। उत्पादन और निर्यात 20 अगस्त को पुनः शुरू हो गया, जिससे अपेक्षा से अधिक तेजी से वापसी हुई। इसके अलावा बजाज ऑटो ने कहा कि उसने '' आगामी त्योहारों के दौरान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दुर्लभ खनिज (चुंबक) और अन्य प्रमुख सामग्रियों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है।

# किराक हैदराबाद ने रोहतक रौडीज को हराकर प्रो पंजा लीग सीजन 2 का खिताब जीता

एजेंसी



ग्वालियर। किराक हैदराबाद ने ग्वालियर में गुरुवार रात हुए फाइनल में रोहतक रौडीज को 30-18 से हराकर प्रो पंजा लीग सीजन 2 का खिताब जीत लिया है। विजेता टीम को प्रो पंजा लीग की ओर से 20 लाख रुपये का इनाम भी मिला है। रोहतक रौडीज की निर्मल देवी को 'प्लेयर ऑफ द डे' का पुरस्कार दिया गया। किराक हैदराबाद के सतनाम सिंह को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' घोषित किया गया। स्टीव थॉमस ने 'बादशाहों का बादशाह' का खिताब जीता। किराक हैदराबाद पूरे टूर्नामेंट में अंकों के मामले में आगे रहे और अंतिम दिन अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए एक सुयोग्य और शानदार जीत दर्ज की। पिछले सीजन के उपविजेता, जो सिर्फ एक अंक से चैंपियनशिप से चूक गए थे, इस बार ट्रॉफी उठाई और इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। किराक के स्टीव थॉमस ने दीपांकर मेच को सिर्फ 0.09 सेकंड में पिन करके प्रो पंजा लीग का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो सचिन गोयल के 0.10 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ता है। कार्यक्रम में प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परविन दबास और प्रीति झांगियानी उपस्थित थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह तोमर, हॉकी इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य डॉ. नरिंदर ध्रुव बत्रा, पेशेवर पहलवान सौरव गुर्जर और पूर्व कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी भी उपस्थित थे। ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व मुक्केबाज विजेंदर सिंह टीम एंबेसडर के रूप में रोहतक रौडीज का समर्थन करने के लिए उपस्थित थे। फाइनल में, दोनों टीमों ने कुल 10 मैच खेले, अंडरकार्ड में चार और मेन कार्ड में छह, प्रतिष्ठित मुकुट के लिए लड़ने के लिए अब तक लीग में देखी गई हर श्रेणी में एक खिलाड़ी भेजा। अंडरकार्ड पूरी तरह से किराक हैदराबाद का रहा क्योंकि उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत में रोहतक रौडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप का आनंद लिया। अविलिये जुयी ने 90 किग्रा मुकाबले में अर्शदीप सिंह पर 2-0 से शानदार जीत के साथ टोन सेट किया। नवीन एमवी ने 60 किग्रा श्रेणी में निखिल सिंह को 2-0 से हराकर बढ़त को दोगुना कर दिया, इससे पहले रचना जाटव ने 55 किग्रा प्रतियोगिता में कराबी सोनोवाल के खिलाफ एक और साफ 2-0 जीत के साथ फायदा बढ़ाया और अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। रौडीज के बिल्ला ताजामुल ने अपनी टीम को जीवित रखने के लिए कड़ी लड़ाई लड़ी, लेकिन अनुभवी कप्तान आस्कर अली ने मेन कार्ड मैचों से पहले अपनी टीम को आरामदायक स्थिति में रखने के लिए 80 किग्रा मुकाबले में 2-0 से जीत हासिल की।

## प्रज्ञाननंदा और गुकेश ने चौथे दौर की बाजी भी ड्रॉ खेली

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा और अरोनियन का नंबर आता है जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

# ऑरिक स्मार्ट औद्योगिक शहर परियोजना में भूखंडों के आवंटन को मंजूरी

एजेंसी



नई दिल्ली। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में शेंद्रा-बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में भारत की पहली एकीकृत ग्रीनफील्ड स्मार्ट औद्योगिक सिटी परियोजना में कई कंपनियों को औद्योगिक भूखंडों के आवंटन को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं से 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा और लगभग 1,000 नौकरियों का सृजन होगा।

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित शेंद्रा-बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र को औरंगाबाद औद्योगिक शहर (ऑरिक) के नाम से जाना जाता है। इसे राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईडीसी) के तहत विकसित किया गया है। यहां स्वीकृत भूखंडों में विशिष्ट खाद्य सामग्री, कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, सड़क निर्माण उपकरण और मिश्र धातु ढलाई सहित कई उद्योग विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। इसे दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (डीएमआईसी) के तहत विकसित किया जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक यहां स्थित परियोजनाओं से कुल मिलाकर 200 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश आएगा और इनसे लगभग 1,000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। सरकार इस क्षेत्र में निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत के हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है। मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के इन क्षेत्रों में हाल के दौरों में नीतिगत ढांचे को मज़बूत करने, उद्योग संबंधी समस्याओं का समाधान करने और निवेशकों का विश्वास बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है।


# ओपनएआई इस साल के अंत तक दिल्ली में अपना पहला भारतीय कार्यालय करेगा स्थापित

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओपनएआई की योजना इस साल के अंत में राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला भारतीय कार्यालय स्थापित करने की है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, यह कदम ऐसे बाजार में उसके कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरणों की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को रेखांकित करता है जो चैटजीपीटी के लिए अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा एवं सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। ओपनएआई ने कहा कि उसने भारत में आधिकारिक तौर पर एक इकाई स्थापित कर ली है। साथ ही एक समर्पित स्थानीय दल की नियुक्ति शुरू हो गई है। बयान में कहा गया कि भारत में कार्यालय खोलना भारत-एआई मिशन के लिए ओपनएआई के समर्थन और भारत के लिए एआई के निर्माण हेतु सरकार के साथ साझेदारी करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ओपनएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सैम ऑल्टमैन ने कहा, '' भारत में एआई के लिए उत्साह एवं अवसर का स्तर अविश्वसनीय है। भारत में वैश्विक एआई प्रमुख बनने के लिए सभी तत्व मौजूद हैं जिसमें अद्भुत प्रौद्योगिकी प्रतिभा, विश्वस्तरीय डेवलपर परिवेश और इंडियाएआई मिशन के माध्यम से मजबूत सरकारी समर्थन शामिल है। उन्होंने कहा, '' अपना पहला कार्यालय खोलना और एक स्थानीय दल का निर्माण करना, उन्नत एआई को पूरे देश में अधिक सुलभ बनाने एवं भारत के लिए तथा भारत के साथ एआई का निर्माण करने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है। बयान के अनुसार, स्थानीय दल स्थानीय साझेदारों, सरकारों, व्यवसायों, डेवलपर और शैक्षणिक संस्थानों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। भारतीय बाजार के लिए विकसित पहलों की हाल की घोषणाओं के बाद देश में कार्यालय स्थापित करने की खबर आई है। विकसित पहलों की हाल की घोषणाओं में चैटजीपीटी गो, ओपनएआई अकादमी, उन्नत इंडिक भाषा समर्थन आदि शामिल हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी सोना और चांदी की बढ़ी कीमतें

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,760 रुपये से लेकर 1,00,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,310 रुपये से लेकर 92,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,16,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है।

# उद्यमिता एवं परोपकार की विरासत छोड़ गए लॉर्ड स्वराज पॉल, 94 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

एजेंसी

नयी दिल्ली। जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम लंदन में निधन हो गया। वह अपने पीछे उद्यमिता एवं परोपकारी कामों की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल हाल ही में बीमार पड़ गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 21 अगस्त की शाम को उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। प्यारे लाल के घर में 18 फरवरी 1931 को जन्मे लॉर्ड पॉल अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही व्यवसाय से परिचित थे। लॉर्ड पॉल के पिता बाल्टियों और अन्य कृषि उपकरणों सहित इस्पात के सामान बनाने के लिए एक छोटा सा ढलाईखाना चलाते थे। लॉर्ड पॉल ने इस अनुभव का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन में कपारो ग्रुप की स्थापना की जो एक विविध व्यवसाय इकाई है। यह मुख्य रूप से मूल्यवर्धित इस्पात और विशिष्ट इंजीनियरिंग उत्पादों के डिजाइन, निर्माण, विपणन एवं वितरण में लगी है। जालंधर में हाई स्कूल की शिक्षा और 1949 में पंजाब विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद लॉर्ड पॉल मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने के लिए अमेरिका चले गए। एमआईटी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह भारत लौट आए और अपने पारिवारिक व्यवसाय एपीजे सुरेंद्र ग्रुप (जो भारत के सबसे पुराने व्यापारिक समूहों में से एक है) में शामिल हो गए। 1966 में अपनी बेटी अंबिका का 'ल्यूकेमिया' का इलाज कराने के लिए वह ब्रिटेन गए। दुर्भाग्यवश चार साल की उम्र में उनकी बेटी का निधन हो गया। बाद में उन्होंने एक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में अंबिका पॉल फाउंडेशन की स्थापना की, जिसने शिक्षा एवं स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से दुनिया भर में बच्चों एवं युवाओं के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लाखों रुपये दान किए। लंदन स्थित अंबिका पॉल चिल्ड्रन्स जू इस फाउंडेशन के प्रमुख लाभार्थियों में से एक है। फरवरी 2023 में लंदन के ऐतिहासिक इंडियन जिमखाना क्लब में लेडी अरुणा स्वराज पॉल हॉल का उद्घाटन करते हुए लॉर्ड पॉल ने कहा था ''यह हॉल मेरी पत्नी के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिनकी मुझे बहुत याद आती है। हमारे 65 साल के वैवाहिक जीवन में हमारे बीच कभी कोई झगड़ा नहीं हुआ। लॉर्ड पॉल ने 1968 में लंदन में मुख्यालय के साथ कपारो की नींव रखी और यह कंपनी आगे चलकर ब्रिटेन की सबसे बड़ी इस्पात रूपांतरण और वितरण कंपनियों में से एक बन गई। आज इसका संचालन ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात में है। इसका कारोबार एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पॉल के बेटे आकाश पॉल कपारो इंडिया के चेयरमैन एवं कपारो समूह के निदेशक हैं। लंदन जू में बीते दिनों आयोजित समारोह में पत्नी निशा और बेटे आरुष के साथ आए आकाश पॉल ने कहा, शायद मैं अपने पिता से डिग्री प्राप्त करने वाला एकमात्र स्नातक हूं, जिसे विश्वविद्यालय बोर्ड द्वारा स्वतंत्र रूप से अनुमोदित किया गया है। वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय के चांसलर के रूप में पिछले वर्ष लॉर्ड पॉल ने व्यवसाय प्रशासन में सेवाओं के लिए आकाश पॉल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया था। लॉर्ड पॉल को व्यवसाय में सफलता मिली लेकिन उनके जीवन में कई दुखभरे पल आएं। छोटी सी उम्र में बेटी अंबिका को खोने के अलावा, उन्होंने अपने बेटे अंगद पॉल को 2015 में और अपनी पत्नी अरुणा को 2022 में खो दिया। अंगद उस समय कपारो समूह के सीईओ थे।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मप्र के शिवपुरी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का लिया जायजा

एजेंसी

शिवपुरी। केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में चार दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच कोलारस के विभिन्न बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया। यहाँ उन्होंने स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे राहत और पुनर्वास कार्यों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आज शिवपुरी जिले की कोलारस विधानसभा के आपदा प्रभावित संगेश्वर, लगदा, लालपुर और बाँसखेड़ा गांवों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए प्रभावित परिवारों को शीघ्र और उचित मुआवज़ा दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने आपदा में हुए नुकसान की आर्थिक सहायता राशि भी प्रभावित परिवारों को वितरित की। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि मैं संकट के समय में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूँगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने लालपुर गांव में जाकर बाढ़ दुर्घटना में जान गंवाने वाली





महिला दुर्गेश दांगी के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया।

सिंधिया ने कहा कि यह मोदी सरकार, मोहन यादव सरकार और स्थानीय प्रशासन की तत्परता का परिणाम है कि हर प्रभावित परिवार तक सहायता पहुँच पाई। मकान क्षति हो, खाद्यान्न का नुकसान या फसल की बर्बादी हर परिस्थिति में मुआवजा और राहत तुरंत दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार ने संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ जनता की सेवा की है।

इस मौके पर जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि यह सरकार हर समय, हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है। केन?द्रीय मंत्री सिंधिया के संवेदनशीलता के कारण ही हर प्रभावित परिवार तक सहायता पहुँच पाई है। सरकार ने जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया है, जिससे हर ज़रूरतमंद तक मदद शीघ्रता से पहुँची है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज बाढ़ प्रभावित लिलवारा गाँव के साहसी और निस्वार्थ युवक गिरिराज को नया ट्रैक्टर भेंट कर अपना वचन निभाया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि हाल ही में आई बाढ़ के दौरान गिरिराज ने अपने साहस और तत्परता से कई ग्रामीणों की जान बचाई तथा राहत कार्यों में सक्रिय

**सिंधिया ने प्रभावित परिवारों से मिलकर राहत-पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की, सौंपी लाखों की सहायता राशि**

सहयोग किया था। उनके इस उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए सिंधिया ने कहा कि संकट की घड़ी में गिरिराज जैसे युवाओं का साहस और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जनसेवा हेतु प्रेरित करेगा। सिंधिया ने कहा कि भारत को ऐसे ही सपूतों की जरूरत है। जुग जुग जियो गिर्राज। यह ट्रैक्टर आपके जीवन में अपार सफलताएं लेकर आए।

गिरिराज ने बाढ़ में अपनी ट्रैक्टर की मदद से कई ग्रामीणों की जान बचाई थी और लगातार सेवा करते हुए उसका ट्रैक्टर गहराई में फँसकर बंद हो गया एवं इंजन भी नष्ट हो गया था। इस साहसिक कार्य से प्रभावित होकर सिंधिया ने गिरिराज को नया ट्रैक्टर देने का आश्वासन दिया और महज 12 घंटे के भीतर गिरिराज को ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान उन्होंने अपना वादा पूरा किया। गिरिराज ने अपनी जान और साधन की चिंता न करते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। इस बहादुरी और त्याग ने पूरे क्षेत्र के लिए उसे प्रेरणा का स्रोत बना दिया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ केन?द्रीय मंत्री सिंधिया पहले भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। उनके प्रयासों से प्रभावित परिवारों को समय-समय पर आर्थिक सहायता, खाद्यान्न सामग्री और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया है। अब तक कोलारस के प्रभावित क्षेत्रों के परिवारों को कई लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी जा चुकी है। जिसमें से ग्राम संगेश्वर में 39 लाख 30 हजार रुपये, ग्राम लगदा में 21 लाख 23 हजार रुपये, ग्राम लालपुर में 30 लाख 10 हजार रुपये और ग्राम बाँसखेड़ा गाँव के करीब 15 लाख 40 हजार रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। आपदा के दौरान इन गाँवों में नकद सहायता के साथ-साथ अनाज, तिरपाल और अन्य आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई है।

इस मौके पर विधायक महेन्द्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अन्य जनप्रतिनिधि हरवीर रघुवंशी, राजू बाथम, अधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# कोलकाता में बोले प्रधानमंत्री- भारत अपने शहरों का कर रहा कायाकल्प

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कोलकाता जैसे शहर हमारे इतिहास और भविष्य की समृद्ध पहचान हैं। आज का कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि भारत अपने शहरों का कैसे कायाकल्प कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आज कोलकाता में नवनिर्मित खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई और जेस्सोर रोड मेट्रो स्टेशन से जय हिंद विमानबंदर तक मेट्रो की सवारी की। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता में 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि आज भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। 2014 में 250 किमी से अब देश में मेट्रो नेटवर्क 1000 किलोमीटर से भी ज्यादा हो गया है। पश्चिम बंगाल में रेलवे का बड़े स्तर पर विकास हो रहा है और शतप्रतिशत विद्युतीकरण करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। आज ही कोलकाता मेट्रो के नेटवर्क में 14 किमी और 7 स्टेशन जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने आज शुरू की गई परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार राज्य के विकास में बड़ा योगदान दे रही है। लंबे समय से पुरुलिया से हावड़ा के बीच मेमू ट्रेन की मांग हो रही थी, केंद्र सरकार ने जनता की ये मांग भी पूरी कर दी है। आज पश्चिम बंगाल में विभिन्न मार्गों पर नौ वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। दो अमृत भारत ट्रेनें भी चल रही हैं। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने यहां कई राजमार्ग परियोजनाएं पूरी की हैं और कई अन्य पर काम चल रहा है। छह लेन वाला कोना एक्सप्रेसवे पूरा होने पर बंदरगाह तक कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ञ्आज जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो दमदम, कोलकाता की भूमिका और बढ़ जाती है।

### कोलकाता में मोदी ने मेट्रो की सवारी कर बच्चों और श्रमिकों से की बातचीत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता शुक्रवार को ऐतिहासिक पल का साक्षी बनी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने नई मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाने के साथ ही खुद जेस्सोर रोड से जय हिंद विमानबंदर तक मेट्रो की सवारी की। इस यात्रा को खास बनाने वाली बात थी उनका आम लोगों, खासकर बच्चों और श्रमिकों से आत्मीय संवाद। मेट्रो में सवार प्रधानमंत्री ने स्कूली छात्रों से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), दैनिक जीवनचर्या और व्यायाम की अहमियत पर बात की। बच्चों ने उत्साह से अपने अनुभव साझा किए। केंद्रीय विद्यालय सॉल्ट लेक की छात्रा मुग्धा कुंडू ने कहा, ञ्प्रधानमंत्री जी से आमने-सामने बात करना किसी सपने से कम नहीं था।

# पेज एक का शेष

## घुसपैठियों ...

पूरा हुआ और ऑपरेशन सिंदूर ने देश की रक्षा नीति में एक नई लकीर खींच दी। अब कोई भी आतंक फैलाकर बच नहीं सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए के शासनकाल में बिहार में चौतरफा विकास हो रहा है। वहीं लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) के राज में बिहार लाल आतंक से घिरा था। इसी के कारण पीढ़ियों को बिहार से पलायन करने को मजबूर होना पड़ा। यही कारण था कि कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने कहा था कि हम बिहार के लोगों को अपने यहां घुसने नहीं देंगे।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत रोजगार योजना का उल्लेख किया और कहा कि इसे बिहार के युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत हमारे युवा जब निजी क्षेत्र में पहली नौकरी करेंगे, तब केंद्र सरकार उन्हें अपने पास से 15,000 रुपये देगी। उन्हें रोजगार देने वाली निजी कंपनियों को भी सरकार प्रोत्साहन देगी। इसका बहुत बड़ा लाभ बिहार के युवाओं को भी होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गयाजी की पावन भूमि से एक ही दिन में 12 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इसमें ऊर्जा, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। इनसे बिहार के उद्योगों को ताकत मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। उन्होंने पीएम आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने एक बड़ा संकल्प लिया है। जब तक हर जरूरतमंद को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी चैन से नहीं बैठेगा। इसी सोच के साथ बीते 11 साल में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर बनाकर दिए जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गयाजी जिला के बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिजली, रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास, जलापूर्ति, ग्रामीण एवं शहरी संरचना, कैंसर केयर, एकीकृत नदी संरक्षण सहित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बिहार के सभी केंद्रीय मंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में किए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिए आज कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ कंघा से कंधा मिलाकर काम कर रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज यहां से राज्यभर की बिजली, सड़क एवं नगर विकास से संबंधित 14 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है, यह बहुत बड़ी बात है। साथ ही दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इनसब की लागत 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। इन सभी योजनाओं से बिहार को काफी फायदा होनेवाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा बेगूसराय के सिमरिया में नवनिर्मित गंगा पुल का उद्घाटन किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गयाजी एवं बोधगया में हर साल लाखों लोग आते हैं। पहले यहां बहुत बुरा हाल था। पहले की सरकार कोई काम ठीक से नहीं करती थी। हमलोगों की सरकार ने काम करना शुरू किया। यहां सभी इंतजाम करा दिए गए हैं। गयाजी में फल्गू नदी में रबर डैम और सीता सेतु का निर्माण कराया गया है और बोधगया में महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र एवं विशिष्ट अतिथि गृह का निर्माण कराया गया है। पहले गया नाम था लेकिन हमलोगों ने इस शहर को गयाजी नाम दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र की भी इच्छा थी इसलिए हमलोगों ने तत्काल गया को गयाजी कर दिया। एक तरफ बोधगया और एक तरफ गयाजी है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने बिहार में कोई काम नहीं किया था। 24 नवम्बर 2005 को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार आई तो विकास का काम शुरू हुआ। हमलोग लगातार बिहार के विकास में लगे हुए हैं। अब यहां कानून का राज है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली सभी क्षेत्रों में काम हो रहे हैं। हाल ही में कुछ और भी काम करवाए गए हैं, नये निर्णय लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को पहले मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये थी, जिसे बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। इससे एक करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुंचा दी गई, जिसे काफी कम पैसे में लोगों को दिया जा रहा था। लेकिन अब हमलोगों ने इस साल तय कर दिया कि अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त में दी जाएगी, जिसे जुलाई माह से प्रारंभ कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में हमलोगों ने तय किया था कि 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देंगे। 10 लाख सरकारी नौकरी दे दी गई है और 10 लाख रोजगार बढ़ते-बढ़ते अब 39 लाख रोजगार हो गया है। इसको भी बढ़ाकर अब 50 लाख से भी ज्यादा करना है। अब हमलोगों ने तय कर दिया है कि आगामी 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 2025 के केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता आदि देने की घोषणा की गई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन का जिम्मा पहले 6 राज्यों को मिल चुका था। लेकिन इस बार केंद्र सरकार ने बिहार को यह जिम्मा दिया, जो गौरव की बात है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, चिराग पासवान, रामनाथ ठाकुर, नित्यानंद राय, सतीशचंद्र दुबे, राजभूषण चौधरी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, राज्य सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बिहार को प्रधानमंत्री मोदी की सौगात

- बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता का पावर प्लांट
- मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर
- गंगा नदी पर बना औंटा-सिमरिया 6 लेन पुल
- बख्तियारपुर से मोकामा के बीच एनएच 31 पर फोरलेन निर्माण कार्य
- बिक्रमगंज से डुमरांव रोड टू-लेन रोड का अग्रेडेशन
- मुंगेर में सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी परियोजना

## केंद्र की ...

यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली सभी क्षेत्रों में काम हो रहे हैं। हाल ही में कुछ नए काम भी करवाए गए हैं। कुछ नए फैसले लिए गए, जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रति महीना किया गया है।

मुख्यमंत्री कहा कि गया का नाम हमने गयाजी करवाया। पहले शहर का नाम गया ही था। अब इसका नाम गयाजी हो गया है। एक तरफ बोधगया है, दूसरी ओर गयाजी। गयाजी में हमने फल्गु नदी में रबर डैम और सेतु का निर्माण करवाया। बोधगया में भी अतिथि गृह समेत कई निर्माण कराए गए।

राज्य की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि पहले बिहार में बहुत बुरा हाल था। पहले कोई कपड़ा ठीक से नहीं पहन पाता था। महिलाओं के लिए किसी ने काम नहीं किया था। मुसलमानों के लिए भी कुछ नहीं हुआ था। हमने सबके लिए काम किया। हमारी सरकार सभी को फायदा देने का काम कर रही है। साल 2018 में ही प्रदेश के हर घर में बिजली पहुंचा दी गई। पहले से ही कम पैसे में लोगों को बिजली दी जा रही थी और अब 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है।

## राजग...

पूरी तरह सुरक्षित हैं। अमित शाह ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के प्रावधान वाले विधेयक को लेकर भी कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नैतिकता कहां थी जब उक्त कानून को संसद में पेश करने पर कड़ा विरोध कर रही थी। जबकि इसमें प्रावधान है कि भ्रष्टाचार और आधिकारिक पदों के दुरुपयोग के आरोप में 30 दिनों से अधिक समय तक गिरफ्तार और जेल में रहने पर शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को संवैधानिक पदों से हटाना अनिवार्य किया गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर अब तक कांग्रेस या किसी अन्य विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाया गया है।

उन्होंने कहा कि चुनावों में कथित तौर पर हुई वोट चोरी का आरोप लगाकर बिहार विधानसभा चुनाव जीतने की कंग्रेस की मंसा पूरी नहीं होगी। झूठा प्रचार चुनाव जीतने में कंग्रेस की मदद नहीं करेगा।

मयकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया कि देश के सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय और उनके संस्थान पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केरल के कोच्ची में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कंग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को भी आड़े हाथों लिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोच्चि में कंदाथिल परिवार की ओर से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कथित वोट चोरी और (एसआईआर) को लेकर कंग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अबतक कंग्रेस या किसी किसी अन्य विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गया है। उन्होंने कहा कि चुनावों में कथित तौर पर हुई वोट चोरी के संबंध में धुआंधार प्रचार करके बिहार विधानसभा चुनाव जीतने का कंग्रेस का लक्ष्य उसे चुनाव जीतने में मदद नहीं करेगा।

अमित शाह ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के प्रावधान वाले विध्यक को ल्कर भी कंग्रेस से सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि कंग्रेस की नैतिकता कहां है? जो उस कानून के पेश होने का कड़ा विरोध कर रही थी, जिसमें भ्रष्टाचार और आधिकारिक पदों के दुरुपयोग के आरोप में 30 दिनों से अधिक समय तक गिरफ्तार और जेल में रहने पर शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को संवैधानिक पदों से हटाना अनिवार्य कर दिया गया था। छत्तीसगढ़ में कथित धर्मांतरण में शामिल केरल की दो ईसाई ननों की गिरफ्तारी और बाद में ज़मानत का ज़िक्र करते हुए, गृह मंत्री ने देश के अल्पसंख्यकों को आश्वस्त किया कि वे ऐसी घटनाओं से आशंकित न हों। उन्होंने तथ्यों और आंकड़ों के साथ बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित देश के सभी राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग और उनके संस्थान पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## तमिलनाडु ...

की। तमिलनाडु के नेल्लई (तिरुनेलवेली) में भाजपा बूथ समिति सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने कई घोटाले किये हैं। भाजपा-अन्नाद्रमुक सहित राष्ट्रीय जनता दल (राजग) के सहयोगी तमिलनाडु में नई सरकार बनायेंगे। तमिलनाडु में भाजपा गठबंधन की सरकार आएगी। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारे राजग गठबंधन को 18 प्रतिशत वोट मिले और हमारे सहयोगी अन्नाद्रमुक को 21 फीसदी वोट मिले, अगर हम उन सभी को जोड़ दें, तो लगभग 39 प्रतिशत वोट राजग के पास हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि मैं सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त करता हूं। सी.पी. राधाकृष्णन देश के अगले उपराष्ट्रपति होंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु के लोगों और तमिल भूमि का सम्मान करने वाले व्यक्ति हैं। राजग ने ही अब्दुल कलाम को देश का राष्ट्रपति बनाया था। अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा करते हुए कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की जान ली थी। तब प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर को मंजूरी दी और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन महादेव में पहलगाम हमले के तीनों जिम्मेदार आतंकी मार गिराए गए। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पेश किया है। पूरा विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। इस विधेयक में लगातार 30 दिनों तक जेल में बंद रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को हटाने का प्रस्ताव है। यह विधेयक इसलिए पारित किया जा रहा है, क्योंकि जो लोग जेल जा सकते हैं, उन्हें सत्ता में नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इस विधेयक की आलोचना करने के योग्य नहीं हैं। अमित शाह ने कहा कि एमके स्टालिन चाहते हैं कि आगे चलकर उदयनिधि स्टालिन प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें। इसी तरह, सोनिया गांधी चाहती हैं कि राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनें। लेकिन जब भाजपा तक रहेगी, उनकी यह इच्छा पूरी नहीं होगी। अमित शाह ने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा, ''यह अफ़सोस की बात है कि मैं तमिल में नहीं बोल सकता। मैं अपने भाषण की शुरुआत वीर तमिलनाडु की धरती को नमन करके करूंगा।

## मेट्रो...

शासन के भ्रष्टाचार और देरी के कारण वे वर्षों तक रुकी रहीं। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से लगातार गैर-सहयोग और भूमि अधिग्रहण में विफलता ने इन परियोजनाओं को और अधिक लटका दिया।

नेता प्रतिपक्ष ने विशेष तौर पर सियालदह-एस्प्लानेड खंड और न्यू गड़िया-एयरपोर्ट मेट्रो कॉरिडोर (ऑरेंज लाइन) का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार की वजह से बार-बार रुकावट आई। आरोप लगाया कि चिंगरिघाटा जंक्शन पर वायाडक्ट निर्माण के लिए सभी इंतजाम होने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार से एनओसी महीनों से लंबित है, जबकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के व्यक्तिगत पत्र के बावजूद मंजूरी नहीं मिली। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेट्रो परियोजनाओं को गति मिली है। उनके अनुसार, यूपीए काल में पश्चिम बंगाल को औसतन 4,380 करोड़ की रेलवे फंडिंग मिलती थी, जो अब बढ़कर 13,955 करोड़ हो गई है। वर्तमान में राज्य में 83,765 करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी कोलकाता को विश्व स्तरीय मेट्रो कनेक्टिविटी दे रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केवल बहानेबाजी और उद्घाटन कार्यक्रमों के बहिष्कार तक सीमित रह गई हैं-

## दिल्ली ...

तभी राजेश सकरिया शिकायत देने के लिए कतार में लगा था। उसकी बारी आती उससे पहले ही वो एक शिकायतकर्ता से आगे निकलकर मुख्यमंत्री से मिला और उन्हें धक्का दे दिया। धक्का देने के बाद मुख्यमंत्री गिर गईं। हमले के बाद मुख्यमंत्री के कंधे और सिर पर हल्की चोटें आई थीं। आरोपित को घटनास्थल पर ही दबोच लिया गया।

पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि उसने जनता सुनवाई का पूरा वीडियो भी देखा था। पुलिस हमले की तह तक में जाने के लिए आरोपित के कनेक्शन की जांच कर रही है।

## फ्रांसीसी....

मंजूरी दे दी है।हालांकि, शुरुआती एएमसीए मॉडल में अमेरिका निर्मित जीई 414 इंजन का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन स्वदेशी इंजन का विकास होने के बाद लड़ाकू जेट इंजन तकनीक में आत्मनिर्भरता आएगी। इसी इंजन को एएमसीए मार्क-2 में एकीकृत करने की योजना है, जिसके 2030 के दशक की शुरुआत में सेवा में आने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज राजधानी में एक कार्यक्रम में पुष्टि कर दी कि भारत अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट इंजन विकसित करने के लिए फ्रांस की कंपनी सफ्रान के साथ साझीदारी करेगा। आज हम पांचवीं पीढ़ी का फाइटर एयरक्राफ्ट बनाने और एयरक्राफ्ट का इंजन भी भारत में ही बनाने की तरफ बढ़ चुके हैं। हम लोग फ्रेंच कंपनी सफ्रान के साथ इंजन मेकिंग का काम भारत में शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा तेजस एयरक्राफ्ट भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता का शानदार उदाहरण बनने वाला है। ऐसा नहीं है कि हमें इस काम में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है, मगर हमने यह तय किया है कि अब हम हर समस्या का समाधान निकालेंगे और भारत में फाइटर एयरक्राफ्ट बनाने की पूरी क्षमता जरूर खड़ी करेंगे।

बेहतरीन...

तैयार किया जाए। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्देश में मुख्यमंत्री ने सभी नगर निगमों में निवासियों के विविध कर बकाये में विसंगतियों के तत्काल समाधान पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभियान चलाकर लोगों से आपत्तियां आमंत्रित की जाएं और समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का यथोचित व संतुष्टिपरक समाधान कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नगर निकायों के पास अपना भवन होना चाहिए।

बैठक में नगर निकायों की वित्तीय स्वीकृति सीमाओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि बीते लगभग 20 वर्षों से इन सीमाओं में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 74वें संविधान संशोधन की भावना के अनुरूप नगर निकायों को अधिक वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार मिलने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि नगर आयुक्त, महापौर, कार्यकारिणी समिति तथा नगर निगम बोर्ड की वित्तीय स्वीकृति सीमाओं का तत्काल विस्तार किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने लखनऊ में शहीद चंद्रशेखर आज़ाद अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज एवं बहुउद्देश्यीय खेल परिसर की स्थापना के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को पीपीपी मोड पर प्राथमिकता के साथ प्रारम्भ किया जाए, जिससे प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिले और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हों।

## भारत...

विश्वविद्यालय सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के 174 शोधार्थियों तथा श्याम मिश्रा जैसे छात्रों ने घुसपैठ की समस्या से जुड़े विभिन्न विषयों पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए। यह सम्मेलन बहु-विषयक, बहु-क्षेत्रीय संवाद के लिए विद्वानों, नीति-निर्माताओं और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक साथ लाने में सफल रहा। कार्यक्रम में कुल 600 लोगों ने प्रतिभाग किया।

सीमा-विमर्श सम्मेलन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा के क्षेत्र में सीमा जागरण मंच ने अनगिनत क्रांतिकारी और दूरगामी कार्य किए हैं। उन्हें लगभग दो दशकों से मंच के साथ जुड़े रहने के कारण इसके योगदानों का प्रत्यक्ष अनुभव है। सीमा जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक मुरलीधर ने कहा कि देश के विकास में घुसपैठ बहुत बड़ी समस्या है। देश की जनता में यह समझ है कि देश की सुरक्षा केवल सेना और पुलिस की है, यह धारणा बदलनी चाहिए। सीमा जागरण मंच इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है कि देश में सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी और चुनौतियों की समझ हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति युवाओं को जागरूक हों, इसके लिए सीमा जागरण मंच अनेक प्रयास कर रहा है। देश की सीमाएं माता के वस्त्रों के समान होती हैं, उसकी रक्षा करना प्रत्येक पुत्र का कर्तव्य है।

कार्यक्रम के समापन सत्र में केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, हेमवती नंदन बहुगुणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीप्रकाश सिंह, भारतीय सामाजिक-विज्ञान अनुसंधान परिषद के सदस्य सचिव प्रो धनंजय सिंह, सीमा जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक मुरलीधर , लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) संजय कुलकर्णी, सीमा जागरण मंच, दिल्ली के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) नितिन कोहली, दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता महाविद्यालय प्रो बलराम पाणी, मोतीलाल नेहरू कॉलेज सांध्य के प्राचार्य प्रो संदीप गर्ग में उपस्थित रहे।

## केंद्रीय ...

सिंह ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कठुआ का दौरा किया, जहाँ उन्होंने घायलों से मुलाकात की। उन्होंने उनके स्वास्थ्य और प्रदान की जा रही चिकित्सा देखभाल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जीएमसी अधिकारियों और जिला प्रशासन को घायलों और उनके परिवारों के लिए सर्वोत्तम संभव उपचार और उचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. जितेंद्र सिंह को अवगत कराया कि पीड़ितों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएँ और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। डॉ. जितेंद्र सिंह के आश्वासन से प्रभावित परिवारों में उम्मीद जगी है। वहीं जो प्रभावित क्षेत्र अभी तक बिजली पानी से वंचित हैं, प्रशासन को निर्देश दिए गए कि शाम तक बिजली और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उसके अतिरिक्त प्रभावित जगहों पर रेस्टोरेशन के काम के साथ-साथ प्रोटेक्शन वॉल के भी निर्देश दिए गए। इसी बीच राहत सामग्री और भोजन की निजी साधनों से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई तथा लोगों को विश्वास दिलाया कि इस कठिन घड़ी में प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री खट्टर से की भेंट

■ आगामी कुंभ 2027 के लिए बुनियादी ढांचे के विकास लिए मांगा सहयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय केंद्रीय ऊर्जा और शहरी मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश, हरिद्वार और अन्य तीर्थ क्षेत्रों में आगामी कुंभ 2027 को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास और आवास योजनाओं सहित राज्य से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर केंद्र सरकार से सहयोग मांगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश के गंगा कॉरिडोर में एसटी/एलटी विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण और स्वचालन से जुड़े 547.83 करोड़ की डीपीआर को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्वीकृति मिलने पर केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। साथ ही हरिद्वार कुंभ क्षेत्र के लिए 315 करोड़ के समान प्रस्ताव को भी आरडीएसएस योजना में शामिल कर शीघ्र अनुमोदन की मांग की। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत श्वेत सूची और प्रतिदेय वाउचर प्रणाली के कारण निजी डेवलपर्स परियोजनाओं में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती 40:40:20 की चरणबद्ध भुगतान प्रणाली को पुनः लागू करने और योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में राज्य में एएचपी घटक के अंतर्गत 15960 आवासीय इकाइयों का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से 15281 इकाइयां लाभार्थियों को आवंटित की जा चुकी हैं। परंतु ईडब्ल्यूएस वर्ग के लाभार्थियों की असंगठित आय एवं कम सिबिल स्कोर के कारण अग्रणी बैंकों से ऋण सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी, एसएलबीसी और आरबीआई को इस विषय में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी योजना का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ऋषिकेश-गंगा, हरिद्वार-गंगा और टनकपुर स्थित शारदा रिवरफ्रंट को विश्वस्तरीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने टीएचडीसी की सीएसआर निधि से 100 करोड़ के सहयोग का अनुरोध किया और कहा कि यह प्रयास न केवल ''नमामि गंगे'' कार्यक्रम को बल देगा, बल्कि सतत पर्यटन और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होने पर उत्तराखंड आगामी कुंभ के भव्य, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील आयोजन के साथ-साथ आवास एवं आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई की ओर निश्चित ही आगे बढ़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने हर सम्भव सहयोग के लिए आश्वासन दिया।

# पद्मश्री प्रो. डॉ. बीकेएस संजय एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष नामित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. के. एस. संजय को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी का अध्यक्ष नामित किया है। एम्स संस्थान भारत में उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं रोगी देखभाल के लिए सर्वोच्च संस्थान माने जाते हैं। वर्तमान में देशभर में 19 एम्स कार्यरत हैं, जिनमें एम्स गुवाहाटी भी सम्मिलित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये नए एम्स संस्थान 'विकसित भारत मिशन' के आधार स्तंभ सिद्ध होंगे। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 26 मई 2017 को रखी गई थी। इस संस्थान की स्थापना पूर्वोत्तर भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने हेतु की गई थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास वर्तमान केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉ. भूपेंद्र कुमार सिंह संजय को पूर्वोत्तर राज्यों में उत्कृष्ट रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को सशक्त बनाने हेतु अध्यक्ष पद पर नामित किया है। प्रो. संजय एक अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अस्थि रोग विशेषज्ञ, क्लीनिकल शोधकर्ता, शिक्षाविद, लेखक, वक्ता, कवि और समाजसेवी हैं। उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए उनका नाम इंडिया, इंटरनेशनल, लिम्का और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा चुका है। उनके शोध कार्य जर्नल ऑफ बोन एंड जॉइंट सर्जरी, इंटरनेशनल ऑर्थोपीडिक्स, जर्नल ऑफ हैंड सर्जरी सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। डॉ. संजय ने अपनी बुनियादी ऑर्थोपीडिक शिक्षा कानपुर, पीजीआई चंडीगढ़ और सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्थोपीडिक्स, नई दिल्ली से प्राप्त की। उन्होंने स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, जापान, अमेरिका और रूस से ऑर्थोपीडिक्स की विभिन्न उप-विशेषज्ञताओं में उन्नत प्रशिक्षण और फैलोशिप भी प्राप्त की हैं। अपने 45 वर्षों के दीर्घ चिकित्सा करियर में उन्होंने भारत और विदेशों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वे 50 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं तथा जापान, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया और अमेरिका सहित कई देशों के विश्वविद्यालयों में अपने ज्ञान एवं अनुभव को साझा कर चुके हैं।

# भागलपुर के जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के फ्लैट पर छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। बिहार पुलिस की आर्थिक एवं साइबर अपराध प्रभाग की टीम ने शुक्रवार को भागलपुर के जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के भागलपुर के खंजरपुर समेत राज्य में उनके कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। आज सुबह से आरंभ हुई यह छापेमारी आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले को लेकर है। विनय सौरभ के विरुद्ध भ्रष्ट और अवैध तरीके से आय के स्रोतों से 1 करोड़ 43 लाख 78 हजार रुपये मूल्य की परिसंपत्ति अर्जित की है। जो उनके आय से करीब 188.23 प्रतिशत अधिक बताई गई है। इसी आरोप में आर्थिक अपराध थाना, पटना में 21 अगस्त 2025 को केस दर्ज की गई थी। सुरक्षा दृष्टिकोण से बरारी के खंजरपुर स्थित अभिनव एनक्लेव वाले विनय सौरभ के फ्लैट पर काफी संख्या में पुलिस जवानों को लगाया गया है। निबंधन कार्यालय के बाहर भी किसी को जवान प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। अंदर से कोई बाहर और बाहर से किसी को भी अंदर जाने की इजाजत वहां तैनात सुरक्षाकर्मी नहीं दे रहे हैं। प्रारंभिक छापेमारी में तीन करोड़ से अधिक अर्जित संपत्ति का पता चला है। अभिनव एनक्लेव स्थित फ्लैट से विभिन्न बैंकों और बीमा कंपनी से जुड़ी डिपाजिट स्कीम के दस्तावेज, बांड और जमीन, फ्लैट के भी दस्तावेज मिले हैं। टीम को सोने और हीरे जड़े जेवरात भी मिले हैं। टीम उनका मूल्यांकन कर रही है। छापेमारी को अंदर गई टीम अपने साथ नोट गिनती करने वाली मशीन भी अंदर ले गई है।

# यमुनोत्री: स्यानाचट्टी में कृत्रिम झील की जल निकासी तेज

■ मुख्यमंत्री धामी ने दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के यमुनोत्री मार्ग पर स्यानाचट्टी में मलबे से बनी कृत्रिम झील को खोलने के लिए पीडब्ल्यूडी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सिंचाई विभाग और अन्य एजेंसियां युद्धस्तर पर काम कर रही हैं। पिछले एक घंटे में झील का जलस्तर लगभग दो फीट कम हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन को जल निकासी के लिए चैनलाइजेशन और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सुरक्षित स्थानों में ठहराए गए लोगों के साथ ही स्यानाचट्टी के निवासियों के लिए भोजन, रसोई गैस, दवाइयों के साथ ही पेट्रोल व डीजल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने बताया कि वर्तमान में नदी के एक हिस्से से पानी की निकासी हो रही है। दलदल होने के कारण चैनेलाइजेशन करना अभी संभव नहीं हो पाया है। राहत और बचाव दल अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर तथा सिंचाई विभाग की टीम राफ्ट के जरिए ग्राउंड जीरो पर पहुंच गई हैं। वहीं, यमुना वैली के स्यानाचट्टी में मलबा आने से निर्मित झील को जल्द से जल्द खोलने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन, पीडब्ल्यूडी की टीमें मौके पर हैं। पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यमुनोत्री के विधायक संजय डोभाल व उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं मौके पर मौजूद हैं। जिलाधिकारी ने स्यानाचट्टी के लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। जल्द ही झील के पानी की निकासी कर दी जाएगी।

## पंजाब में केंद्रीय योजनाओं के कैंप लगाने पर पुलिस ने भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया

**चंडीगढ़।** पंजाब में चुनाव से पहले ही भारतीय जनता पार्टी और सत्तारूढ़ सरकार आमने–सामने हो गए हैं। राज्य में भाजपा की तरफ से गुरुवार को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए कैंप लगाए गए, लेकिन भाजपा की इस कार्रवाई को लेकर सरकार सख्त हो गई है। पुलिस ने प्रदेश भर में हजारों की संख्या में भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया है। पंजाब सरकार ने शुक्रवार को भाजपा का नाम लिए बगैर एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में पंजाब पुलिस को शिकायतें मिली हैं कि कुछ लोग एक विशेष राजनीतिक पार्टी से होने का दावा करते हुए न केवल लोगों का निजी डेटा एकत्र कर रहे हैं, बल्कि उनके सरकारी कार्य करवाने के लिए कमीशन के रूप में पैसे भी वसूल रहे हैं। कुछ नागरिकों ने यह भी शिकायत की है कि ऐसे व्यक्तियों ने स्वयं को एक खास राजनीतिक पार्टी से जुड़ा बताकर उनसे संपर्क किया और बहला–फुसलाकर उनके बैंक खाता नंबर ले लिए, जिसके बाद उनके बैंक खातों से सारे पैसे निकाल लिए गए।

## गांधी नगर में युवक ने की विधायक लवली के खिलाफ नारेबाजी, पकड़ा गया

नई दिल्ली। दिल्ली के गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंदर सिंह लवली शुक्रवार को क्षेत्र में सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने अचानक उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़ लिया। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अजीत नगर, गांधी नगर निवासी प्रवीण शर्मा (60) के रूप में हुई है। वह अजीत नगर में टीवी केबल का व्यवसाय करता है और खुद को पिछले 40 वर्षों से भाजपा का कार्यकर्ता बताता है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रवीण शर्मा सभा स्थल पर लगे बैरिकेड्स के पीछे वाली गली में खड़ा होकर नारे लगा रहा था। उसका कहना था कि उसकी आवाज़ मुख्यमंत्री तक पहुंचनी चाहिए।

# 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत शाहदरा में सत्या शर्मा ने चलाया सफाई अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने शुक्रवार को ''दिल्ली को कूड़े से आजादी'' अभियान के तहत शाहदरा उत्तरी एवं शाहदरा दक्षिणी क्षेत्रों में आयोजित संयुक्त सफाई अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सड़क पर झाड़ू लगाकर क्षेत्रवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की।

सत्या शर्मा ने इस अवसर पर शाहदरा मेट्रो स्टेशन से भोला नाथ नगर रोड पर निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना केवल निगम या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। अगर सब मिलकर अपने घर, गली और मोहल्ले को साफ रखेंगे तो दिल्ली वास्तव में कूड़े से आजाद होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही एक स्वस्थ समाज और सुंदर दिल्ली का निर्माण संभव है। शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे कूड़े को इधर-उधर न फैलाएं और निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का नियमित रूप से उपयोग करें। इस अवसर पर जोन चेयरमैन पुनीत शर्मा, शाहदरा उत्तरी के उपायुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा, शाहदरा दक्षिणी के उपायुक्त बादल कुमार सहित दोनों जोनों के वरिष्ठ अधिकारी और निगमकर्मी उपस्थित रहे।

# पंजाबी फिल्मों के कॉमेडियन जसविंदर भल्ला का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाबी फिल्मों के मशहूर कॉमेडियन जसविंदर भल्ला (65 वर्ष) का शुक्रवार सुबह चंडीगढ़ के निकट मोहाली में निधन हो गया। भल्ला बीमारी के चलते पिछले कई दिनों से मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती थे, जहां उन्होंने आज सुबह अंतिम सांस ली। जसविंदर भल्ला का अंतिम संस्कार 23 अगस्त को मोहाली में किया जाएगा। जसविंदर भल्ला पंजाबी कॉमेडी के उन कलाकारों में शुमार थे जिन्होंने अपना करियर दूरदर्शन के साप्ताहिक कार्यक्रमों से शुरू किया। जसविंदर भल्ला वर्ष 1989 में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में बतौर लेक्चरर भर्ती हुए। कृषि विश्वविद्यालय में सेवाएं देने के साथ-साथ उन्होंने थिएटर की दुनिया मे भी अपनी पकड़ मजबूत की। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का एक दौर ऐसा भी आया जब फिल्मी हीरो के मुकाबले जसविंदर भल्ला की डिमांड अधिक रही। जसविंदर भल्ला सरकारी नौकरी से वर्ष 2020 में सेवानिवृत हुए। उन्होंने वर्ष 1988 में पहली बार दूरदर्शन पर चाचा चतरा के किरदार के रूप में एंट्री की और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पिछले करीब दो दशक में शायद ही कोई पंजाबी फिल्म ऐसी आई होगी जिसमें जसविंदर भल्ला नहीं दिखाई दिए।

# राज्य के पहले सरकारी आधुनिक टीकाकरण केंद्र में सीडीओ ने कराया बेटे का टीकाकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव शाह ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में बनाए गए राज्य के पहले सरकारी आधुनिक टीकाकरण केंद्र में अपने डेढ़ माह के बेटे का टीकाकरण कराया है। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण रजीस्टर का अवलोकन करते हुए प्रतिदिन वैक्सीनेशन की जानकारी ली। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी की पहल पर अपने जनपद में राज्य का यह पहला आधुनिक टीकाकरण केंद्र बनाया गया है, जहां पर औसतन प्रतिदिन 40-50 बच्चों टीकाकरण किया जा रहा है। यहां पर बच्चों के खेलने की भी सुविधा, निगरानी रूम है। उन्होंने कहा कि बच्चों का समय पर टीकाकरण करवाना उनकी सेहत और सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। आधुनिक टीकाकरण केंद्र का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, उन्नत सुविधाओं से युक्त वातावरण में टीकाकरण सुनिश्चित करना और टीकाकरण कवरेज को शत-प्रतिशत तक पहुंचाना है। मुख्य विकास अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे बिना किसी हिचकिचाहट के अपने बच्चों को निर्धारित समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। उल्लेखनीय है कि जिले में स्थापित टीकाकरण केन्द्र आधुनिक एवं सुविधायुक्त बनाया गया है, जिसमें अब उच्च स्तरीय अधिकारी सहित कामकाजी महिला, पुरूष और अन्य जन, जो अपने बच्चों का टीकाकरण अब आधुनिक टीकाकरण केन्द्र में करा रहे हैं।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार आरोपित महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रही महिला अपराधी काजल को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि पकड़ी गई काजल को दो मामलों में कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) आदित्य गौतम के अनुसार फरवरी 2022 में क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि हसीना खातून उर्फ बाजी नाम की महिला हेरोइन की अवैध बिक्री कर रही है। जाकिर नगर स्थित जोगाबाई एक्सटेंशन में छापेमारी के दौरान पुलिस ने 387 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। पूछताछ में हसीना ने बताया कि यह नशीला पदार्थ उसे पालम गांवनिवासी काजल से मिला था। इसके बाद काजल को गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया, लेकिन जुलाई 2024 में बेटे की मृत्यु के कारण उसे 40 दिन की पैरोल दी गई थी। पैरोल खत्म होने पर भी वह वापस जेल नहीं लौटी और 18 जुलाई 2025 को कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त गौतम के अनुसार महिला को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को जिम्मा सौंपा गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले की जांच शुरु की। इस बीच 21 अगस्त को हेडकांस्टेबल परमानंद को सूचना मिली कि काजल डाबड़ी स्थित विजय एन्क्लेव में मौजूद है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063